# एडिटोरियल क्विज़



## अप्रैल 2025

| C-171/2, Block-A, Sector-15, Noida | 641, Mukherjee Nagar, Opp. Signature View Apartment, New Delhi | 21, Pusa Road, Karol Bagh New Delhi | Tashkent Marg, Civil Lines, Prayagraj, Uttar Pradesh | Tonk Road, Vasundhra Colony, Jaipur, Rajasthan | Burlington Arcade Mall, Burlington Chauraha, Vidhan Sabha Marg, Lucknow | 12, Main AB Road, Bhawar Kuan, Indore, Madhya Pradesh |
|---|---|---|---|---|---|---|

E-mail : care@groupdrishti.in
Phone: +91-87501-87501

# प्रश्न

**1. लोक लेखा समिति (PAC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे भारत सरकार अधिनियम, वर्ष 1919 में पहली बार उल्लेख के बाद वर्ष 1921 में पेश किया गया था, जिसे मोंटफोर्ड सुधार भी कहते हैं।
2. इसका गठन प्रत्येक वर्ष लोक सभा के प्रक्रिया एवं कार्य संचालन नियमों के अंतर्गत किया जाता है।
3. इसमें केवल पाँच वर्ष के कार्यकाल वाले लोकसभा सदस्य शामिल होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई भी नहीं

**2. अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष वर्ष 1957 में संयुक्त राष्ट्र के अंतर्गत विश्व के "शांति हेतु परमाणु" संगठन के रूप में की गई थी।
2. यह संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA) और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) दोनों को रिपोर्ट करता है और इसका मुख्यालय ऑस्ट्रिया के वियना स्थित संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में स्थित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**3. कपास की कृषि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कपास की खेती के लिये पालामुक्त दीर्घ अवधि और ऊष्म व धूप वाली जलवायु की आवश्यकता होती है।
2. जब गुलाबी बॉलवर्म (PBW) लार्वा कपास के बीजकोषों पर आक्रमण करते हैं, तो इससे कपास के पौधे कम कपास उत्पन्न करते हैं और उत्पादित कपास निम्न गुणवत्ता का होता है।
3. भारत कपास का सबसे बड़ा उत्पादक है, उसके बाद बांग्लादेश का स्थान है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**4. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** 'पंथनिरपेक्ष' पद को 42वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा प्रस्तावना में जोड़ा गया था।

**कथन-II:** अनुच्छेद 44 सरकार को समान नागरिक संहिता (UCC) के लिये प्रयास करने की अनुमति देता है और यह प्रस्तावना के पंथनिरपेक्ष शब्द द्वारा प्रतिबंधित नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सर्वोच्च न्यायालय (SC) के न्यायाधीश की नियुक्ति संविधान के अनुच्छेद 124 (2) के तहत राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
2. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा भारत के मुख्य न्यायाधीश और संबंधित राज्य के राज्यपाल के परामर्श के बाद की जाती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 — SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

3. न्यायिक नियुक्तियों के लिये एक नई प्रणाली स्थापित करने के लिये 99 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2014 और NJAC अधिनियम, 2014 पारित किये गए।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**6. प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक पात्रता-आधारित योजना है, जो नवीनतम सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (SECC) आँकड़ों द्वारा पहचाने गए लाभार्थियों को लक्षित करती है।
2. यह योजना पूर्णत: केंद्र सरकार द्वारा वित्तपोषित है।
3. PM-JAY के प्रभावी कार्यान्वयन के लिये सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) का गठन किया गया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**7. अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिकार केवल भारत के नागरिकों को उपलब्ध है, विदेशी नागरिकों को नहीं।
2. हालाँकि, इस अधिकार का प्रयोग अनुच्छेद 19(2) के तहत लगाए गए कुछ उद्देश्यों के लिये उचित प्रतिबंधों के अधीन है।
3. मेनका गांधी बनाम भारत संघ (1978) मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता राष्ट्रीय सीमाओं तक सीमित नहीं है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**8. समाचारों में प्राय: देखा जाने वाला शब्द 'मंदी' का सबसे अच्छा वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है:**

A. आर्थिक संकुचन की अवधि जो कम से कम दो लगातार तिमाहियों तक चलती है, जिसके साथ आमतौर पर नौकरियां छूटती हैं और मांग कम होती है।
B. ऐसी स्थिति जिसमें अर्थव्यवस्था एक वर्ष से अधिक समय तक निरंतर वृद्धि का अनुभव करती है।
C. एक ऐसा चरण जहां निवेशकों की घबराहट के कारण शेयर बाजार गिर जाता है।
D. एक परिदृश्य जहां मुद्रास्फीति अनियंत्रित रूप से बढ़ती है, जिसके परिणामस्वरूप अति मुद्रास्फीति होती है।

**9. हाल ही में निम्नलिखित में से किसके द्वारा वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट (ASER) 2024 जारी की गई ?**

A. NGO प्रथम
B. राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (NCERT)
C. नीति आयोग
D. शिक्षा मंत्रालय

**10. परिसीमन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. परिसीमन से तात्पर्य प्रत्येक राज्य में लोक सभा और विधान सभाओं के लिये सीटों की संख्या और प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएँ निर्धारित करने की प्रक्रिया से है।
2. लोकसभा की राज्यवार संरचना में परिवर्तन करने वाली अंतिम परिसीमन प्रक्रिया 1976 में पूरी हुई थी और यह 1971 की जनगणना के आधार पर की गई थी।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

11. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारत के सबसे नजदीक ईरान का समुद्री बंदरगाह है।
2. यह सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में मकरान तट पर स्थित है।
3. यह ओमान की खाड़ी में स्थित है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान उपरोक्त विवरण से सबसे अधिक मेल खाता है?**

A. चाबहार

B. बंदर अब्बास

C. खोर्रामशाहर

D. बुशेहर

12. **भारतीय दिवाला एवं शोधन अक्षमता बोर्ड (IBBI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. IBBI भारत में दिवालियापन कार्यवाही की देखरेख करने वाले नियामक प्राधिकरण के रूप में कार्य करता है।
2. IBBI के अध्यक्ष और तीन पूर्णकालिक सदस्य सरकार द्वारा नियुक्त किये जाते हैं और वे वित्त, कानून और दिवालियापन के क्षेत्रों के विशेषज्ञ होते हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

13. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** पूर्ण गरीबी एक ऐसी स्थिति है जहाँ व्यक्तियों के पास भोजन, आश्रय और स्वास्थ्य देखभाल जैसी बुनियादी आवश्कताओं को पूरा करने के लिये संसाधनों की कमी होती है, जिसे आमतौर पर गरीबी रेखा से मापा जाता है।

**कथन-II:** विश्व बैंक ने वर्ष 2017 क्रय शक्ति समता (PPP) का उपयोग करते हुए अंतर्राष्ट्रीय गरीबी रेखा के रूप में 2.15 अमेरिकी डॉलर को अपनाया।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I का सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है

14. **उपग्रह संचार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उपग्रह संचार में पृथ्वी पर स्थित बिंदुओं के बीच माइक्रोवेव के माध्यम से सूचना प्रेषित करने और रिले करने के लिये परिक्रमा करने वाले उपग्रहों और भू-स्टेशनों का उपयोग किया जाता है।
2. सैटकॉम सेवाओं में स्थलीय ब्रॉडबैंड की तुलना में विलंबता अधिक हो सकती है, लेकिन यह न्यूनतम भौतिक अवसंरचना के साथ व्यापक क्षेत्रों को कवर करने में सक्षम है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

15. **राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम (FRBM), 2003 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. FRBM अधिनियम, 2003 का उद्देश्य राजकोषीय घाटे को कम करने और राजकोषीय उत्तरदायित्व को बढ़ावा देने के लिये सरकार में वित्तीय समेकन स्थापित करना है।
2. अधिनियम के तहत, सरकार गंभीर आर्थिक तनाव, राष्ट्रीय सुरक्षा/युद्ध की स्थिति, राष्ट्रीय आपदा आदि के समय अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को सकल घरेलू उत्पाद के 0.5% तक बढ़ा सकती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

3. वर्ष 2012 में इसमें संशोधन करके 10% राजस्व घाटे की आवश्यकता को हटा दिया गया तथा इसके स्थान पर वर्ष 2015 तक 5% प्रभावी राजस्व घाटा अनिवार्य कर दिया गया।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**16. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. RBI की मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता बनाए रखना है।
2. संशोधित RBI अधिनियम, 1934 में प्रावधान है कि मुद्रास्फीति लक्ष्य (4% +-2%) भारत सरकार द्वारा, रिज़र्व बैंक के परामर्श से, प्रत्येक पंद्रह वर्ष में एक बार निर्धारित किया जाएगा।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**17. 'बोआओ फोरम फॉर एशिया (BFA)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक गैर-सरकारी और गैर-लाभकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो राष्ट्रीय सरकारों के नेताओं के बीच संवाद का मंच बन गया है।
2. BFA की स्थापना विश्व व्यापार संगठन (WTO) की तर्ज पर की गई है।
3. भारत बोआओ फोरम फॉर एशिया (BFA) का सदस्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**18. BIMSTEC के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. BIMSTEC न केवल दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया को जोड़ता है, बल्कि बृहत हिमालय और बंगाल की खाड़ी की पारिस्थितिकी को भी जोड़ता है।
2. म्याँमार, थाईलैंड और इंडोनेशिया BIMSTEC के सदस्य राष्ट्र हैं।
3. BIMSTEC मंत्रिस्तरीय बैठक में सदस्य देशों के विदेशी संबंधों से संबंधित मंत्री शामिल होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही *नहीं* है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**19. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** लोकतंत्र को समता, स्वतंत्रता, भेदभाव से सुरक्षा तथा जीवन और स्वतंत्रता की सुरक्षा के अधिकारों के माध्यम से अक्षुण्ण रखा जाता है।

**कथन-II:** लोकतंत्र को इस तथ्य से परिभाषित किया जा सकता है कि निर्वाचित नेता,चाहे उनकी राजनीतिक निष्ठा कुछ भी हो, उपांतिकीकृत और सुभेद्य समुदायों की सेवा किस प्रकार करते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**20. निम्नलिखित समितियों पर विचार कीजिये:**

1. अलघ समिति
2. लकड़ावाला समिति
3. तेंदुलकर समिति
4. रंगराजन समिति

**उपर्युक्त में से कितने भारत में निर्धनता का आकलन करने की विधियों से संबंधित हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**21. 'भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश को मुख्य न्यायाधीश (CJI) के रूप में नियुक्त किया जाता है।
2. मुख्य न्यायाधीश और सर्वोच्च न्यायालय के चार वरिष्ठतम न्यायाधीश (जिनसे मिलकर कॉलेजियम का गठन होता है), सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्तियों के संबंध में निर्णय लेते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**22. कैंसर रोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कैंसर शब्द का प्रयोग रोगों के एक समूह को वर्णित करने के लिये किया जाता है, जिसमें शरीर में असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि और प्रसार होना शामिल है।
2. केंद्रीय बजट 2024-25 में सरकार ने तीन कैंसर दवाओं अर्थात ट्रैस्टुजुमाब डेरक्सटेकन, ओसिमर्टिनिब और डुरवालुमैब पर सीमा शुल्क को समाप्त कर दिया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** मोर्टेलिटी-टू-इंसीडेंस अनुपात (MIR) अलग-अलग देशों के लिये कैंसर प्रबंधन परिणामों के एक व्यावहारिक संकेतक के रूप में कार्य कर सकता है।

**कथन-II:** MIR के तहत एक निर्दिष्ट अवधि में कैंसर से होने वाली मौतों (मृत्यु दर) की संख्या की तुलना, नए कैंसर मामलों (घटना) की संख्या से की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं लेकिन कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

24. **सिलीगुड़ी कॉरिडोर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे आमतौर पर "चिकन नेक" के नाम से जाना जाता है, भारत के पश्चिम बंगाल में स्थित भूमि की एक संकरी पट्टी है।
2. सिलीगुड़ी कॉरिडोर की सीमा नेपाल, बांग्लादेश और भूटान से लगती है।
3. यह आठ राज्यों वाले पूर्वोत्तर क्षेत्र (NER) को मुख्य भूमि भारत से जोड़ता है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

25. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वक्फ एक धर्मार्थ निधि है जिसमें कोई व्यक्ति धार्मिक या सामाजिक कल्याण के लिये अपनी संपत्ति दान करता है।
2. वक्फ बोर्ड एक कानूनी इकाई है जिसके पास संपत्ति अर्जित करने, रखने और हस्तांतरित करने का अधिकार है।
3. वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 के अनुसार, वक्फ रिकाड्‌र्स का निरीक्षण भारतीय न्याय संहिता (BNS), 2023 की धारा 75 द्वारा शासित होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

26. **प्रश्न 2. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:**

1. चीन
2. फ्राँस
3. रूस
4. इराक

**उपर्युक्त में से कितने संयुक्त व्यापक कार्य योजना (JCPOA) का हिस्सा नहीं हैं, जिसे ईरान परमाणु समझौते के रूप में भी जाना जाता है, जिस पर 2015 में हस्ताक्षर किए गए थे?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**संयुक्त व्यापक कार्य योजना (JCPOA):**

27. **प्रश्न 3. 'महिला आरक्षण अधिनियम, 2023' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान (106वाँ संशोधन) अधिनियम, 2023, लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधान सभा में महिलाओं के लिये एक तिहाई सीटें आरक्षित करता है।
2. इस अधिनियम द्वारा तीन नये अनुच्छेद अर्थात् 330A, 332A, और 334A जोड़े गये।
3. इस अधिनियम के अनुसार अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिये आरक्षित एक तिहाई सीटें महिलाओं को आवंटित की जाएँगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई नहीं

28. **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिये राष्ट्रीय रणनीति (NSAI) निम्नलिखित में से किसके द्वारा तैयार की जाती है?**

A. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
B. नीति आयोग
C. भारतीय रिज़र्व बैंक
D. विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

29. **वित्त आयोग (FC) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वित्त आयोग संवैधानिक निकाय हैं, जिनकी स्थापना अनुच्छेद 280 के तहत हर पाँच वर्ष में संघ और राज्यों के बीच वित्तीय संसाधनों के वितरण की अनुशंसा करने के लिये की जाती है।
2. वित्त आयोग द्वारा की गई अनुशंसाएँ सरकार के लिये बाध्यकारी हैं।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

30. **निम्नलिखित में से किस समिति ने त्रिभाषा फार्मूले की अनुशंसा की थी?**

A. कोठारी आयोग (1968)
B. हनुमंत राव समिति (1983)
C. पी.के. थुंगन समिति (1989)
D. एल.एम.सिंघवी समिति (1986)

31. **'मुद्रास्फीति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मौद्रिक मुद्रास्फीति तब होती है जब वस्तुओं और सेवाओं की मांग उनकी आपूर्ति से अधिक हो जाती है।
2. लागत-प्रेरित मुद्रास्फीति, वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन लागत में वृद्धि से प्रेरित होती है।
3. मांग-प्रेरित मुद्रास्फीति अक्सर अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि से जुड़ी होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

32. **'भारत के विनिर्माण क्षेत्र' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (PLI) की परिकल्पना भारत की घरेलू विनिर्माण क्षमता को बढ़ाने के लिये की गई थी।
2. ड्रोन और ड्रोन घटकों का विनिर्माण भारत को विनिर्माण केंद्र बनाने के लिये PLI योजना के माध्यम से लक्षित 14 क्षेत्रों में से एक है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

33. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नकद आरक्षित अनुपात वह ब्याज दर है जिस पर RBI वाणिज्यिक बैंकों को अल्पावधि के लिये ऋण देता है।
2. रिवर्स रेपो दर वह दर है जिस पर बैंक अपनी अधिशेष धनराशि RBI के पास जमा करते हैं।
3. बैंक दर वह दर है जिस पर RBI बैंकों और वित्तीय संस्थानों को दीर्घकालिक निधियाँ उपलब्ध कराता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

34. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** सौर, पवन, भूतापीय, बायोगैस, कम प्रभाव वाली जलविद्युत और कुछ योग्य बायोमास स्रोत सभी प्रमुख हरित ऊर्जा स्रोत हैं।

**कथन-II:** सतत् विकास और पर्यावरणीय प्रभाव को निम्न करने के लिये हरित ऊर्जा आवश्यक है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है, लेकिन कथन-II सही है।

**35. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) के निम्नलिखित प्रकारों पर विचार कीजिये:**

1. औद्योगिक श्रमिकों (IW) के लिये CPI
2. कृषि मज़दूर (AL) के लिये CPI
3. ग्रामीण मज़दूर (RL) के लिये CPI
4. CPI (ग्रामीण/शहरी/संयुक्त)

**उपर्युक्त में से कितने विवरण श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय के श्रम ब्यूरो द्वारा संकलित किये जाते हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**36. 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कक्षा 5 तक शिक्षा के माध्यम के रूप में मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषाओं के उपयोग को प्रोत्साहन देता है।
2. यह अनुसंधान संस्कृति और क्षमता को बढ़ाने के लिये राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना करता है।
3. यह योग्यता-आधारित और समग्र मूल्यांकन के लिये PARAKH की शुरुआत करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**37. राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) के तहत एक स्वायत्त निकाय है जो भारत में उच्च शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता का आकलन करने के लिये ज़िम्मेदार है।
2. इसने मान्यता प्राप्त करने के इच्छुक संस्थानों को सलाह देने के लिये वर्ष 2019 में 'परामर्श' नाम से एक योजना शुरू की।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1, न ही 2

**38. भारत में निम्नलिखित सेवाओं पर विचार कीजिये:**

1. तत्काल भुगतान सेवा (IMPS),
2. राष्ट्रीय स्वचालित समाशोधन गृह (NACH)
3. आधार भुगतान ब्रिज (APB) प्रणाली
4. राष्ट्रीय वित्तीय स्विच (NFS)

**उपर्युक्त सेवाओं में से कितनी सेवाएँ भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) की पहल हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**39. 'DNA प्रोफाइलिंग' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसमें प्रत्येक मनुष्य में पाए जाने वाले DNA के समान क्षेत्रों का विश्लेषण करके व्यक्तियों की पहचान की जाती है।
2. DNA के 0.1% परिवर्तनशील भाग में मौजूद शॉर्ट टेंडम रिपीट्स (STR) फोरेंसिक जाँच के लिये महत्त्वपूर्ण हैं।
3. DNA को रक्त, लार, वीर्य और अन्य शारीरिक तरल पदार्थों जैसे जैविक पदार्थों से निकाला जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**40. भारत में परमाणु ऊर्जा नियमन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962 के अंतर्गत परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (AERB) को परमाणु ऊर्जा पर विशेष प्राधिकार प्रदान किया गया है।
2. परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड (AERB) भारत के परमाणु उद्योग में सुरक्षा मानकों और अनुपालन की देखरेख के लिये ज़िम्मेदार है।
3. भारत ने परमाणु अप्रसार संधि (NPT) पर हस्ताक्षर नहीं किये हैं, लेकिन वह अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के वरित सुरक्षा उपायों का पालन करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**41. भारत में न्यायिक जवाबदेही के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सर्वोच्च न्यायालय ने 2015 में मूल संरचना सिद्धांत के उल्लंघन का हवाला देते हुए राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (NJAC) को रद्द कर दिया था।
2. NJAC में केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री को सदस्य के रूप में शामिल किया गया, जिनकी उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की नियुक्ति में भूमिका थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. थाईलैंड दक्षिण पूर्व एशिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है।
2. थाईलैंड दक्षिण पूर्व एशिया में भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।
3. भारत और थाईलैंड ने हाल ही में लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर विकसित करने के लिये एक समझौता ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**43. निम्नलिखित में से कौन सा कथन अमेरिका द्वारा वियतनाम, लाओस और कंबोडिया जैसे देशों पर टैरिफ लगाने के कारण का सबसे अच्छा वर्णन करता है?**

A. इन देशों का अमेरिका के साथ अधिशेष व्यापार है।
B. दक्षिण पूर्व एशिया से माल की डंपिंग को रोकना।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

C. चीन की रणनीति, अमेरिकी टैरिफ को दरकिनार करने के लिये विनिर्माण को विदेश में स्थानांतरित करना।

D. इन देशों में घरेलू उद्योगों को बढ़ावा देना।

**44. भारत की कनेक्टिविटी परियोजनाओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कलादान मल्टीमॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट परियोजना पूर्वोत्तर भारत को थाईलैंड से जोड़ती है।
2. भारत-म्याँमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग परियोजना का उद्देश्य भारत के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र को म्याँमार और थाईलैंड से जोड़ना है।
3. अगरतला-अखौरा रेल लिंक भारत और म्याँमार के बीच एक रेल संपर्क परियोजना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**45. दलबदल विरोधी कानून भारतीय संविधान की किस अनुसूची के अंतर्गत आता है?**

A. नौवीं अनुसूची

B. दसवीं अनुसूची

C. ग्यारहवीं अनुसूची

D. बारहवीं अनुसूची

**46. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** ब्रेटन वुड्स फ्रेमवर्क द्वितीय विश्व युद्ध के बाद मुद्रा स्थिरता प्रदान करने और वैश्विक आर्थिक सुधार को सुविधाजनक बनाने के लिये बनाया गया था।

**कथन-II:** ब्रेटन वुड्स ने विश्व बैंक और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) जैसी संस्थाओं की स्थापना का मार्ग प्रशस्त किया।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।

C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है, किंतु कथन-II सही है।

**47. लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. LLM को टेक्स्ट क्लासिफिकेशन, प्रश्नोत्तर और टेक्स्ट जनरेशन जैसे कार्यों के लिए डिज़ाइन किया गया है।
2. भाषा संबंधी कार्यों में परिशुद्धता सुनिश्चित करने के लिए LLM को छोटे डोमेन-विशिष्ट डेटासेट पर प्रशिक्षित किया जाता है।
3. LLM (लार्ज लैंग्वेज मॉडल) मानव भाषा में विद्यमान पैटर्न, संरचना और कनेक्शन का अनुसरण करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**48. अनुसंधान एवं विकास (R&D) व्यय के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत अपने सकल घरेलू उत्पाद का 1% से अधिक अनुसंधान एवं विकास (R&D) पर खर्च करता है।
2. अनुसंधान एवं विकास पर खर्च में निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी भारत की तुलना में चीन और अमेरिका में अधिक है।
3. भारत में निजी क्षेत्र का कुल अनुसंधान एवं विकास व्यय में 40% से भी कम का योगदान है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**49. 'भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC) के अधिवेशनों' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कॉन्ग्रेस का पहला अधिवेशन वर्ष 1885 में डब्ल्यू.सी. बनर्जी की अध्यक्षता में कलकत्ता में आयोजित किया गया था।
2. सैय्यद बदरुद्दीन तैयबजी कॉन्ग्रेस के पहले मुस्लिम अध्यक्ष थे।
3. जॉर्ज यूल, कॉन्ग्रेस के प्रथम अंग्रेज अध्यक्ष थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**50. इंद्रा साहनी केस (1992) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सर्वोच्च न्यायालय ने सरकारी नौकरियों में अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के लिए 27% आरक्षण को बरकरार रखा।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने उच्च जातियों के आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्गों के लिए 10% आरक्षण की अनुमति दी।
3. इस निर्णय में कहा गया कि असाधारण परिस्थितियों को छोड़कर कुल आरक्षण 50% से अधिक नहीं होना चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**51. राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयक के संबंध में राज्यपाल भारतीय संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत निम्नलिखित में से कौन सी कार्रवाई कर सकता है?**

1. विधेयक को स्वीकृति प्रदान करना।
2. स्वीकृति रोकना और विधेयक को पुनर्विचार के लिए वापस लौटाना।
3. विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखना।

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**52. पाक खाड़ी के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दक्षिण भारत और उत्तरी श्रीलंका के बीच स्थित एक संकीर्ण जल निकाय है।
2. इसकी दक्षिणी सीमा पर पंबन जलडमरूमध्य, रामेश्वरम द्वीप और एडम ब्रिज (राम सेतु) हैं।
3. इसकी पूर्वोत्तर सीमा पर पाक जलडमरूमध्य है जो पाक खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**53. मित्र शक्ति (संयुक्त सैन्य अभ्यास) एवं SLINEX (द्विपक्षीय नौसेना अभ्यास) निम्नलिखित में से किन देशों के बीच होते हैं?**

A. भारत और मालदीव
B. भारत और श्रीलंका
C. भारत और बांग्लादेश
D. भारत और म्यांमार

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

54. **भारत सरकार के बजट के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वार्षिक वित्तीय विवरण संविधान के अनुच्छेद 112 के अंतर्गत प्रस्तुत किया जाता है।
2. अनुदान मांगों पर लोकसभा और राज्यसभा दोनों द्वारा मतदान किया जाना आवश्यक है।
3. प्राप्ति बजट में राजस्व प्राप्तियाँ, पूंजीगत प्राप्तियाँ और बाह्य सहायता का विवरण शामिल होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

55. **ऑटोरिग्रैसिव मॉडल के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे पिछले शब्दों के अनुक्रम के आधार पर अगले शब्द का अनुमान लगाकर टेक्स्ट तैयार करते हैं।
2. LaMDA और जेमिनी (पूर्व में बार्ड) ऑटोरिग्रैसिव मॉडल के उदाहरण हैं।
3. ऑटोरिग्रैसिव मॉडल मुख्यत: मशीन अनुवाद कार्यों में उपयोग किये जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

56. **'भारत-श्रीलंका संबंधों' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सम्राट अशोक के पुत्र महेंद्र ने तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में श्रीलंका में बौद्ध धर्म की शुरुआत की, जिससे भारत और श्रीलंका के बीच सांस्कृतिक और धार्मिक संबंध स्थापित हुए।
2. दक्षिण भारत के चोल राजवंश ने 10वीं शताब्दी में श्रीलंका पर आक्रमण किया, जिससे उसकी कला, वास्तुकला और भाषा पर प्रभाव पड़ा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

57. **'लोकसभा अध्यक्ष' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

A. भारतीय संविधान के अनुच्छेद 93 में लोकसभा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों के निर्वाचन का प्रावधान है।
B. अध्यक्ष सदन का संवैधानिक और औपचारिक प्रमुख होता है।
C. भारत में लोकसभा अध्यक्ष की संस्था की स्थापना भारत शासन अधिनियम, 1935 के प्रावधानों के तहत हुई।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

58. **'भारत निर्वाचन आयोग की संरचना' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. निर्वाचन आयोग मुख्य निर्वाचन आयुक्त और ऐसे अन्य निर्वाचन आयुक्तों से मिलकर बना होता है जिन्हें राष्ट्रपति समय-समय पर नियुक्त करता है।
2. निर्वाचन आयुक्तों की सेवा की शर्तें एवं नियम भारत के राष्ट्रपति द्वारा निर्धारित किये जाते हैं।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**59. आधार संख्या जारी करने के लिये निम्नलिखित में से कौन सी संस्था ज़िम्मेदार है?**

A. नीति आयोग

B. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)

C. भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI)

D. राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC)

**60. गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम (NP-NCD) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कार्यक्रम 30 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों में मधुमेह, उच्च रक्तचाप तथा सामान्य कैंसर जैसे मौखिक, स्तन और गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर की जाँच पर केंद्रित है।
2. इसमें विभिन्न स्वास्थ्य सुविधा स्तरों पर कैंसर रोगियों के लिये NCD क्लीनिक, कार्डियक केयर यूनिट (CCU) और डे केयर सेंटर स्थापित करने का प्रावधान है।
3. आशा (मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता) और ANM (सहायक नर्स दाइयों) जैसे स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को NCD का शीघ्र पता लगाने, रोकथाम और प्रबंधन के लिये प्रशिक्षित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**61. रबींद्रनाथ टैगोर की उपलब्धियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. टैगोर को उनकी प्रसिद्ध कृति गीतांजलि के लिये वर्ष 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला।
2. उन्होंने वर्ष 1919 में जलियाँवाला बाग हत्याकांड के बाद अपनी नाइटहुड की उपाधि त्याग दी।
3. वह एक दार्शनिक और शिक्षाविद् थे जिन्होंने वर्ष 1921 में विश्वभारती विश्वविद्यालय की स्थापना की थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**62. भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस अधिवेशन के संबंध में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| सत्र वर्ष | महत्त्वपूर्ण घटना |
|---|---|
| 1. कलकत्ता (वर्ष 1906) | स्वराज, स्वदेशी, बहिष्कार और राष्ट्रीय शिक्षा पर प्रस्ताव पारित |
| 2. सूरत (वर्ष 1907) | कॉन्ग्रेस का उदारवादी और उग्रवादी में विभाजन |
| 3. कलकत्ता (वर्ष 1911) | राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का प्रथम गायन |
| 4. बॉम्बे (वर्ष1915) | सर एस.पी. सिन्हा अध्यक्ष बने |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने युग्म सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**63. भारत के राष्ट्रपति की विधायी शक्तियों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राष्ट्रपति धन विधेयक को संसद के पुनर्विचार के लिये लौटा सकता है।
2. यदि कोई साधारण विधेयक संसद द्वारा बिना किसी परिवर्तन के पुन: लौटा दिया जाता है और पारित कर दिया जाता है, तो राष्ट्रपति संवैधानिक रूप से उसे स्वीकृति देने के लिये बाध्य है।
3. भारतीय संविधान में राष्ट्रपति द्वारा किसी विधेयक को स्वीकृति देने के लिये कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की गई है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**64. भारत में मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. द्विध्रुवीय विकार एक मानसिक स्वास्थ्य समस्या है जिसमें लोग बारी-बारी से अवसाद और उन्माद का अनुभव करते हैं।
2. भारत अपने कुल स्वास्थ्य बजट का लगभग 5% मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिये आवंटित करता है।
3. राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग द्वारा मेडिकल छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर राष्ट्रीय टास्क फोर्स, 2024 रिपोर्ट जारी की गई है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही *नहीं* है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**65. भारत में आधिकारिक भाषाओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान की 8वीं अनुसूची में भारत गणराज्य की आधिकारिक भाषाओं की सूची दी गई है।
2. भारत के राष्ट्रपति भारतीय संविधान के अनुच्छेद 344 के तहत राजभाषा आयोग का गठन करते हैं।
3. संघ के राजकीय प्रयोजनों के लिये हिंदी और अंग्रेज़ी के प्रयोग को विनियमित करने के लिये संसद ने राजभाषा अधिनियम, 1963 अधिनियमित किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**66. निम्नलिखित में से कौन-सा MAHASAGAR विज़न का सर्वोत्तम वर्णन करता है?**

A. हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ब्लू इकॉनोमी को बढ़ावा देने के लिये ASEAN के नेतृत्व वाली समुद्री पहल।

B. यह एक भारतीय पहल है जिसका उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिये पारस्परिक और समग्र उन्नति को बढ़ावा देना है।

C. दक्षिण एशिया में जलवायु-लचीले तटीय बुनियादी ढाँचे के लिये संयुक्त राष्ट्र समर्थित कार्यक्रम।

D. हिंद महासागर के द्वीपीय देशों के बीच एक समुद्री सुरक्षा गठबंधन।

**67. हाल के भारत-श्रीलंका सहयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत और श्रीलंका ने विद्युत् आयात और निर्यात के लिये हाई वोल्टेज डायरेक्ट करंट (HVDC) इंटरकनेक्शन के कार्यान्वयन के लिये एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं।
2. भारत कोलंबो में थिरुकोनेश्वरम मंदिर और कैंडी में सेक्रेड सिटी कॉम्प्लेक्स परियोजना के विकास के लिये अनुदान सहायता प्रदान करेगा।
3. भारत-श्रीलंका ऊर्जा सहयोग के तहत त्रिंकोमाली में 120 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

68. **आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे भारत के लिये डिजिटल स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचा बनाने के उद्देश्य से वर्ष 2021 में लॉन्च किया गया था।
2. यह प्रत्येक नागरिक को अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को सुरक्षित रूप से प्रबंधित और साझा करने के लिये एक अद्वितीय 14-अंकीय आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (ABHA) संख्या प्रदान करता है।
3. ABDM पहचान सत्यापन और डिजिटल लेनदेन के लिये आधार और एकीकृत भुगतान इंटरफेस (UPI) बुनियादी ढाँचे का उपयोग करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

69. **आंतरिक प्रवास के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** प्रवासन को आम तौर पर लोगों के एक भौगोलिक स्थान से दूसरे स्थान पर आवागमन के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिसमें उनके निवास के सामान्य स्थान में परिवर्तन शामिल होता है।

**कथन-II:** पुल फैक्टर वे स्थितियाँ हैं जो व्यक्तियों को अपना निवास स्थान छोड़कर अन्यत्र जाने के लिये बाध्य या विवश करती हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है, किंतु कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, किंतु कथन-II सही है।

70. **राज्यपाल के पद के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान का भाग VI राज्यपाल की नियुक्ति, शक्तियों और कार्यों से संबंधित है।
2. राज्यपाल दोहरी भूमिका में कार्य करता है, एक तो वह राज्य का संवैधानिक प्रमुख होता है और दूसरा वह केंद्र का प्रतिनिधि होता है।
3. एक ही व्यक्ति को एक साथ दो या अधिक राज्यों का राज्यपाल नियुक्त नहीं किया जा सकता।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

71. **रेपो दर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रेपो दर वह ब्याज दर है जिस पर वाणिज्यिक बैंक केंद्रीय बैंक से ऋण लेते हैं।
2. रेपो लेन-देन में बैंक केंद्रीय बैंक को प्रतिभूतियाँ बेचते हैं और बाद में उन्हें उच्च मूल्य पर पुनर्खरीद करने के लिये सहमत होते हैं।
3. रेपो दर में वृद्धि से आमतौर पर उपभोक्ताओं को ऋण सस्ता मिलता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**72. राज्यसभा के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राज्यसभा या द्वितीय सदन की उत्पत्ति वर्ष 1909 के मॉर्ले-मिंटो सुधारों से मानी जाती है।
2. भारतीय संविधान की अनुसूची VI राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों (UT) को राज्यसभा में सीटों के आवंटन से संबंधित है।
3. इसके द्वारा संसद को केंद्र और राज्यों दोनों के लिये सामान्य नई अखिल भारतीय सेवाएँ निर्मित करने हेतु अधिकृत किया जा सकता है (अनुच्छेद 312)।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई नहीं

**73. भारत के संविधान के अनुसार राज्य कार्यकारिणी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राज्य कार्यकारिणी में राज्यपाल, मुख्यमंत्री, मंत्रिपरिषद और भारत के महान्यायवादी शामिल होते हैं।
2. राज्यपाल, राज्य का मुख्य कार्यकारी प्रमुख होता है लेकिन वह नाममात्र या संवैधानिक प्रमुख के रूप में कार्य करता है।
3. भारतीय संविधान के भाग VI में राज्य कार्यपालिका की संरचना, शक्तियों और कार्यों का उल्लेख किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई नहीं

**74. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत और चीन ने वर्ष 1954 के पंचशील समझौते के आधार पर वर्ष 1950 में राजनयिक संबंध स्थापित किये।
2. भारत ने पाक अधिकृत कश्मीर (PoK) में चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (CPEC) को लेकर संप्रभुता संबंधी चिंताओं का हवाला देते हुए चीन की बेल्ट एंड रोड पहल में शामिल होने से इनकार कर दिया है।
3. भारत, चीन के प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिये क्षेत्रीय कनेक्टिविटी नेतृत्व का दावा करने हेतु भारत-मध्य पूर्व-यूरोप कॉरिडोर और SAGAR रणनीति जैसे विकल्पों को बढ़ावा दे रहा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

**75. प्रश्न 5. 'विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना 1961 में खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO) और संयुक्त राष्ट्र आर्थिक एवं सामाजिक परिषद (UNESC) द्वारा की गई थी।
2. यह संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समूह (UNSDG) का भी सदस्य है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही *नहीं* है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**76. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 345 राज्य विधानमंडल को अपने सभी या किसी भी राजकीय प्रयोजन के लिये किसी भी क्षेत्रीय भाषा या हिंदी को अपनाने का अधिकार देता है।
2. राष्ट्रपति किसी भाषा को राज्य की आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता दे सकते हैं, यदि उस राज्य का पर्याप्त अनुपात चाहता है कि भाषा को मान्यता दी जाए।
3. संविधान में प्रावधान है कि राज्यों के बीच तथा राज्य और संघ के बीच संचार के लिये संघ की राजभाषा का प्रयोग किया जाएगा।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही *नहीं* है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

77. **भारत में राज्य विधानमंडल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राज्यपाल राज्य विधानमंडल का एक हिस्सा है और वह राज्य विधानमंडल के किसी भी सदन को बुला सकता है या स्थगित कर सकता है।
2. संसद अनुच्छेद 368 के अंतर्गत संवैधानिक संशोधन द्वारा किसी राज्य की विधान परिषद का गठन या उन्मूलन कर सकती है।
3. एकसदनीय विधायिका में, राज्य विधानमंडल में केवल राज्यपाल और विधानसभा शामिल होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

78. **उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CPI समय के साथ उपभोक्ताओं द्वारा वस्तुओं और सेवाओं की एक टोकरी के लिये भुगतान की गई औसत खुदरा कीमतों में परिवर्तन को मापता है।
2. भारत में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) की गणना वर्ष 2012 को आधार वर्ष मानकर की जाती है।
3. मौद्रिक नीति समिति (MPC) मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिये उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) को एक प्रमुख उपकरण के रूप में उपयोग करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

79. **राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (NIA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NIA भारत की केंद्रीय आतंकवाद-रोधी विधि प्रवर्तन एजेंसी है, जिसका कार्य भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता को प्रभावित करने वाले अपराधों की जाँच करना है।
2. NIA का गठन विधि विरुद्ध क्रिया-कलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के तहत किया गया था।
3. NIA को किसी राज्य में आतंकवाद से संबंधित अपराधों की जाँच करने के लिये संबंधित राज्य सरकार से पूर्व अनुमति लेनी होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

80. **बाज़ार स्थिरीकरण योजना (MSS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. MSS को वर्ष 2004 में मौद्रिक प्रबंधन के साधन के रूप में प्रस्तुत किया गया था।
2. MSS के अंतर्गत, RBI अधिशेष चलनिधि को अवशोषित करने के लिये दीर्घकालिक सरकारी प्रतिभूतियों का विक्रय करता है।
3. MSS के माध्यम से जुटाई गई नकदी को भारत की समेकित निधि के बजाय एक अलग सरकारी खाते में धारित किया जाता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**81. भारत में परिसीमन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. परिसीमन से तात्पर्य प्रत्येक राज्य में लोकसभा और विधान सभाओं के लिये सीटों की संख्या और प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएँ निर्धारित करने की प्रक्रिया से है।
2. परिसीमन से संबंधित प्रावधान भारतीय संविधान के अनुच्छेद 82 और 170 में उल्लिखित हैं।
3. वर्ष 2002 के 84वें संशोधन अधिनियम के तहत निर्वाचन क्षेत्रों के पुन: समायोजन पर रोक को वर्ष 2026 तक बढ़ा दिया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**82. निम्नलिखित रिपोर्टों पर विचार कीजिये:**

1. वैश्विक प्रतिस्पर्द्धात्मकता सूचकांक
2. वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक
3. ऊर्जा संक्रमण सूचकांक
4. वैश्विक जोखिम रिपोर्ट

**उपर्युक्त में से कितनी रिपोर्टें विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा जारी की जाती हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**83. अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइलों (ICBM) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ICBM को मुख्य रूप से परमाणु हथियार ले जाने के लिये डिजाइन किया गया है; हालाँकि, इनमें रासायनिक या जैविक हथियारों सहित अन्य प्रकार के हथियार ले जाने की भी क्षमता है।
2. अग्नि-V भारत की ठोस ईंधन वाली अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM) है, जिसकी परिचालनात्मक मारक क्षमता अनुमानत: 7,000 से 10,000 किलोमीटर के बीच है।
3. ICBM को केवल स्थलीय प्लेटफॉर्म से ही प्रक्षेपित किया जा सकता है, पनडुब्बियों से नहीं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**84. जलवायु से संबंधित निम्नलिखित बहुपक्षीय कोषों पर विचार कीजिये:**

1. ग्रीन क्लाइमेट फंड (GCF)
2. वैश्विक पर्यावरण सुविधा (GEF)
3. अनुकूलन निधि (AF)
4. ग्लोबल रिजिलियेंस फंड (GRF)

**उपर्युक्त में से कितने कोष जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC) द्वारा स्थापित नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

85. **मौद्रिक नीति समिति (MPC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. MPC का गठन भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45ZB के तहत 2016 में संशोधन के माध्यम से किया गया था।
2. MPC का प्राथमिक कार्य केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित मुद्रास्फीति लक्ष्य को प्राप्त करने के लिये आवश्यक नीति दर निर्धारित करना है।
3. MPC द्वारा की गई सिफारिशें सलाहकारी प्रकृति की हैं तथा भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) पर बाध्यकारी नहीं हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

86. **प्रत्यर्पण प्रक्रियाओं में निम्नलिखित में से कौन-से सिद्धांत अपनाए जाते हैं?**

1. दोहरी आपराधिकता का सिद्धांत
2. निष्पक्ष सुनवाई का प्रावधान
3. केवल अनुरोधित अपराध के लिये प्रत्यर्पण
4. प्रथम दृष्टया साक्ष्य की आवश्यकता के बिना प्रत्यर्पण

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 1, 2 और 3
C. 1, 2, 3 और 4
D. केवल 1 और 3

87. **बीजिंग घोषणा और कार्रवाई मंच, जो प्राय: समाचारों में रहता है, संबंधित है:**

A. पर्यावरण संरक्षण और संधारणीयता
B. लैंगिक समानता और महिला सशक्तीकरण
C. वैश्विक आर्थिक स्थिरता
D. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विनियम

88. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ये विशाल प्रागैतिहासिक श्वानीय जीव थे जो लगभग 13,000 वर्ष पूर्व विलुप्त हो गए थे।
2. ये मूलत: दक्षिणी कनाडा और अमेरिका से थे।
3. वे बाइसन और अश्व जैसे बड़े जीवों का शिकार करते थे और संभवत: शिकार के अभाव और मानवीय हस्तक्षेप के कारण विलुप्त हो गए।

**निम्नलिखित में से कौन-सी प्रजाति उपर्युक्त विवरण से सर्वाधिक सुमेलित होती है?**

A. डायर वुल्फ
B. ग्रे वुल्फ
C. आर्कटिक भेड़िया
D. अफ्रीकी वन्य श्वान

89. **प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण (PSL) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह RBI द्वारा निर्धारित एक अनिवार्य शर्त है जिसके तहत बैंकों को अपने ऋणों का एक निश्चित हिस्सा उन प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को आवंटित करना होता है, जो ऋण की कमी का सामना कर रहे हैं
2. भारत के हाल ही में संशोधित PSL दिशा-निर्देशों में नवीकरणीय ऊर्जा को एक निर्दिष्ट श्रेणी के रूप में शामिल किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

90. **राष्ट्रीय महत्त्वपूर्ण खनिज मिशन (NCMM) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मिशन में खनिज अन्वेषण, खनन, लाभकारी, प्रसंस्करण और अंतिम उत्पादों से पुनर्प्राप्ति सहित सभी चरणों को शामिल किया जाएगा।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

2. यह "होल ऑफ गवर्मेंट" दृष्टिकोण अपनाएगा तथा विभिन्न मंत्रालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSU), निजी कंपनियों और अनुसंधान संस्थानों के साथ मिलकर काम करेगा।
3. महत्त्वपूर्ण खनिजों के भंडार विकसित करने के इसके प्रावधान यह सुनिश्चित करेंगे कि भारत के पास भविष्य की मांगों को पूरा करने के लिये पर्याप्त भंडार मौजूद रहे।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/ हैं ?**

A. केवल एक
B. सिर्फ दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**91. प्रायः समाचारों में आने वाले शब्द मंदी का सबसे अच्छा वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है:**

A. तीव्र आर्थिक विकास और विस्तार का काल।
B. कम से कम दो लगातार तिमाहियों तक अर्थव्यवस्था के कुल उत्पादन में गिरावट, रोज़गार की क्षति और मांग में कमी।
C. ऐसा समय जब शेयर बाज़ार में अभूतपूर्व लाभ देखने को मिलता है।
D. मुद्रास्फीति में अचानक वृद्धि के कारण जीवन-यापन की लागत में वृद्धि होती है।

**92. निम्नलिखित में से कौन सी संघवाद की विशेषताएँ हैं ?**

1. शक्तियों का पृथक्करण
2. लिखित संविधान
3. स्वतंत्र न्यायपालिका
4. दोहरी सरकार

**नीचे दिये गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1
D. 1, 2, 3 और 4

**93. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) और भारतीय बैंक संघ द्वारा संदाय और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 के प्रावधानों के तहत की गई थी।
2. इसे कंपनी अधिनियम 2013 के प्रावधानों के अंतर्गत "लाभ रहित" कंपनी के रूप में शामिल किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**94. वक्फ के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह किसी मुस्लिम व्यक्ति द्वारा धर्मार्थ या धार्मिक उद्देश्यों के लिये किये गए दान को संदर्भित करता है, जैसे मस्जिद, स्कूल, अस्पताल या अन्य सार्वजनिक संस्थान का निर्माण।
2. यह अविभाज्य है, अर्थात इसे बेचा, उपहार में, विरासत में या भारग्रस्त नहीं किया जा सकता।
3. वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025, के माध्यम से वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन किया गया, जिससे सरकार को वक्फ संपत्तियों को विनियमित करने और संबंधित विवादों को निपटाने की सुविधा मिलेगी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**95. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सरकारिया आयोग ने सिफारिश की थी कि राज्यपालों की नियुक्ति मुख्यमंत्री से परामर्श के बाद की जानी चाहिये।
2. पुंछी आयोग ने सिफारिश की थी कि राज्यपालों को विधेयकों पर एक निश्चित समय-सीमा (आरक्षित विधेयकों के लिये छह माह की समय-सीमा) के भीतर कार्रवाई करनी चाहिये।
3. वेंकटचलैया आयोग ने सुझाव दिया कि राज्यपालों की नियुक्ति एक समिति द्वारा की जानी चाहिये।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

96. **प्राय: समाचारों में आने वाले पद "डी-डॉलराइज़ेशन" का सर्वोत्तम वर्णन किस प्रकार किया जा सकता है?**

A. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और आरक्षित निधियों में अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिये देशों द्वारा अन्य मुद्राओं का उपयोग।

B. अमेरिकी सरकार द्वारा वैश्विक बाज़ारों में डॉलर का प्रचलन बढ़ाने की प्रक्रिया।

C. वैश्विक व्यापार के लिये अमेरिकी डॉलर के स्थान पर क्रिप्टोकरेंसी का उपयोग करने के लिये कंपनियों द्वारा अपनाई गई एक वित्तीय रणनीति।

D. केंद्रीय बैंकों द्वारा अमेरिकी डॉलर के उपयोग को समाप्त करने और पूर्ण रूप से डिजिटल मुद्रा में परिवर्तन करने का प्रयास।

97. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** एक पौधे के परागकोश से दूसरे पौधे के वर्तिकाग्र तक पराग कणों के स्थानांतरण को पर-परागण कहा जाता है।

**कथन-II:** एक संकर बीज एक ही पौधे की विभिन्न किस्मों के बीच नियंत्रित पर परागण द्वारा उत्पादित किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

98. **निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| हाइड्रोजन के प्रकार | उत्पादन |
|---|---|
| 1. ग्रीन हाइड्रोजन | नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग करके जल के इलेक्ट्रोलिसिस द्वारा उत्पादित |
| 2. ब्राउन हाइड्रोजन | कोयले के उपयोग द्वारा उत्पादित |
| 3. ब्लू हाइड्रोजन | प्राकृतिक गैस से उत्पादित |

**उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

99. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** सर्वोच्च न्यायालय के अनुसार, अनुच्छेद 200 के अंतर्गत "पूर्ण वीटो" या "पॉकेट वीटो" की कोई अवधारणा नहीं है और राज्यपाल विधेयकों पर कार्रवाई में अनिश्चित काल तक देरी नहीं कर सकते हैं।

**कथन-II:** न्यायालय के अनुसार, राज्यपाल मंत्रिपरिषद की सलाह पर कार्य करने के लिये बाध्य होते हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही स्पष्टीकरण है।

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II सही नहीं है।

D. कथन-I सही नहीं है लेकिन कथन-II सही है।

100. **प्राय: समाचारों में उल्लिखित तीस्ता नदी निम्नलिखित में से किस नदी की सहायक नदी है?**

A. गंगा

B. ब्रह्मपुत्र

C. कृष्णा

D. गोदावरी

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**101. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने सार्वजनिक जल संसाधनों के लिये वर्ष 1927 में महाड़ सत्याग्रह का नेतृत्व किया।
2. उन्होंने तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भाग लिया।
3. उन्होंने दलित वर्गों के लिये पृथक निर्वाचिका के विचार को त्यागने के लिये महात्मा गांधी के साथ वर्ष 1932 में पूना समझौते पर हस्ताक्षर किये।

**निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्तित्व उपर्युक्त विवरण से सबसे अधिक सुमेलित है?**

A. डॉ. बी.आर. अंबेडकर
B. सरदार वल्लभभाई पटेल
C. जवाहरलाल नेहरू
D. सुभाष चंद्र बोस

**102. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 200 के अनुसार, राज्यपाल विधेयक को स्वीकृति दे सकते हैं, स्वीकृति रोक सकते हैं, या विधेयक को पुनर्विचार के लिये राज्य विधानमंडल को वापस भेज सकते हैं।
2. अनुच्छेद 201 के अनुसार, यदि राज्यपाल किसी विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखता है, तो उस मामले पर अंतिम निर्णय राष्ट्रपति का होगा।
3. अनुच्छेद 207 के अनुसार, राज्य के राज्यपाल की सिफारिश के बिना विधानसभा में कोई भी धन विधेयक प्रस्तुत नहीं किया जा सकता।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं/ हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**103. राज्यपाल के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राज्यपाल के रूप में नियुक्त व्यक्ति को संसद के किसी भी सदन या राज्य विधानमंडल के किसी भी सदन का सदस्य नहीं होना चाहिये।
2. जब किसी व्यक्ति को दो या अधिक राज्यों के लिये राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया जाता है, तो वेतन और भत्ते उन राज्यों के बीच उस अनुपात में साझा किये जाते हैं जिसे संसद द्वारा निर्धारित किया जाता है।
3. यदि किसी वर्तमान सांसद या विधायक को राज्यपाल नियुक्त किया जाता है, तो यह माना जाएगा कि राज्यपाल का पद ग्रहण करने की तिथि से ही उन्होंने विधानमंडल में अपना स्थान रिक्त कर दिया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**104. 'बौद्ध धर्म' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. महायान बुद्ध की दिव्यता और बुद्ध तथा बोधिसत्त्वों की मूर्ति पूजा में विश्वास करता है, जो बुद्ध प्रकृति को दर्शाते हैं।
2. इसकी उत्पत्ति उत्तर भारत और कश्मीर में हुई थी और फिर इसका प्रसार मध्य एशिया, पूर्वी एशिया तथा दक्षिण-पूर्व एशिया के कुछ भागों में हुआ।
3. थेरवाद महायान का एक संप्रदाय है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**105. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह किसी विशेष अवधि के दौरान औद्योगिक क्षेत्र में उत्पादन के स्तर को दर्शाता है, जिसकी तुलना एक आधार वर्ष (2011-12) से की जाती है।
2. केंद्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO) मासिक आधार पर औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) के संकलन और प्रकाशन के लिये ज़िम्मेदार होता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

3. यह खनन जैसे व्यापक क्षेत्रों और बुनियादी वस्तुओं जैसे उपयोग-आधारित क्षेत्रों के अंतर्गत उद्योग समूहों की वृद्धि दर को मापता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**106. डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम (DPDPA), 2023 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह व्यक्ति की स्पष्ट सहमति प्राप्त करने के पश्चात ही व्यक्तिगत डेटा के प्रसंस्करण की अनुमति दी जाती है।
2. यह व्यक्ति को अपने व्यक्तिगत डेटा तक पहुँचने, उसे सुधारने और हटाने का अधिकार प्रदान करता है।
3. यह अधिनियम केवल कुछ संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा के लिये डेटा स्थानीयकरण का प्रावधान करता है, न कि सभी व्यक्तिगत डेटा के लिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**107. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (DPDP) अधिनियम, 2023 की धारा 44(3) के माध्यम से सूचना का अधिकार (RTI) अधिनियम, 2005 की धारा 8(1)(j) में संशोधन किया गया।

**कथन II:** DPDP अधिनियम के माध्यम से RTI अधिनियम की धारा 8(1)(j) में किये गए संशोधन से 'लोक हित' अपवाद को हटा दिया गया, जिससे यह विचार किये बिना कि क्या यह लोक हित में है, व्यक्तिगत जानकारी को विधारित करना सरल हो गया।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।
C. कथन-I सही है, परन्तु कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, परन्तु कथन-II सही है।

**108. निम्नलिखित समितियों पर विचार कीजिये:**

1. न्यायमूर्ति वर्मा समिति (2012)
2. मार्गरेट अल्वा समिति (1987)
3. गीता मुखर्जी समिति (1996)
4. लोढ़ा समिति (2015)

**उपर्युक्त समितियों में से कितनी महिला सशक्तीकरण/कल्याण से संबंधित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**109. डॉ. बी.आर. अंबेडकर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उन्होंने संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया और स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री बने।
2. उन्होंने अनुच्छेद 32 को "संविधान की आत्मा और उसका हृदय" बताया।
3. वर्ष 1932 का पूना समझौता बी.आर. अंबेडकर और गांधी जी के बीच दलित वर्गों के राजनीतिक प्रतिनिधित्व के संबंध में एक समझौता था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**110. भारत के महान्यायवादी के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 76 के तहत, उसे सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त होने के लिये योग्य होना चाहिये।
2. महान्यायवादी की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा केंद्रीय मंत्रिमंडल की सलाह पर की जाती है।
3. वह सरकार को कानूनी मामलों पर परामर्श देता है और राष्ट्रपति द्वारा सौंपे गए कानूनी प्रकृति के कर्त्तव्यों का पालन करता है

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**111. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान का भाग XVI संसद और राज्य विधानसभाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिये सीटों के आरक्षण से संबंधित है।
2. संविधान (77 वाँ संशोधन) अधिनियम, 1995 द्वारा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिये पदोन्नति में आरक्षण को सक्षम करने के लिये अनुच्छेद 16(4A) जोड़ा गया।
3. भारत के संविधान में पंचायती राज संस्थाओं और नगर पालिकाओं में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिये सीटों के आरक्षण का प्रावधान है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**112. निम्नलिखित में से कौन मुद्रास्फीति को सबसे अच्छे तरह से परिभाषित करता है?**

A. यह उत्पाद के आकार या मात्रा में कमी है, जबकि कीमत स्थिर रहती है।
B. यह समय के साथ कीमतों में सामान्य वृद्धि के कारण क्रय शक्ति की क्रमिक हानि है।
C. यह वस्तुओं और सेवाओं के सामान्य मूल्य स्तर में गिरावट है।
D. यह बढ़ती कीमत की दर में कमी है।

**113. चंद्रयान-3 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक तीन-चरणीय मिशन है जिसमें एक प्रोपल्शन मॉड्यूल, एक लैंडर मॉड्यूल और एक रोवर मॉड्यूल शामिल हैं।
2. SHAPE (स्पेक्ट्रो-पोलरिमेट्री ऑफ हैबिटेबल प्लैनेट अर्थ) पेलोड को चंद्र कक्षा से पृथ्वी के वर्णक्रमीय और पोलरिमेट्रिक माप का अध्ययन करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
3. चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल का नाम प्रज्ञान है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**114. परिसीमन आयोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक उच्चस्तरीय तीन सदस्यीय निकाय है, जिसके आदेश कानून के समान बल रखते हैं तथा किसी भी न्यायालय में उन पर प्रश्न नहीं उठाया जा सकता।
2. इसके आदेश लोक सभा और राज्य विधान सभाओं में प्रस्तुत किये जाते हैं, लेकिन उन्हें संशोधित नहीं किया जा सकता।
3. मुख्य चुनाव आयुक्त आयोग का पदेन सदस्य होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

115. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** भारत के इलेक्ट्रिक वाहन लक्ष्य का लक्ष्य वर्ष 2030 तक इलेक्ट्रिक गतिशीलता को बढ़ावा देना है, जिसमें 80% दोपहिया और तिपहिया वाहन और 30% निजी कारें शामिल हैं।

**कथन-II:** इन लक्ष्यों को प्राप्त करने से आर्थिक गतिविधि को बढ़ावा देने, वायु प्रदूषण को कम करने और ऊर्जा सुरक्षा में सुधार करने में मदद मिल सकती है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I की की व्याख्या करता है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या नहीं करता है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

116. **पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम (पेसा), 1996 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पेसा अधिनियम संविधान के भाग IX को अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तारित करने के लिये अधिनियमित किया गया था।
2. पाँचवीं अनुसूची असम, मेघालय, त्रिपुरा और मिज़ोरम को छोड़कर अन्य राज्यों के अनुसूचित क्षेत्रों और अनुसूचित जनजातियों पर लागू होगी।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

117. **भारतीय संविधान के अनुच्छेद 142 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 142 सर्वोच्च न्यायालय को अपने समक्ष लंबित किसी भी मामले में पूर्ण न्याय करने के लिये आवश्यक कोई भी डिक्री या आदेश पारित करने का अधिकार प्रदान करता है।
2. यूनियन कार्बाइड मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि पूर्ण न्याय सुनिश्चित करने के लिये उसके पास संसद द्वारा बनाए गए कानूनों को रद्द करने का अधिकार है।
3. सर्वोच्च न्यायालय बार एसोसिएशन बनाम भारत संघ मामले में न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 142 का उद्देश्य मौजूदा कानूनों को निरस्त करना नहीं है बल्कि उनका पूरक बनना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

118. **ए.के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य (1950) मामले के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह मामला मूल रूप से संविधान के भाग III के तहत निवारक निरोध के संदर्भ में अनुच्छेद 21 की व्याख्या से संबंधित था।
2. इसमें सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अनुच्छेद 21 कार्यकारी एवं विधायी दोनों प्रकार की कार्रवाइयों के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

119. **'रेपो दर' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रेपो दर एक मौद्रिक नीति उपकरण है जिसका उपयोग केंद्रीय बैंक द्वारा मुद्रा आपूर्ति को विनियमित करने, मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने और आर्थिक विकास को प्रभावित करने के लिये किया जाता है।
2. कम रेपो दर बैंकों के लिये उधार लेने की लागत को बढ़ाती है जिससे उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिये ब्याज दरें बढ़ जाती हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

3. उच्च रेपो दर बैंकों के लिये ऋण सस्ता बनाती है, जिससे उधारकर्त्ताओं के लिये ब्याज दरें कम हो जाती हैं, जो बदले में अर्थव्यवस्था में उधार लेने और व्यय को बढ़ावा देती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई नहीं

**120. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्रीष्मकाल के दौरान तिब्बती पठार के तीव्र तापन से कम दाब का क्षेत्र निर्मित होता है, जो दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन में सहायक होता है।
2. भारतीय ग्रीष्मकालीन मानसून के दौरान उपोष्णकटिबंधीय जेट स्ट्रीम (STJ) तीव्र हो जाती है, जिससे मानसून आगे बढ़ जाता है।
3. दक्षिण हिंद महासागर (मेडागास्कर के पूर्व से उत्तर-पूर्व तक) में एक स्थायी उच्च दाब सेल भारतीय उपमहाद्वीप की ओर मानसूनी पवनों के प्रवाह में सहायता करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई नहीं

**121. 'नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (CAA), 2019' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह अधिनियम 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश से भारत में प्रवेश करने वाले हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनियों, पारसियो व ईसाइयों को नागरिकता प्रदान करता है।
2. यह छह समुदायों (हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई) के सदस्यों को विदेशी अधिनियम, 1946 और पासपोर्ट अधिनियम, 1920 के तहत किसी भी आपराधिक मामले से छूट देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**122. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह पश्चिमी प्रशांत महासागर का एक हिस्सा है जो दक्षिण पूर्व एशियाई मुख्य भूमि के समीप स्थित है।
2. इसकी सीमा चीन, ताइवान, फिलीपींस, मलेशिया, इंडोनेशिया, ब्रुनेई और वियतनाम से लगती है।
3. यह लुज़ोन जलडमरूमध्य द्वारा फिलीपीन सागर से जुड़ा हुआ है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा जल निकाय उपर्युक्त सभी विशेषताओं से मेल खाता है?**

A. पूर्वी चीन सागर
B. दक्षिण चीन सागर
C. सुलु सागर
D. पीला सागर

**123. गैरकानूनी गतिविधियाँ रोकथाम अधिनियम (UAPA), 1967 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विधेयक राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (NIA) को पूरे देश में UAPA के तहत मामलों की जाँच और मुकदमा चलाने का अधिकार देता है।
2. यह विधेयक संदिग्धों को बिना किसी आरोप या सुनवाई के 180 दिनों तक हिरासत में रखने की अनुमति देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

124. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I:** अल नीनो की विशेषता यह है कि मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर का तापमान बढ़ता है, जो वैश्विक मौसम पैटर्न को बाधित करता है।

**कथन-II:** मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर के गर्म होने से व्यापारिक पवनें कमज़ोर हो जाती हैं, जिससे शीत जल के ऊपर उठने में कमी आती है, जो वायुमंडलीय परिसंचरण को प्रभावित करता है और वैश्विक स्तर पर मौसम की स्थिति बदल जाती है।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है, लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है।

125. **नाबार्ड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना बी. शिवरामन समिति की सिफारिशों के बाद की गई थी।
2. यह क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRB) और सहकारी बैंकों की निगरानी करता है, उनके संचालन में सुधार का समर्थन करता है तथा कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (CBS) नेटवर्क के साथ उनके एकीकरण को सुनिश्चित करता है।
3. नाबार्ड के संचालन की देखरेख नाबार्ड अधिनियम, 1981 के अनुसार भारत सरकार द्वारा गठित निदेशक मंडल द्वारा की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई नहीं

126. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान में मुख्यमंत्री की नियुक्ति की प्रक्रिया स्पष्ट रूप से निर्धारित की गई है।
2. संविधान के अनुच्छेद 164 में कहा गया है कि मुख्यमंत्री की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाएगी।
3. संविधान में मुख्यमंत्री की नियुक्ति से पहले विधानसभा में बहुमत साबित करने का प्रावधान नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई नहीं

127. **वन हेल्थ ज्वाइंट प्लान ऑफ एक्शन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे क्वाड्रिपार्टाइट द्वारा लॉन्च किया गया था जिसमें FAO, UNEP, WHO और WOAH शामिल हैं।
2. यह योजना वर्ष 2022 से 2026 तक लागू है तथा वैश्विक, क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों को संबोधित करती है।
3. वन हेल्थ फ्रेमवर्क को लागू करने के लिये एक पायलट प्रोजेक्ट उत्तर प्रदेश में लॉन्च किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई नहीं

128. **ओलिव रिडले कछुओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वे शाकाहारी समुद्री कछुए हैं जो अपने सामूहिक घोंसला बनाने के लिये जाने जाते हैं।
2. इन कछुओं को IUCN रेड लिस्ट में सुभेद्य के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
3. वे केवल हिंद महासागर में पाए जाते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई नहीं

**129. मुद्रास्फीति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में मुद्रास्फीति को मुख्य रूप से उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) और थोक मूल्य सूचकांक (WPI) का उपयोग करके मापा जाता है।
2. अति मुद्रास्फीति से तात्पर्य सामान्य मूल्य स्तर में मध्यम एवं नियंत्रित वृद्धि से है, जो सामान्यत: वार्षिक 5% से कम होती है।
3. मांगजनित मुद्रास्फीति तब होती है जब कुल आपूर्ति कुल मांग से अधिक हो जाती है, जिससे कीमतों पर ऊपर की ओर दबाव पड़ता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई नहीं

**130. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) ने वर्ष 2025 को "इयर ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI)" घोषित किया है।
2. लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) सक्रिय AI की सुविधा प्रदान करते हैं जो न केवल डेटा उत्पन्न करता है बल्कि मूल्यवान अंतर्दृष्टि भी प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**131. किसी राज्य के राज्यपाल की वित्तीय शक्तियों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राज्यपाल यह सुनिश्चित करते हैं कि वार्षिक वित्तीय विवरण (राज्य बजट) राज्य विधानमंडल के समक्ष प्रस्तुत किया जाए।
2. धन विधेयक राज्य विधानमंडल में केवल राज्यपाल की पूर्व सिफारिश से ही प्रस्तुत किया जा सकता है।
3. राज्यपाल को अप्रत्याशित व्यय के लिये राज्य की संचित निधि से अग्रिम राशि देने का अधिकार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीनों

D. कोई नहीं

**132. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मंडल आयोग की स्थापना वर्ष 1979 में हुई थी और इसने सरकारी नौकरियों और शैक्षणिक संस्थानों में अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC) के लिये 27% आरक्षण की अनुशंसा की थी।
2. सर्वोच्च न्यायालय ने इंद्रा साहनी मामले (1992) में 27% OBC आरक्षण को असंवैधानिक घोषित किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**133. भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC) और भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में इसकी भूमिका के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कॉन्ग्रेस ने 1929 में अपने लाहौर अधिवेशन में पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव अपनाया।
2. 1907 का सूरत विभाजन ब्रिटिश शासन के खिलाफ विरोध के तरीकों को लेकर उदारवादियों और उग्रपंथियों के बीच मतभेद के कारण हुआ।
3. कॉन्ग्रेस ने 1920 में महात्मा गांधी के नेतृत्व में असहयोग आंदोलन शुरू किया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**134. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. AI का तात्पर्य कंप्यूटर प्रणालियों द्वारा मानव बुद्धि प्रक्रियाओं जैसे सीखना, तर्क करना और समस्या समाधान का अनुकरण करना है।
2. भारत की राष्ट्रीय कृत्रिम बुद्धिमत्ता रणनीति को वर्ष 2018 में नीति आयोग द्वारा सभी क्षेत्रों में AI को अपनाने को बढ़ावा देने के लिये लॉन्च किया गया था।
3. आरोग्य सेतु ऐप (Aarogya Setu app) ने COVID-19 महामारी के दौरान संपर्क ट्रेसिंग और जोखिम मूल्यांकन के लिये AI का उपयोग किया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**135. निम्नलिखित में से किस के कारण हीटवेव की उत्पत्ति और तीव्रीकरण होता है?**

1. शुष्क वायुमंडलीय परिस्थितियाँ सौर विकिरण को दिन के समय धरातल को अधिक प्रभावी ढंग से ऊष्मित करने तथा रात में तेज़ी से बाहर निकलने का अवसर देती हैं, जिससे तापमान में तीव्र वृद्धि होती है।
2. स्पष्ट और मेघ रहित आकाश से अधिकतम सौर विकिरण पृथ्वी की सतह पर पहुँचती है, जिससे सतह का तापमान अत्यधिक बढ़ जाता है।
3. वृहद् आयाम वाले प्रतिचक्रवाती परिसंचरण में नीचे की ओर अवतलित होती हुई वायु शामिल होती है जो रुद्धोष्म रूप से संपीड़ित होकर गर्म होती है, जिससे सतह का तापमान बढ़ जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

**136. विश्व व्यापार संगठन (WTO) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. मारकेश समझौते के तहत गठित WTO, टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौते (GATT) का परवर्ती संगठन है।
2. इसमें वस्तुओं, सेवाओं और बौद्धिक संपदा का व्यापार शामिल है, लेकिन बौद्धिक संपदा अधिकारों को लागू करने के लिये कोई औपचारिक विधि तंत्र नहीं है।
3. TRIMS (व्यापार-संबंधित निवेश उपाय) और AoA (कृषि पर समझौता) विश्व व्यापार संगठन के प्रमुख समझौतों में से हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**137. राजमन्नार समिति (1969) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह केंद्र-राज्य संबंधों की समीक्षा करने वाली पहली राज्य-स्तरीय पहल थी।
2. समिति ने पुन: संघीय संतुलन स्थापित करने हेतु अंतर्राज्यीय परिषद (ISC) का सुदृढ़ीकरण करने का आह्वान किया।
3. इसमें वित्तीय संसाधनों के आवंटन में संशोधन तथा राजकोषीय मामलों में राज्यों को अधिक स्वायत्तता प्रदान करने का सुझाव दिया गया।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**138. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान के अनुच्छेद 341 में राज्यपाल के परामर्श से राष्ट्रपति द्वारा अनुसूचित जाति (एससी) की पहचान का प्रावधान है।
2. पंजाब राज्य बनाम दविंदर सिंह (2024) मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने पिछड़ेपन के आधार पर अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों को कोटा के अंतर्गत उप-वर्गीकृत करने की राज्यों की शक्ति को बरकरार रखा।
3. न्यायमूर्ति रामचंद्र राजू आयोग, 1997 ने अनुसूचित जातियों को चार श्रेणियों में विभाजित करने और प्रत्येक समूह के लिये अलग से आरक्षण आवंटित करने की सिफारिश की थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**139. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह सर्वोच्च न्यायालय को मौजूदा कानूनों से आगे जाने तथा आवश्यकता पड़ने पर पूर्ण न्याय सुनिश्चित करने के लिये कार्यकारी या विधायी भूमिका निभाने का अधिकार देता है।
2. यह प्रावधान सर्वोच्च न्यायालय को सार्वजनिक हित, मानवाधिकार, संवैधानिक मूल्यों या मौलिक अधिकारों से जुड़े मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार देता है।

**भारतीय संविधान के कौन से अनुच्छेद सर्वोच्च न्यायालय से संबंधित उपर्युक्त प्रावधानों का वर्णन करते हैं?**

A. अनुच्छेद 142

B. अनुच्छेद 143

C. अनुच्छेद 144

D. अनुच्छेद 145

**140. K2-18b ग्रह के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी खोज NISAR उपग्रह (नासा-इसरो सिंथेटिक अपर्चर रडार) द्वारा की गई थी।
2. यह सौरमंडल के बाहर के ग्रहों की एक श्रेणी से संबंधित है जो पृथ्वी से बड़ा है लेकिन नेपच्यून से छोटा है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

**141. निम्नलिखित में से किस निर्णय ने पुष्टि की कि धार्मिक संस्थाओं को अनुच्छेद 26 के तहत स्वतंत्र रूप से अपने मामलों का प्रबंधन करने का अधिकार है, जब तक कि वे सार्वजनिक व्यवस्था के विपरीत गतिविधियों में संलग्न न हों?**

A. शिरूर मठ बनाम आयुक्त, हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती, मद्रास मामला, 1954

B. रतिलाल पानाचंद गांधी बनाम बॉम्बे राज्य मामला, 1954

C. पन्नालाल बंसीलाल पित्ती बनाम आंध्र प्रदेश राज्य मामला, 1996

D. स्टैनिस्लॉस बनाम मध्य प्रदेश राज्य मामला, 1977

**142. जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (JWST) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. JWST विभिन्न अंतरिक्ष एजेंसियों के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय सहयोग है और वर्तमान में यह सन-अर्थ L2 लैग्रेंज बिंदु पर स्थित है।
2. यह अब तक निर्मित सबसे बड़ा, सबसे शक्तिशाली अवरक्त अंतरिक्ष दूरबीन है और हबल दूरबीन का उत्तराधिकारी है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

143. **WHO महामारी समझौते के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस समझौते का प्राथमिक उद्देश्य महामारियों की रोकथाम, तैयारी और प्रतिक्रिया करना है।
2. 'वन हेल्थ' दृष्टिकोण मानव स्वास्थ्य, पशु स्वास्थ्य और पर्यावरणीय कारकों के बीच अंतर्संबंध पर ज़ोर देता है।
3. यह समझौता महामारी-संबंधी उत्पादों के लिये बौद्धिक संपदा अधिकारों (IPR) के स्थायी त्याग को अनिवार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

144. **नाटो के विस्तार के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. नाटो (NATO) की ओपन-डोर पॉलिसी किसी भी यूरोपीय देश को सदस्यता के लिये आवेदन करने की अनुमति देती है, बशर्ते मौजूदा सदस्य देशों के बीच सहमति हो।
2. "पार्टनरशिप फॉर पीस" कार्यक्रम की शुरुआत गैर-सदस्य देशों के साथ सहयोग को बढ़ावा देने के लिये की गई थी।
3. इंटरनेशनल सिक्योरिटी असिस्टेंस फोर्स (ISAF) इराक में नहीं, बल्कि अफगानिस्तान में नाटो के नेतृत्व वाला मिशन था।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

145. **भारत के संविधान संशोधन की प्रक्रिया के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान संशोधन की प्रक्रिया अनुच्छेद 368 में वर्णित है।
2. संविधान के कुछ प्रावधानों में संशोधन के लिये कम-से-कम आधे राज्य विधानमंडलों की स्वीकृति आवश्यक होती है।
3. राष्ट्रपति संविधान संशोधन विधेयक को अपनी स्वीकृति देने से इनकार नहीं कर सकते।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

146. **मध्य प्रदेश के बौद्ध स्थलों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. साँची के स्तूप का निर्माण मूलत: अशोक द्वारा करवाया गया था तथा बाद में शुंग और सातवाहन काल में इसका विस्तार किया गया।
2. भरहुत स्तूप विशेष रूप से अपनी विस्तृत वर्णनात्मक नक्काशी और खरोष्ठी लिपि में शिलालेखों के लिये प्रसिद्ध है।
3. मध्य प्रदेश में स्थित बौद्ध स्थल देउर कोठार, अशोक युग के शिलालेखों और स्तूपों से जुड़ा हुआ है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**147. 'भारत के सर्वोच्च न्यायालय' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 131 के तहत दो या दो से अधिक राज्यों के बीच विवादों में सर्वोच्च न्यायालय को मूल अधिकारिता प्राप्त है।
2. न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिये कॉलेजियम प्रणाली की स्थापना 99वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2014 द्वारा की गई थी।
3. उच्चतम न्यायालय की न्यायिक समीक्षा की शक्ति संविधान के अनुच्छेद 13 में स्पष्ट रूप से उल्लेखित है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**148. 'भारत में संघवाद' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान को "अर्द्ध-संघीय" या "एकात्मक पूर्वाग्रह वाला संघीय" के रूप में वर्णित किया गया है।
2. संघ और राज्यों के बीच शक्तियों का विभाजन संविधान की सातवीं अनुसूची में प्रदान किया गया है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**149. प्रश्न 7.'राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा अधिकार (IPR) नीति 2016' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका उद्देश्य रचनात्मकता एवं नवाचार को बढ़ावा देना, भारत के IPR इकोसिस्टम को मज़बूत करना और विकासात्मक आवश्यकताओं को संतुलित करते हुए वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाना है।
2. इस नीति का प्रशासन आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा किया जाता है, जिसका उद्देश्य बौद्धिक संपदा अधिकार के प्रवर्तन के लिये एक एकल नोडल एजेंसी बनाने पर है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**150. 'बिम्सटेक' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2022 में अपनाया गया बिम्सटेक चार्टर संगठन को कानूनी व्यक्तित्व प्रदान करता है और सहयोग के लिये एक रूपरेखा तैयार करता है।
2. वर्ष 2025 में बैंकॉक में आयोजित छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में वर्ष 2030 तक क्षेत्रीय सहयोग का मार्गदर्शन करने के लिये विज़न 2030 दस्तावेज़ को मंज़ूरी दी गई।
3. बिम्सटेक ने अंतर-क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देने के लिये सदस्य देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते (FTA) को सफलतापूर्वक लागू किया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**151. 'एशियाई-अफ्रीकी सम्मेलन' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एशियाई-अफ्रीकी सम्मेलन (जिसे बांडुंग सम्मेलन के नाम से भी जाना जाता है) वर्ष 1955 में इंडोनेशिया में आयोजित किया गया था।
2. इस सम्मेलन का उद्देश्य अफ्रीकी-एशियाई आर्थिक एवं सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देना तथा उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद का विरोध करना था।
3. गुटनिरपेक्ष आंदोलन की औपचारिक स्थापना बांडुंग सम्मेलन के दौरान हुई थी।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**152. 'राजा राम मोहन राय' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. राजा राम मोहन राय ने भारत में एकेश्वरवाद और सामाजिक सुधारों को बढ़ावा देने के लिये वर्ष 1828 में ब्रह्म समाज की स्थापना की थी।
2. वह सती प्रथा के उन्मूलन के प्रबल समर्थक थे और उन्होंने वर्ष 1829 में ब्रिटिश शासन के तहत इस पर प्रतिबंध लगाने में प्रमुख भूमिका निभाई थी।
3. उन्होंने कोलकाता में हिंदू कॉलेज की स्थापना की, जो बाद में प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय बन गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**153. भारत के सॉलिसिटर जनरल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सॉलिसिटर जनरल की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
2. सॉलिसिटर जनरल का कार्यकाल पाँच वर्ष निर्धारित है।
3. सॉलिसिटर जनरल मुख्य रूप से सर्वोच्च न्यायालय में भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**154. भारत की संवैधानिक प्रणाली के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान के भाग III के अंतर्गत मूल अधिकार न्यायालयों द्वारा न्यायोचित और प्रवर्तनीय हैं।
2. राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व (DPSP) न्यायपालिका द्वारा विधिक रूप से प्रवर्तनीय हैं।
3. भारतीय संविधान में संघ स्तर पर द्विसदनीय विधायिका का प्रावधान है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**155. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NDMA की स्थापना आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के तहत की गई थी और इसकी अध्यक्षता भारत के प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है।
2. NDMA भारत में आपदा प्रबंधन के लिये नीतियाँ, योजनाएँ और दिशा-निर्देश निर्धारित करने के लिये ज़िम्मेदार है।
3. कुल 12 आपदाओं को अधिसूचित आपदा के रूप में वर्गीकृत किया गया है, जैसे चक्रवात, अनावृष्टि और भूकंप आदि।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**156. हीटवेव के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में, लगातार दो दिनों तक अधिकतम तापमान 45°C से अधिक रहने पर भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) द्वारा हीटवेव की घोषणा की जाती है।
2. हीटवेव मुख्यत: ग्लोबल वार्मिंग के कारण होती है और इसका प्राकृतिक मौसम पैटर्न से कोई संबंध नहीं है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

3. हीट इंडेक्स के अंतर्गत तापमान और आर्द्रता को ध्यान में रखते हुए, ग्रीष्म लहर के दौरान होने वाली असुविधा का आकलन किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**157. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लागत-प्रेरित मुद्रास्फीति उत्पादन की लागत, जैसे मज़दूरी या कच्चे माल में वृद्धि के कारण होती है।
2. मुद्रास्फीतिजनित मंदी से तात्पर्य उच्च मुद्रास्फीति के साथ-साथ कम आर्थिक विकास और उच्च बेरोज़गारी की स्थिति से है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**158. 'म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन रिपोर्ट 2025' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रिपोर्ट का शीर्षक "बहुध्रुवीकरण" है, जो वैश्विक शक्ति संरचना के अधिक प्रभावशाली अभिकर्त्ताओं की ओर स्थानांतरित होने के परिणामों का विश्लेषण करती है।
2. रिपोर्ट में वैश्विक संकटों से निपटने के लिये प्रमुख शक्तियों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने हेतु एक आवश्यक कदम के रूप में "विध्रुवीकरण" की अवधारणा को प्रस्तुत किया गया है।
3. म्यूनिख सुरक्षा सूचकांक 2025 से पता चलता है कि G-7 देश, BICS देशों की तुलना में बहुध्रुवीय विश्व की संभावनाओं के बारे में समान रूप से आशावादी हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**159. भारत में राष्ट्रपति शासन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. राष्ट्रपति शासन भारतीय संविधान के अनुच्छेद 356 के अंतर्गत लगाया जाता है।
2. राष्ट्रपति शासन की घोषणा को दो महीने के अंदर संसद के दोनों सदनों द्वारा अनुमोदित किया जाना आवश्यक होता है।
3. राष्ट्रपति शासन अधिकतम दो वर्ष की अवधि के लिये लगाया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**160. राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस नीति में पूर्ववर्ती 10+2 प्रणाली के स्थान पर नई 5+3+3+4 पाठ्यचर्या प्रणाली लागू की गई है।
2. NEP 2020 द्वारा त्रिभाषा नीति के तहत हिंदी को अनिवार्य भाषा के रूप में अनिवार्य किया गया है।
3. NEP 2020 का लक्ष्य उच्च शिक्षा में सकल नामांकन अनुपात (GER) को वर्ष 2035 तक 50% तक बढ़ाना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

161. **भारत के संविधान में उल्लिखित भाषाओं के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
1. संविधान की आठवीं अनुसूची में हिंदी, तमिल और बंगाली सहित 22 अनुसूचित भाषाएँ सूचीबद्ध हैं।
2. संविधान में यह प्रावधान है कि सभी राज्यों को अनुसूचित भाषाओं में से किसी एक को अपनी आधिकारिक भाषा के रूप में अपनाना होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

162. **भारत के निर्वाचन आयोग (ECI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
1. भारत में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिये भारत निर्वाचन आयोग अनुच्छेद 324 के तहत स्थापित एक संवैधानिक निकाय है।
2. ECI संसद, राज्य विधानसभाओं और राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति के पदों के लिये चुनाव कराने के लिये जिम्मेदार है।
3. निर्वाचन आयोग मतदाताओं को उम्मीदवारों के आपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी उपलब्ध कराने के लिये 'अपने उम्मीदवार को जानें' (केवाईसी) ऐप संचालित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

163. **हिंदू कुश क्षेत्र के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
1. हिंदू कुश उत्तर में अमु दरिया घाटी को दक्षिण में सिंधु नदी घाटी से अलग करता है।
2. आर्कटिक और अंटार्कटिका के बाद, बर्फ और हिम की प्रचुर मात्रा के कारण इस क्षेत्र को 'तृतीय ध्रुव' कहा जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

164. **गलवान घाटी की भौगोलिक अवस्थिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
1. गलवान घाटी भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC) पर केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में स्थित है।
2. यह घाटी गलवान नदी द्वारा निर्मित है, जो काराकोरम रेंज से निकलती है और श्योक नदी में मिल जाती है।
3. गलवान घाटी पैंगोंग त्सो झील के दक्षिण में स्थित है।

**उपरोक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

165. **न्यायमूर्ति के.एस. पुट्टस्वामी (सेवानिवृत्त) बनाम भारत संघ (2018) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**
1. सर्वोच्च न्यायालय ने अनुच्छेद 21 के अंतर्गत निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार माना।
2. न्यायालय के निर्णय ने निजता के अधिकार पर प्रतिबंधों के आकलन के लिये वैधता, वैध उद्देश्य और आनुपातिकता के त्रिस्तरीय परीक्षण की स्थापना की।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**166. भारत में संवैधानिक उपचारों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 32 मौलिक अधिकारों के प्रवर्तन के लिये संवैधानिक उपचारों का अधिकार प्रदान करता है।
2. सर्वोच्च न्यायालय अनुच्छेद 32 के अंतर्गत बंदी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश और उत्प्रेषण जैसे रिट जारी कर सकता है।
3. अनुच्छेद 226 उच्च न्यायालयों को मौलिक अधिकारों और अन्य कानूनी अधिकारों के प्रवर्तन के लिये रिट जारी करने का अधिकार देता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**167. 'कश्मीर घाटी' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. कश्मीर घाटी पीर पंजाल पर्वतमाला और ज़ांस्कर पर्वतमाला के बीच स्थित है।
2. झेलम नदी कश्मीर घाटी से होकर बहने वाली प्रमुख नदी है, जो इसके उपजाऊ जलोढ़ मैदानों को आकार देती है।
3. कश्मीर घाटी केसर का एक प्रमुख उत्पादक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें कोई नहीं

**168. 'लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. LLM तंत्रिका नेटवर्क मॉडल हैं, जिन्हें मानव जैसी प्रतिक्रियाएँ उत्पन्न करने के लिये टेक्स्ट के विशाल डेटासेट पर प्रशिक्षित किया जाता है।
2. LLM टेक्स्ट जेनरेट कर सकते हैं तथा इमेज एनालिसिस और कोड जेनरेशन जैसे कार्य करने में भी सक्षम हैं।
3. LLM मुख्य रूप से अनुक्रमिक टेक्स्ट डेटा के प्रोसेसिंग के लिये कन्वॉल्यूशनल न्यूरल नेटवर्क (CNN) पर निर्भर करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**169. 'डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर (DPI)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. DPI से तात्पर्य भुगतान और डेटा-साझाकरण प्लेटफॉर्म जैसी डिजिटल प्रणालियों से है, जो सार्वजनिक आवश्यकताओं को पूरा करने और समावेशी विकास को बढ़ावा देने के लिये बनाई गई हैं।
2. भारत की आधार प्रणाली DPI का एक उदाहरण है, जो निवासियों को सेवाओं तक अभिगम के लिये एक विशिष्ट डिजिटल पहचान प्रदान करती है।
3. DPI प्राय: विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और पहुँच को सक्षम करने के लिये एक ओपन-सोर्स या इंटरऑपरेबल प्रणाली के रूप में कार्य करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**170. राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. RGSA एक केंद्र प्रायोजित योजना है, जिसमें पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों को छोड़कर केंद्र और राज्यों के बीच वित्तपोषण अनुपात 60:40 है।
2. इस योजना में विकेंद्रीकृत योजना और कार्य-आधारित लेखांकन में पारदर्शिता बढ़ाने के लिये ई-ग्रामस्वराज जैसी पहल शामिल हैं।
3. RGSA ग्राम पंचायत विकास योजनाओं (GPDP) के निर्माण का समर्थन नहीं करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. इनमें से कोई नहीं

**171. '73वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस संशोधन के माध्यम से भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायती राज संस्थाओं को स्थानीय स्वशासन निकायों का औपचारिक रूप दिया गया।
2. संशोधन में लैंगिक प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने के लिये पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं के लिये न्यूनतम एक तिहाई सीटें आरक्षित करने का प्रावधान किया गया है।
3. 73वें संशोधन अधिनियम द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग को पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन स्वतंत्र रूप से आयोजित करने का अधिकार दिया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**172. 'दूध में अपमिश्रण' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. दूध में स्टार्च के अपमिश्रण का पता आयोडीन घोल मिलाकर लगाया जा सकता है, जिसका रंग नीला हो जाता है।
2. दूध में फॉर्मेलिन मिलाने का उपयोग उसकी शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिये किया जाता है, लेकिन यह मानव स्वास्थ्य के लिये खतरनाक है।
3. दूध में मेलामाइन की मिलावट का उपयोग गुणवत्ता परीक्षणों में प्रोटीन की मात्रा को अनुचित तरीके से बढ़ाने के लिये किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**173. 'ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ONDC)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ONDC भारत सरकार द्वारा डिजिटल वाणिज्य के लिये एक मुक्त, अंतर-संचालनीय मंच का निर्माण करने हेतु एक पहल है।
2. ONDC का लक्ष्य लघु व्यवसायों और विक्रेताओं को व्यापक ऑनलाइन बाज़ारों के साथ प्रतिस्पर्द्धा करने में सक्षम बनाकर ई-कॉमर्स को सुगम बनाना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**174. विश्व व्यापार संगठन (WTO) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसका गठन वर्ष 1994 में हस्ताक्षरित मारकेश समझौते के तहत किया गया था।
2. इसने टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौता (GATT) का स्थान लिया, जो वर्ष 1948 से विश्व व्यापार को विनियमित करता था।
3. GATT के विपरीत, जिसमें वस्तुओं, सेवाओं और बौद्धिक संपदा के व्यापार को शामिल किया गया था, WTO मुख्य रूप से केवल वस्तुओं के व्यापार पर ही ध्यान केंद्रित करता है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक

B. केवल 2

C. सभी तीनों

D. कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

**175. सिंधु जल संधि के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह विश्व बैंक के तत्वावधान में वर्ष 1960 में भारत और पाकिस्तान के बीच हस्ताक्षरित जल-विभाजन का समझौता है।
2. यह संधि भारत को तीन पूर्वी नदियों (व्यास, रावी, सतलुज) के अप्रतिबंधित उपयोग की अनुमति देती है तथा तीन पश्चिमी नदियों (चिनाब, सिंधु, झेलम) को पाकिस्तान को आवंटित करती है।
3. संधि में दोनों देशों के प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए एक स्थायी सिंधु आयोग (PIC) की स्थापना का प्रावधान किया गया।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई नहीं

**176. एकीकृत भुगतान इंटरफेस (UPI) के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) द्वारा मोबाइल फोन के माध्यम से अंतर-बैंक लेनदेन की सुविधा के लिये विकसित एक त्वरित वास्तविक समय भुगतान प्रणाली है।
2. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने प्रीपेड पेमेंट इंस्ट्रूमेंट (PPI) धारकों को यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (UPI) लेनदेन करने से प्रतिबंधित कर दिया है।

**उपर्युक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**177. पोल्ट्री उद्योग के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) 5,000 से अधिक पक्षियों वाली पोल्ट्री इकाइयों को प्रदूषणकारी उद्योग के रूप में वर्गीकृत करता है, जो अनुपालन और नियामक सहमति के अधीन है।
2. पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 पशुओं को गहन रूप से बंद रखने पर प्रतिबंध लगाता है, लेकिन मुर्गियों को इससे बाहर रखा गया है।
3. पोल्ट्री वेंचर कैपिटल फंड (PVCF) राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत पशुपालन और डेयरी विभाग की एक पहल है।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही *नहीं* है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2, और 3

**178. ग्रेट निकोबार द्वीप के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह निकोबार द्वीपसमूहों में सबसे दक्षिणी और सबसे बड़ा द्वीप है।
2. यह बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्वी भाग में मुख्यत: उष्णकटिबंधीय वर्षावन का एक विरल आबाद क्षेत्र है।
3. भारत का सबसे दक्षिणी बिंदु इंदिरा प्वाइंट इसी द्वीप पर स्थित है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीनों
D. कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

179. **जियोइंजीनियरिंग शब्द, जो अक्सर समाचारों में आता है, का सबसे सटीक वर्णन इस प्रकार किया जा सकता है:**

A. ग्लोबल वार्मिंग को रोकने के लिये पृथ्वी की जलवायु प्रणाली में परिवर्तन लाने के उद्देश्य से बड़े पैमाने पर हस्तक्षेप।

B. भूमिगत जल भंडारों का पता लगाने के लिये भूवैज्ञानिक संरचनाओं का अध्ययन।

C. महासागरीय तल से खनिज निकालने के लिये प्रौद्योगिकियों का विकास।

D. बाढ़ को रोकने के लिये नदी के मार्ग को कृत्रिम रूप से संशोधित करने की प्रक्रिया।

180. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

**कथन-I: राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस, 24 अप्रैल को मनाया जाता है , जो 73 वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 का जश्न मनाता है, जिसने पंचायती राज संस्थाओं (PRI) को संवैधानिक मान्यता प्रदान की।**

**कथन-II: पंचायती राज मंत्रालय द्वारा विशेष श्रेणी राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार-2025 उन शीर्ष प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को प्रोत्साहित करता है जो सभी 17 एसडीजी को शामिल करते हुए सतत विकास लक्ष्यों के 9 स्थानीयकरण विषयों के साथ संरेखित होते हैं।**

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन I का सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन-I का सही व्याख्या नहीं है

C. कथन-I सही है किंतु कथन-II सही नही है

D. कथन-I सही नही है किंतु कथन-II सही है

181. **निम्नलिखित में से कौन-सी संविधान की मूल संरचना की विशेषताएँ है/हैं?**

1. संविधान की सर्वोच्चता
2. संविधान का धर्मनिरपेक्ष चरित्र
3. संविधान का संघीय चरित्र
4. कल्याणकारी राज्य (सामाजिक-आर्थिक न्याय)

**नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 4

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2, 3 और 4

182. **टीकों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. टीके रोग उत्पन्न किये बिना प्रतिरक्षा प्रणाली को एंटीबॉडी उत्पन्न करने हेतु प्रेरित करते हैं।
2. सभी टीके एक खुराक के बाद आजीवन प्रतिरक्षा प्रदान करते हैं।
3. mRNA टीके द्वारा वायरस की आनुवंशिक सामग्री के एक छोटे टुकड़े का उपयोग करके कोशिकाओं को एक प्रोटीन उत्पन्न करने का निर्देश दिया जाता है जिससे प्रतिरक्षा प्रणाली सक्रिय होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

183. **चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (CPEC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. CPEC, चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) के तहत एक प्रमुख परियोजना है जिसका उद्देश्य चीन और पाकिस्तान के बीच संपर्क बढ़ाना है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

2. यह गलियारा सड़क, रेलमार्ग और पाइपलाइनों के नेटवर्क के माध्यम से बलूचिस्तान के ग्वादर बंदरगाह को चीन के झिंजियांग से जोड़ता है।
3. सभी CPEC परियोजनाएँ पूरी तरह से चीन के अनुदान से वित्तपोषित हैं, इसमें कोई ऋण शामिल नहीं है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**184. वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (FATF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. FATF की स्थापना वर्ष 1989 में G7 द्वारा धन शोधन के निवारण हेतु की गई थी।
2. वर्ष 2001 में इसके कार्यक्षेत्र का विस्तार कर इसमें आतंकवादी वित्तपोषण की रोकथाम करना भी शामिल कर दिया गया।
3. FATF की ग्रे सूची में वे देश शामिल हैं, जो धन शोधन निरोधक और आतंकवाद वित्तपोषण निरोधक उपायों के अभाव के कारण निगरानी में हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**185. एशिया-अफ्रीका शिखर सम्मेलन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रथम एशिया-अफ्रीका शिखर सम्मेलन, जिसे बांडुंग सम्मेलन के नाम से भी जाना जाता है, अफ्रीकी-एशियाई एकजुटता को बढ़ावा देने के लिये वर्ष 1955 में इंडोनेशिया में आयोजित किया गया था।
2. वर्ष 1955 के बांडुंग सम्मेलन में बांडुंग के दस सिद्धांतों को अपनाया गया, जिसमें शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और गुटनिरपेक्षता को बढ़ावा दिया गया था।
3. बांडुंग सम्मेलन के परिणामस्वरूप अफ्रीकी संघ का गठन हुआ।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं है/हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**186. संयुक्त राष्ट्र चार्टर (UN चार्टर) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसके तहत महासभा और सुरक्षा परिषद सहित संयुक्त राष्ट्र के छह प्रमुख अंगों की स्थापना की गई।
2. चार्टर के अंतर्गत आत्मरक्षा के मामलों अथवा महासभा द्वारा अधिकृत किये जाने के अतिरिक्त बल प्रयोग प्रतिबंधित है।
3. चार्टर स्पष्ट रूप से महासभा को सुरक्षा परिषद की मंजूरी के बिना नए सदस्य राज्यों को शामिल करने की शक्ति प्रदान करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**187. सिंधु जल संधि (IWT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 1960 में हस्ताक्षरित सिंधु जल संधि के तहत पूर्वी नदियाँ (रावी, व्यास, सतलुज) भारत को तथा पश्चिमी नदियाँ (सिंधु, झेलम, चिनाब) पाकिस्तान को आवंटित की गयीं।
2. यह संधि भारत को डिजाइन संबंधी प्रतिबंधों के अधीन, पश्चिमी नदियों पर रन-ऑफ-द-रिवर जलविद्युत परियोजनाएँ बनाने की अनुमति देती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

3. सिंधु जल संधि में एक निकास खंड है, जिसका अर्थ है कि भारत या पाकिस्तान दोनों में से कोई भी एकतरफा रूप से संधि को समाप्त कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**188. इंडिया AI मिशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इंडियाAI कंप्यूट क्षमता स्तंभ का उद्देश्य उन्नत ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स (GPU) से सुसज्जित एक मज़बूत AI कंप्यूटिंग बुनियादी ढाँचे का विकास करना है।
2. इसे इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) द्वारा डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के तहत इंडियाAI स्वतंत्र व्यापार प्रभाग के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है।
3. मिशन में यह अनिवार्य किया गया है कि इसके अंतर्गत विकसित सभी AI मॉडल सुलभता सुनिश्चित करने के लिये ओपन-सोर्स होने चाहिये।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**189. यूनिसेफ के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यूनिसेफ की पहलों में बच्चों के लिये टीकाकरण और स्वच्छ जल तक पहुँच को बढ़ावा देना शामिल है।
2. इसे अपने मानवीय प्रयासों के लिये वर्ष 1965 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
3. इसका वित्तपोषण पूर्णत: सरकारों, संगठनों और व्यक्तियों के स्वैच्छिक योगदान से होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**190. 'अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की स्थापना वर्ष 1944 में ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक सहयोग और विनिमय दर स्थिरता को बढ़ावा देने के लिये की गई थी।
2. विशेष आहरण अधिकार (SDR) IMF द्वारा अपने सदस्य देशों के आधिकारिक आरक्षित निधियों के पूरक के रूप में एक अंतर्राष्ट्रीय आरक्षित परिसंपत्ति के रूप में जारी किये जाते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

**191. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. समिति ने पश्चिमी घाट के एक-चौथाई से अधिक क्षेत्र को पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र (ESA) घोषित करने की सिफारिश की।
2. समिति ने सिफारिश की कि पारिस्थितिकी दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों में खनन, उत्खनन और रेत खनन पर पूर्ण रूप तरह प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिये।
3. समिति को पश्चिमी घाट में जैवविविधता संरक्षण और सतत् एवं समावेशी विकास के बीच संतुलन स्थापित करने का कार्य सौंपा गया था।

**निम्नलिखित में से किस समिति ने उपर्युक्त अनुशंसाएँ कीं?**

A. गाडगिल समिति (2011)
B. कस्तूरीरंगन समिति (2013)
C. मिहिर शाह समिति
D. टी.एस.आर. सुब्रमण्यम समिति (2014)

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

192. **AI एक्शन समिट, 2025 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 'लोगों और ग्रह के लिये समावेशी और सतत् कृत्रिम बुद्धिमत्ता' पर एक संयुक्त वक्तव्य पर भारत और चीन सहित विभिन्न देशों द्वारा हस्ताक्षर किये गए।
2. सार्वजनिक-निजी AI प्रयासों को एक साथ लाने और एक विश्वसनीय AI पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिये पब्लिक इंटरेस्ट AI प्लेटफॉर्म और इनक्यूबेटर लॉन्च किया गया।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

193. **भारत में उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस अधिनियम में ट्रांसजेंडर/उभयलिंगी व्यक्ति को ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया है जिसका लिंग जन्म के समय निर्धारित लिंग के अनुरूप नहीं होता है, जिसमें ट्रांस-पुरुष या ट्रांस-महिला शामिल हैं।
2. इसमें यह प्रावधान किया गया है कि सरकार द्वारा वित्तपोषित शैक्षणिक संस्थान बिना किसी भेदभाव के ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को समावेशी शिक्षा और सुविधाएँ प्रदान करेंगे।
3. इस अधिनियम के तहत ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिये सार्वजनिक क्षेत्र में रोज़गार के साथ शिक्षा में आरक्षण का प्रावधान किया गया है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

194. **राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस नीति में उच्च शिक्षा के लिये सर्वोच्च नियामक के रूप में भारतीय उच्च शिक्षा आयोग (HECI) की स्थापना का प्रस्ताव किया गया है।
2. इस नीति का लक्ष्य वर्ष 2030 तक स्कूली शिक्षा में 100% सकल नामांकन अनुपात (GER) हासिल करना है।
3. इस नीति में कक्षा 6 से व्यावसायिक शिक्षा के साथ कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिये इंटर्नशिप का भी प्रावधान है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

195. **'वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत में AQI केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) द्वारा जारी किया जाता है।
2. इसमें आठ प्रदूषक शामिल हैं, जैसे PM 10, PM 2.5 और ओज़ोन।
3. AQI सार्वजनिक स्वास्थ्य पर वायु प्रदूषण के दीर्घकालिक प्रभाव को मापता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**196. ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (PSLV) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे सूर्य-समकालिक ध्रुवीय कक्षाओं में उपग्रहों को प्रक्षेपित करने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
2. यह एक चार चरणीय प्रक्षेपण यान है जिसमें ठोस और द्रव प्रणोदन चरण बारी-बारी से आते हैं।
3. इसका उपयोग भारत के चंद्रयान-1 मिशन को चंद्रमा पर भेजने के लिये किया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**197. 'मुद्रास्फीति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) वस्तुओं और सेवाओं की एक निश्चित टोकरी के लिये उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान की गई कीमतों में औसत परिवर्तन को मापता है।
2. कोर मुद्रास्फीति में अंतर्निहित मुद्रास्फीति प्रवृत्तियों को प्रतिबिंबित करने के लिये खाद्य और ऊर्जा की कीमतों जैसी अस्थिर वस्तुएँ शामिल होती हैं।
3. मुद्रास्फीति लक्ष्य निर्धारण एक मौद्रिक नीति रणनीति है, जिसमें केंद्रीय बैंक एक विशिष्ट मुद्रास्फीति दर को अपने लक्ष्य के रूप में निर्धारित करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**198. 'मौद्रिक नीति' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) की मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए मूल्य स्थिरता बनाए रखना है।
2. नकद आरक्षित अनुपात (CRR) किसी बैंक की कुल जमाराशि का वह प्रतिशत है जिसे बैंक के पास तरल नकदी के रूप में बनाए रखना होता है।
3. ओपन मार्केट ऑपरेशन (OMO) के तहत मुद्रा आपूर्ति को विनियमित करने के लिये RBI द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद और बिक्री की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने कथन सही है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**199. 'ग्लोबल साउथ' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्लोबल साउथ एक भू-राजनीतिक अवधारणा है जिसके तहत गरीबी, असमानता और जलवायु संवेदनशीलता जैसी साझा चुनौतियों पर प्रकाश पड़ता है।
2. अफ्रीकी संघ (AU) द्वारा अपने महाद्वीपीय हितों का प्रतिनिधित्व किया जाता है, जो ग्लोबल साउथ प्राथमिकताओं के साथ संरेखित है।
3. ग्लोबल साउथ में विशेष रूप से ऐसे देश शामिल हैं जिन्हें यूरोपीय शक्तियों द्वारा उपनिवेश बनाया गया था।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

200. **भारतीय संविधान में 'राज्यपाल' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. किसी राज्य के राज्यपाल की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है तथा वह राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत पद धारण करता है।
2. अनुच्छेद 161 के तहत, राज्यपाल को राज्य के विधायी क्षेत्राधिकार के अंतर्गत विधियों के विरुद्ध किये गए अपराधों के लिये दंड को क्षमा, उसका प्रविलंबन अथवा परिहार करने की शक्ति प्राप्त है।
3. राज्यपाल मंत्रिपरिषद के परामर्श पर अनुच्छेद 174 के अंतर्गत राज्य विधानसभा को भंग कर सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

201. **'संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में 15 सदस्य हैं, जिनमें वीटो शक्ति वाले पाँच स्थायी सदस्य शामिल हैं।
2. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का प्राथमिक उत्तरदायित्व संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 24 के तहत अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखना है।
3. संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की अध्यक्षता इसके स्थाई और अस्थाई सदस्यों द्वारा वर्णानुक्रम में मासिक रूप से की जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

202. **'लोकसभा उपाध्यक्ष' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वह अध्यक्ष की अनुपस्थिति में लोकसभा की अध्यक्षता कर सकता है और इस भूमिका में उसे अध्यक्ष की ही शक्तियाँ प्राप्त होती हैं।
2. उपाध्यक्ष को लोकसभा द्वारा साधारण बहुमत से पारित प्रस्ताव द्वारा पद से हटाया जा सकता है।
3. उपाध्यक्ष लोकसभा में बराबर मत होने की स्थिति के अतिरिक्त मतदान नहीं कर सकते।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

203. **भारत की 'संविधान सभा' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. संविधान सभा का गठन 1946 में कैबिनेट मिशन योजना के प्रावधानों के तहत किया गया था।
2. जवाहरलाल नेहरू द्वारा संविधान सभा में प्रस्तुत उद्देश्य प्रस्ताव में संविधान के मूल सिद्धांतों को रेखांकित किया गया था।

**उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1, न ही 2

204. **'ब्रेटन वुड्स प्रणाली' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना द्वितीय विश्व युद्ध के बाद एक स्थिर अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक ढाँचा बनाने के लिये वर्ष 1944 में की गई थी।
2. इसके अंतर्गत प्रमुख संस्थाओं के रूप में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) और विश्व बैंक का गठन किया गया।
3. मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने के लिये ब्रेटन वुड्स प्रणाली के एक भाग के रूप में टैरिफ एवं व्यापार पर सामान्य समझौता (GATT) की स्थापना की गई थी।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

205. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनुच्छेद 368 के अंतर्गत प्रस्तावना में संशोधन किया जा सकता है, बशर्ते कि संविधान के 'मूल ढाँचे' में कोई संशोधन न किया जाए।
2. "पंथनिरपेक्ष" और "संप्रभु" शब्द 42 वें संशोधन अधिनियम, 1976 द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए थे।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1, न ही 2

## Answers

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (A) | 2. (C) | 3. (A) | 4. (B) | 5. (D) | 6. (B) | 7. (C) | 8. (A) | 9. (A) | 10. (C) |
| 11. (A) | 12. (D) | 13. (B) | 14. (C) | 15. (B) | 16. (B) | 17. (B) | 18. (A) | 19. (A) | 20. (D) |
| 21. (B) | 22. (C) | 23. (A) | 24. (D) | 25. (A) | 26. (A) | 27. (C) | 28. (B) | 29. (A) | 30. (A) |
| 31. (A) | 32. (C) | 33. (B) | 34. (A) | 35. (C) | 36. (D) | 37. (A) | 38. (D) | 39. (B) | 40. (B) |
| 41. (C) | 42. (B) | 43. (C) | 44. (A) | 45. (B) | 46. (A) | 47. (B) | 48. (A) | 49. (B) | 50. (A) |
| 51. (D) | 52. (A) | 53. (B) | 54. (B) | 55. (A) | 56. (C) | 57. (B) | 58. (C) | 59. (C) | 60. (D) |
| 61. (D) | 62. (C) | 63. (B) | 64. (A) | 65. (C) | 66. (B) | 67. (A) | 68. (D) | 69. (C) | 70. (A) |
| 71. (B) | 72. (A) | 73. (B) | 74. (D) | 75. (A) | 76. (D) | 77. (A) | 78. (C) | 79. (A) | 80. (B) |
| 81. (C) | 82. (D) | 83. (A) | 84. (A) | 85. (A) | 86. (B) | 87. (B) | 88. (A) | 89. (C) | 90. (D) |
| 91. (B) | 92. (D) | 93. (C) | 94. (C) | 95. (C) | 96. (A) | 97. (B) | 98. (C) | 99. (A) | 100. (B) |
| 101. (A) | 102. (D) | 103. (B) | 104. (A) | 105. (D) | 106. (C) | 107. (A) | 108. (C) | 109. (D) | 110. (B) |
| 111. (C) | 112. (B) | 113. (B) | 114. (D) | 115. (A) | 116. (D) | 117. (C) | 118. (A) | 119. (A) | 120. (A) |
| 121. (C) | 122. (B) | 123. (C) | 124. (A) | 125. (C) | 126. (A) | 127. (B) | 128. (A) | 129. (A) | 130. (B) |
| 131. (B) | 132. (A) | 133. (D) | 134. (C) | 135. (D) | 136. (B) | 137. (B) | 138. (C) | 139. (A) | 140. (B) |
| 141. (A) | 142. (D) | 143. (a) | 144. (a) | 145. (b) | 146. (B) | 147. (A) | 148. (C) | 149. (A) | 150. (B) |
| 151. (B) | 152. (C) | 153. (A) | 154. (B) | 155. (D) | 156. (A) | 157. (C) | 158. (B) | 159. (B) | 160. (B) |
| 161. (A) | 162. (C) | 163. (C) | 164. (B) | 165. (C) | 166. (B) | 167. (D) | 168. (B) | 169. (C) | 170. (B). |
| 171. (C). | 172. (D) | 173. (D) | 174. (B) | 175. (C) | 176. (A) | 177. (B) | 178. (C) | 179. (A) | 180. (B) |
| 181. (D) | 182. (B) | 183. (B) | 184. (D) | 185. (A) | 186. (A) | 187. (B) | 188. (A) | 189. (C) | 190. (C) |
| 191. (B) | 192. (D) | 193. (A) | 194. (D) | 195. (B) | 196. (C) | 197. (B) | 198. (B) | 199. (B) | 200. (D) |
| 201. (C) | 202. (A) | 203. (C) | 204. (A) | 205. (B) | | | | | |

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

# उत्तर

1.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**लोक लेखा समिति (PAC):**

- PAC को वर्ष 1921 में पेश किया गया था, जिसे **मोंटफोर्ड सुधार भी कहते हैं।** इसका सर्वप्रथम उल्लेख भारत शासन अधिनियम, 1919 में मिलता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका गठन प्रत्येक वर्ष लोकसभा के प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमों के नियम 308 के तहत किया जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्तमान में इसमें 22 सदस्य हैं (लोकसभा अध्यक्ष द्वारा चयनित 15 सदस्य और राज्यसभा के सभापति द्वारा चयनित 7 सदस्य) जिनका **कार्यकाल केवल 1 वर्ष** का होता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - समिति के अध्यक्ष की नियुक्ति लोक सभा अध्यक्ष द्वारा की जाती है।

2.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA):**

- IAEA एक **अंतर-सरकारी संगठन** है जो परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने तथा परमाणु आयुध सहित किसी भी सैन्य उद्देश्य के लिये इसके उपयोग को रोकने का प्रयास करता है।
- इसे **वर्ष 1957** में **संयुक्त राष्ट्र** के अंतर्गत विश्व के **"शांति हेतु परमाणु" संगठन** के रूप में स्थापित किया गया था और यह अपनी स्वयं की संस्थापक संधि- IAEA के परिनियम द्वारा विनियमित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह **संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA)** और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) दोनों को रिपोर्ट करता है और इसका मुख्यालय ऑस्ट्रिया के वियना में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2005 में इसे सुरक्षित और शांतिपूर्ण विश्व के लिये कार्य हेतु नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
- IAEA के 178 सदस्य देश हैं, भारत इसके संस्थापक सदस्यों में से एक है।

3.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**कपास की कृषि:**

- कपास की खेती के लिये **पालामुक्त दीर्घ अवधि** और **ऊष्म व धूप वाली जलवायु** की आवश्यकता होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- पिछले उदाहरणों में कपास उत्पादन में गिरावट के लिये ज़िम्मेदार प्राथमिक कारक **पिंक बॉलवॉर्म (Pectinophora gossypiella)** का उद्भव था।
- जब गुलाबी बॉलवर्म (PBW) लार्वा कपास के बीजकोषों पर आक्रमण करते हैं, तो इससे कपास के पौधे **कम कपास** उत्पन्न करते हैं और उत्पादित कपास निम्न गुणवत्ता का होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- PBW एकभक्षी (जो मुख्य रूप से एक ही विशिष्ट प्रकार के भोजन पर निर्भर करता है) है, जो मुख्य रूप से कपास खाता है, जो बीटी प्रोटीन के विरुद्ध प्रतिरोध विकसित करने में योगदान देता है।
- वैश्विक स्तर पर **भारत कपास का सबसे बड़ा उत्पादक** है जबकि दूसरे और तीसरे स्थान पर क्रमश: चीन एवं संयुक्त राज्य अमेरिका हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

4.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

**पंथनिरपेक्ष:**

- संविधान के विभिन्न प्रावधानों में **पंथनिरपेक्षता** के सभी मूल सिद्धांतों का स्पष्ट समावेश है।
- **'पंथनिरपेक्ष' पद** को **वर्ष 1976** के **42वें संविधान संशोधन अधिनियम** द्वारा प्रस्तावना में जोड़ा गया था, (भारत संपूर्ण प्रभुत्व-संपन्न, समाजवादी, पंथनिरपेक्ष, लोकतंत्रात्मक गणराज्य है)। **अत: कथन I सही है।**
- यह इस तथ्य पर बल देता है कि संवैधानिक रूप से **भारत एक पंथनिरपेक्ष देश** है जिसका कोई राजधर्म नहीं है और राज्य सभी धर्मों को मान्यता देगा और स्वीकार करेगा, किसी विशेष धर्म का पक्ष अथवा संरक्षण नहीं करेगा।
- **अनुच्छेद 44** सरकार को **समान नागरिक संहिता (UCC)** के लिये **प्रयास** करने की अनुमति देता है और यह प्रस्तावना में पंथनिरपेक्ष पद द्वारा प्रतिबंधित नहीं है। **अत: कथन II सही है।**
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।**

5.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- संविधान के **अनुच्छेद 124 (2)** के तहत राष्ट्रपति द्वारा सर्वोच्च न्यायालय (SC) के न्यायाधीश की नियुक्ति की जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **राष्ट्रपति भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति** सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय के आवश्यक न्यायाधीशों से परामर्श करने के बाद करते हैं, जबकि अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति मुख्य न्यायाधीश और संबंधित न्यायाधीशों के परामर्श से की जाती है।
- उच्च न्यायालय (HC) के न्यायाधीश की नियुक्ति संविधान के **अनुच्छेद 217** के तहत राष्ट्रपति द्वारा की जाती है ।
- उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की **नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा** भारत के मुख्य न्यायाधीश और संबंधित राज्य के राज्यपाल के परामर्श के बाद की जाती है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिये संबंधित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से भी परामर्श किया जाता है।
    - दो या अधिक राज्यों के लिये एक ही उच्च न्यायालय होने की स्थिति में राष्ट्रपति सभी संबंधित राज्यों के राज्यपालों से परामर्श करता है।
- न्यायिक नियुक्तियों के लिये एक नई प्रणाली स्थापित करने के लिये **99 वाँ संविधान संशोधन अधिनियम, 2014** और NJAC अधिनियम, 2014 पारित कियेगए थे। **अत: कथन 3 सही है।**

6.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

**प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना:**

- यह एक **पात्रता-आधारित योजना** है जो नवीनतम सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना (SECC) डेटा द्वारा पहचाने गए लाभार्थियों को लक्षित करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस योजना के लिए **वित्त पोषण 60:40 के अनुपात में सभी राज्यों और विधानमंडल वाले केंद्र शासित प्रदेशों के लिये,** पूर्वोत्तर राज्यों और जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के लिये 90:10 के अनुपात में तथा बिना विधानमंडल वाले केंद्र शासित प्रदेशों के लिये 100% केंद्रीय वित्त पोषण के साथ साझा किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- राज्य सरकारों के साथ मिलकर PM-JAY के प्रभावी कार्यान्वयन के लिये **सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860** के तहत एक स्वायत्त इकाई के रूप में **राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA)** का गठन किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

7.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार:**

- यह अधिकार केवल भारत के नागरिक को ही उपलब्ध है, **विदेशी नागरिकों को नहीं। अत: कथन 1 सही है।**
- हालाँकि, इस अधिकार का प्रयोग अनुच्छेद 19(2) के तहत लगाए गए कुछ उद्देश्यों के लिये **उचित प्रतिबंधों के अधीन** है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **मेनका गांधी बनाम भारत संघ (1978)** में, **सर्वोच्च न्यायालय ने** माना कि वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता राष्ट्रीय सीमाओं तक सीमित नहीं है। **अत: कथन 3 सही है।**

8.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मंदी:**

- मंदी में आम तौर पर **कम से कम लगातार दो तिमाहियों** के लिये अर्थव्यवस्था में समग्र उत्पादन में गिरावट के साथ-साथ रोज़गार की क्षति और समग्र मांग में कमी शामिल होती है।
- **अमेरिकी राष्ट्रीय आर्थिक अनुसंधान ब्यूरो (NBER)** अर्थव्यवस्था पर प्रभाव की गहराई, विस्तार और अवधि के आकलन के आधार पर यह निर्णय लेता है कि अर्थव्यवस्था मंदी में है या नहीं।
- जैसा कि **कोविड-19 महामारी** के दौरान हुआ था, यह कमी कभी-कभी अत्यधिक गंभीर हो सकती है, भले ही इसकी अवधि अल्पकालिक हो।
- **अत: विकल्प A सही है।**

9.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट (ASER) 2024:**

- **गैर सरकारी संगठन (NGO) प्रथम फाउंडेशन** ने ग्रामीण भारत में स्कूली छात्रों के सीखने के परिणामों पर वार्षिक शिक्षा स्थिति रिपोर्ट (ASER) 2024 जारी की।
  - ASER एक **राष्ट्रव्यापी, नागरिक-नेतृत्व वाला घरेलू सर्वेक्षण है** जो ग्रामीण भारत में बच्चों की स्कूली शिक्षा और सीखने की गहन जानकारी प्रदान करता है।
- वर्ष 2005 में प्रारंभ किया गया 'ASER शिक्षा प्रणाली' ग्रामीण क्षेत्रों में शैक्षिक प्रवृत्तियों और चुनौतियों पर नज़र रखता है तथा कवरेज, फोकस और आवृत्ति में वृद्धि करता है।
- यह रिपोर्ट 605 ग्रामीण ज़िलों के 17,997 गाँवों में वर्ष 2024 में किये गये सर्वेक्षण पर आधारित है।
- इसमें 3-16 वर्ष आयु वर्ग के 649,491 बच्चों तक पहुँच बनाई गई तथा 5-16 वर्ष आयु वर्ग के 500,000 से अधिक बच्चों के पढ़ने और अंकगणित कौशल का परीक्षण किया गया।
- **अत: विकल्प A सही है।**

10.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**परिसीमन:**

- **परिसीमन** का अर्थ है लोकसभा और विधानसभाओं के लिये प्रत्येक राज्य में सीटों की संख्या और प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएँ **तय करने की प्रक्रिया। अत: कथन 1 सही है।**
- लोकसभा की राज्यवार संरचना को बदलने वाला अंतिम परिसीमन कार्य **1976 में पूरा हुआ था** और 1971 की जनगणना के आधार पर किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

11.


**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**चाबहार बंदरगाह:**

- चाहबार भारत के सबसे नजदीक ईरान का समुद्री बंदरगाह है।
- यह **सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत** में मकरान तट पर स्थित है।
- यह **ओमान की खाड़ी** में स्थित है।
- चहाबार बंदरगाह परियोजना में दो मुख्य बंदरगाह हैं जिन्हें शहीद कलंतरी बंदरगाह और शहीद बेहेश्टी बंदरगाह कहा जाता है।
- ईरान ने भारत को शाहिद बेहेश्टी बंदरगाह के विकास के लिये एक परियोजना का प्रस्ताव दिया, जिसे भारत ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME




- अत: विकल्प A सही है।

12.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

**भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड ( IBBI ):**

- IBBI भारत में दिवालियापन कार्यवाही की देखरेख करने वाले **नियामक प्राधिकरण के रूप में कार्य करता है। अत: कथन 1 सही है।**
- IBBI के अध्यक्ष और **तीन पूर्णकालिक सदस्य** सरकार द्वारा नियुक्त किये जाते हैं और वे वित्त, कानून और दिवालियापन के क्षेत्र में विशेषज्ञ होते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इसके पदेन सदस्य भी होते हैं।

13.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

**गरीबी:**

- **विश्व बैंक** के अनुसार, गरीबी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये पर्याप्त आय या संसाधनों की कमी है। यह आवास, भोजन या स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में अभाव के रूप में प्रकट हो सकता है।
- गरीबी का व्यापक दृष्टिकोण **व्यक्ति की समाज में कार्य करने की क्षमता पर केंद्रित है,** जिसमें आय, शिक्षा, स्वास्थ्य, शक्ति और राजनीतिक स्वतंत्रता का अभाव शामिल है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **पूर्ण गरीबी** वह स्थिति है जहाँ **व्यक्तियों के पास भोजन, आश्रय और स्वास्थ्य सेवा जैसी बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये संसाधनों की कमी होती है,** जिसे आमतौर पर गरीबी रेखा से मापा जाता है। **अत: कथन I सही है।**
- **सापेक्ष गरीबी को समाज में अन्य लोगों की तुलना में** एक **व्यक्ति के जीवन स्तर के आधार पर परिभाषित किया जाता है,** जो आर्थिक असमानता को उजागर करता है।
- विश्व बैंक ने वर्ष 2017 क्रय शक्ति समता (PPP) का उपयोग करते हुए अंतर्राष्ट्रीय गरीबी रेखा के रूप में 2.15 अमेरिकी डॉलर को अपनाया, जो वर्ष 2011 PPP का उपयोग करते हुए वर्ष 2015 के अपडेट में निर्धारित 1.90 अमेरिकी डॉलर से अधिक है। **अत: कथन II सही है।**
- भारत में गरीबी के आँकड़े: राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019-21) के आँकड़ों से पता चलता है कि भारत की 14.96% जनसंख्या बहुआयामी गरीब है, जो NFHS-4 (2015-16) में 24.85% से कम है, जिसमें 135 मिलियन लोग गरीबी से बच गए हैं।
- **अत: विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I का सही व्याख्या नहीं है।**

**14.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**उपग्रह संचार:**

- संचार उपग्रह एक प्रकार का कृत्रिम उपग्रह है, जिसे स्रोत और गंतव्य के बीच संचार संबंधी आँकड़ें भेजने और प्राप्त करने के लिये **पृथ्वी की कक्षा** में स्थापित किया जाता है।
- उपग्रह संचार में पृथ्वी पर स्थित बिंदुओं के बीच माइक्रोवेव के माध्यम से सूचना प्रसारित करने और रिले करने के लिये **पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले (परिक्रमणकारी) उपग्रहों और ग्राउंड स्टेशनों** का उपयोग किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वर्तमान में कई कक्षाओं में तीन हज़ार से ज़्यादा संचार उपग्रहों के साथ संपूर्ण विश्व में लाखों लोग रेडियो, टेलीविज़न और सैन्य अनुप्रयोगों का इस्तेमाल करने के लिये उपग्रह संचार पर निर्भर हैं।
- उपग्रह संचार ने विश्व भर में उन स्थानों और डेटा संचार सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित की है जहाँ स्थलीय सेलुलर और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध नहीं है या नेटवर्क कवरेज़ की सुविधा खराब है।
- सैटकॉम सेवाओं में स्थलीय ब्रॉडबैंड की तुलना में अधिक विलंबता हो सकती है, लेकिन यह न्यूनतम भौतिक अवसंरचना के साथ व्यापक क्षेत्रों को कवर करने में सक्षम है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यद्यपि भारत के लिये संचार संबंधी प्रौद्योगिकियाँ तैयार है, फिर भी भारत में **सैटकॉम सेवाएँ की शुरूआत अभी तक नहीं हो पाई हैं,** जिसका मुख्य कारण सरकार द्वारा उपग्रह बैंडविड्थ का आवंटन लंबित होना है।

**15.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**FRBM अधिनियम, 2003:**

- **राजकोषीय समेकन** से तात्पर्य दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने के लिये सरकारी वित्त के विवेकपूर्ण प्रबंधन से है।
  - इसका ध्यान **सरकारी राजस्व** (कर और गैर-कर प्राप्तियाँ) को व्यय के साथ संतुलित करने पर है, जिसका उद्देश्य राजकोषीय घाटे को न्यूनतम करना, सार्वजनिक ऋण को नियंत्रित करना और सतत् आर्थिक विकास को समर्थन देना है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **राजकोषीय घाटे को कम करने** और राजकोषीय ज़िम्मेदारी को बढ़ावा देने के लिये सरकार में वित्तीय समेकन स्थापित करने के लिये वर्ष 2003 में FRBM अधिनियम लागू किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
    - संघ और राज्यों को राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद (GDP) के 3% (संघ) और GSDP (राज्य) के 3% तक कम करना है, और वर्ष 2008 तक राजस्व घाटे को समाप्त करना है।
    - केंद्रीय बजट के साथ मध्यम अवधि की राजकोषीय नीति, व्यापक आर्थिक ढाँचा और राजकोषीय नीति रणनीति वक्तव्य प्रस्तुत करना।
- **FRBM अधिनियम, 2003 की धारा 4(2) के तहत,** सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा/युद्ध की स्थिति, राष्ट्रीय आपदा आदि जैसी स्थितियों में गंभीर आर्थिक तनाव के समय अपने राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को सकल घरेलू उत्पाद के 0.5% तक पार कर सकती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **वर्ष 2012 में इसमें संशोधन** करके 0% राजस्व घाटे की आवश्यकता को हटा दिया गया, इसके स्थान पर वर्ष 2015 तक 0% प्रभावी राजस्व घाटा अनिवार्य कर दिया गया। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**16.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मौद्रिक नीति:**

- मौद्रिक नीति से तात्पर्य अधिनियम में निर्दिष्ट लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये अपने नियंत्रण में मौद्रिक साधनों के उपयोग के संबंध में **केंद्रीय बैंक की नीति** से है।
- RBI की मौद्रिक नीति का प्राथमिक उद्देश्य विकास के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए **मूल्य स्थिरता** बनाए रखना है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - सतत् विकास के लिये मूल्य स्थिरता एक आवश्यक पूर्व शर्त है।
- संशोधित RBI अधिनियम, 1934 में यह भी प्रावधान है कि **मुद्रास्फीति लक्ष्य (4% +-2%)** भारत सरकार द्वारा **प्रत्येक पाँच वर्ष** में एक बार रिज़र्व बैंक के परामर्श से निर्धारित किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**17.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **बोआओ फोरम फॉर एशिया (BFA):**
    - यह एक **गैर-सरकारी** और **गैर-लाभकारी अंतरराष्ट्रीय संगठन** है जो **एशिया** और **विश्व** के महत्त्वपूर्ण मुद्दों के बारे में राष्ट्रीय सरकारों, औद्योगिक और व्यापारिक मंडलियों और **एशिया और अन्य महाद्वीपों के देशों के शैक्षणिक मंडलियों के नेताओं के बीच वार्ता का एक मंच बन गया है। अत: कथन 1 सही है।**
    - BFA का उद्देश्य एशिया के अंतर्गत तथा एशिया और विश्व के अन्य भागों के बीच **आर्थिक आदान-प्रदान, समन्वय** और **सहयोग** को बढ़ावा देना और उसे सुदृढ़ करना है।
    - BFA की स्थापना विश्व आर्थिक मंच (WEF) की तर्ज पर की गई है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - इसका उद्देश्य **सरकारों, उद्यमों, विशेषज्ञों** और **विद्वानों** को अर्थव्यवस्था, समाज, पर्यावरण और अन्य प्रासंगिक मुद्दों पर संयुक्त रूप से चर्चा करने के लिये एक **उच्च स्तरीय संवाद मंच प्रदान करना है।**
    - भारत **बोआओ फोरम फॉर एशिया (BFA)** का **सदस्य है। अत: कथन 3 सही है।**

**18.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- BIMSTEC:
    - **बहुक्षेत्रीय तकनीकी एवं आर्थिक सहयोग के लिये बंगाल की खाड़ी पहल (BIMSTEC)** एक क्षेत्रीय बहुपक्षीय संगठन है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- BIMSTEC न केवल **दक्षिण** और **दक्षिण-पूर्व एशिया को जोड़ता है, बल्कि बृहत हिमालय** और बंगाल की खाड़ी की पारिस्थितिकी को भी जोड़ता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **BIMSTEC के सदस्य राष्ट्र:** बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्याँमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड। **इंडोनेशिया** BIMSTEC का सदस्य राष्ट्र नहीं है । **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- BIMSTEC **मंत्रिस्तरीय बैठक** में सदस्य देशों के विदेशी संबंधों से संबंधित मंत्री शामिल होते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

19.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **समता, स्वतंत्रता, भेदभाव** से सुरक्षा तथा प्राण और दैहिक स्वतंत्रता का संरक्षण के **अधिकारों** के माध्यम से लोकतंत्र अक्षुण्ण रहता है। **अत: कथन I सही है।**
- ये सरकार को **सामाजिक न्याय, आर्थिक कल्याण** और **समानता** सुनिश्चित करने में मार्गदर्शन करते हैं, जो एक सत्य लोकतंत्र के लिये आवश्यक हैं।
- **लोकतंत्र** को इस तथ्य से परिभाषित किया जा सकता है कि निर्वाचित नेता,चाहे उनकी राजनीतिक निष्ठा कुछ भी हो, **उपांतिकीकृत** और **सुभेद्य समुदायों की सेवा किस प्रकार करते हैं। अत: कथन II सही है।**
- भारत को एक **लोकतांत्रिक राष्ट्र घोषित किया गया है**, जिसमें सभी नागरिकों के लिये **लोक संप्रभुता** और **समता** पर ज़ोर दिया गया है।
- **कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।**

20.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **अलघ समिति (1979):** इसने पोषण संबंधी आवश्यकताओं के आधार पर ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों के लिये गरीबी रेखा का निर्माण किया।
- **लकड़ावाला समिति (1993):** यह गरीबी आकलन की कार्यप्रणाली की समीक्षा के लिये वर्ष 1993 में गठित एक विशेषज्ञ समूह था और इसकी अध्यक्षता डी. टी लकड़ावाला ने की थी।
  - इसमें यह सुझाव दिया गया कि गरीबी रेखा का निर्धारण **राज्य-विशिष्ट** के आधार पर किया जाना चाहिये और इन्हें शहरी क्षेत्रों में **औद्योगिक श्रमिकों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक** (CPI-IW) और ग्रामीण क्षेत्रों में **कृषि श्रमिकों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक** (CPI-AL) का उपयोग करके अद्यतन किया जाना चाहिये।
- **तेंदुलकर समिति (2005):** इसकी स्थापना **योजना आयोग** द्वारा **गरीबी का आकलन करने** के तरीकों का पुनर्मूल्यांकन करने के लिये की गई थी और इसने दिसंबर 2009 में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की।
- **रंगराजन समिति (2012):** देश की गरीबी माप पद्धति की समीक्षा करने के लिये **भारतीय रिज़र्व बैंक** के पूर्व गवर्नर सी. रंगराजन की अध्यक्षता में गठित इस समिति ने गरीबी को **नगरीय क्षेत्रों में 47 रुपए प्रतिदिन से कम** और **ग्रामीण क्षेत्रों में 32 रुपये प्रतिदिन से कम पर जीवन यापन करने वाले व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया।**
- **अत: विकल्प D सही है।**

21.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- परंपरा के अनुसार, **सर्वोच्च न्यायालय के सबसे वरिष्ठ न्यायाधीश को भारत का मुख्य न्यायाधीश (CJI)** नियुक्त किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **'समानों में प्रथम'** के रूप में भारत के मुख्य न्यायाधीश **पीठों** को **मामलों का आवंटन** निर्धारित करते हैं तथा उनकी संरचना के लिये ज़िम्मेदार होते हैं।
- भारत के मुख्य **न्यायाधीश (CJI)** और **सर्वोच्च न्यायालय के चार वरिष्ठतम न्यायाधीश (जिनसे मिलकर कॉलेजियम का गठन होता है),** सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्तियों के संबंध में निर्णय लेते हैं। अत: कथन 2 सही है।

22.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **कैंसर:**
  - यह एक जटिल और व्यापक शब्द है जिसका उपयोग शरीर में **असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि** तथा प्रसार की विशेषता वाले **रोगों के समूह का वर्णन** करने के लिये किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - एक स्वस्थ शरीर में कोशिकाएँ नियमित रूप से **बढ़ने एवं विभाजित** होने के साथ **मृत** होती हैं , **जिससे ऊतकों एवं अंगों की सामान्य कार्यप्रणाली प्रभावित** होती है।
  - **कैंसर कोशिकाओं में स्वस्थ ऊतकों** तथा अंगों पर **आक्रमण करने** और उन्हें नष्ट करने की क्षमता होती है।
  - अंतरिम **बजट 2024-25 में गर्भाशय-ग्रीवा कैंसर** की रोकथाम हेतु **9-14 वर्ष की आयु की** बालिकाओं के टीकाकरण को प्रोत्साहित किया गया।
  - **केंद्रीय बजट 2024-25** में सरकार ने तीन कैंसर दवाओं अर्थात ट्रैस्टुजुमाब डेरक्सटेकन, ओसिमर्टिनिब और डुरवालुमैब पर सीमा शुल्क को समाप्त कर दिया है। **अत: कथन 2 सही है।**

23.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **मोर्टेलिटी-टू-इंसीडेंस अनुपात (MIR)** अलग-अलग देशों के लिये कैंसर प्रबंधन परिणामों के एक व्यावहारिक संकेतक के रूप में कार्य कर सकता है। **अत: कथन I सही है।**
- **उच्चतर MIR, खराब उत्तरजीविता दर** के साथ **अपर्याप्त स्वास्थ्य देखभाल पहुँच** को दर्शा सकता है।
- MIR के तहत एक निर्दिष्ट अवधि में कैंसर से होने वाली मौतों (मृत्यु दर) की संख्या की तुलना, नए कैंसर मामलों (घटना) की संख्या से की जाती है। **अत: कथन II सही है।**
- **उन्नत चिकित्सा अवसंरचना** वाले देशों में बेहतर उपचार विकल्पों के कारण MIR कम होती है।
- **कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।**

24.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **सिलीगुड़ी कॉरिडोर:**
  - **सिलीगुड़ी कॉरिडोर,** जिसे आमतौर पर **"चिकन नेक"** के नाम से जाना जाता है, **भारत के पश्चिम बंगाल** में स्थित भूमि की एक संकरी पट्टी है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह क्षेत्र **पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम, नेपाल, भूटान और बांग्लादेश** के लिये **व्यापार, वाणिज्य** और **पर्यटन** में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
  - **सिलीगुड़ी कॉरिडोर नेपाल, बांग्लादेश** और **भूटान की** सीमा से लगा हुआ है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **सिलीगुड़ी रेलवे नेटवर्क** के लिये एक **प्रमुख केंद्र** के रूप में कार्य करता है, जो **वास्तविक नियंत्रण रेखा (LAC)** पर **रणनीतिक सैन्य संरचनाओं** को जोड़ता है ।
  - यह गलियारा आठ राज्यों **अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नगालैंड, सिक्किम** और **त्रिपुरा** को देश के बाकी हिस्सों से जोड़ता है। **अत: कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME




25.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **वक्फ** एक **धर्मार्थ निधि है** जिसमें कोई व्यक्ति **धार्मिक या सामाजिक कल्याण के लिये संपत्ति दान** करता है, जैसे मस्जिद, स्कूल या अस्पताल का निर्माण। **अत: कथन 1 सही है।**
- **वक्फ बोर्ड** एक **कानूनी इकाई** है जिसके पास संपत्ति अर्जित करने, रखने और हस्तांतरित करने का अधिकार है। इसमें मुकदमा करने और न्यायालय में मुकदमा चलाने की **कानूनी क्षमता** है। **अत: कथन 2 सही है।**
- वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 के अनुसार, वक्फ रिकाड्र्स का निरीक्षण **भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 2023 की धारा 75** द्वारा शासित होगा। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

26.

उत्तर: A

व्याख्या:

- JCPOA **ईरान** और **P5+1 (चीन, फ्राँस, रूस, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका + जर्मनी)** के बीच **वर्ष** 2013 और 2015 के बीच चली लंबी वार्ता का परिणाम था।
  - हालाँकि, अमेरिका ने ईरान के अनुपालन और ईरान के मिसाइल कार्यक्रम और क्षेत्रीय प्रभाव को संबोधित करने में समझौते की अक्षमता पर चिंताओं का हवाला देते हुए **वर्ष** 2018 में समझौते से **वापस** ले लिया।
- समझौते के तहत, ईरान ने प्रतिबंधों में राहत के बदले में सेंट्रीफ्यूज, संवर्द्धित यूरेनियम और भारी पानी (heavy-water) तथा परमाणु हथियारों के सभी प्रमुख घटकों के अपने भंडार में महत्वपूर्ण कटौती करने पर सहमति व्यक्त की थी।
- **अत: उल्लिखित देशों में से इराक** इस समझौते का हिस्सा नहीं है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

27.

उत्तर: C

व्याख्या:

- संविधान (**106वाँ संशोधन**) **अधिनियम, 2023, लोकसभा, राज्य विधानसभाओं** और **राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधानसभा** में **महिलाओं के लिये सभी सीटों में से एक**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

**तिहाई सीटें** आरक्षित करता है, जिनमें **अनुसूचित जातियों** और अनुसूचित जनजातियों के लिये आरक्षित सीटें भी शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

- आरक्षण **15 वर्ष** की अवधि के लिये प्रदान किया जाएगा। हालाँकि, यह संसद द्वारा बनाए गए कानून द्वारा निर्धारित तिथि तक जारी रहेगा।
- **महिला आरक्षण अधिनियम, 2023 में** तीन नए अनुच्छेद जोड़े गए: **330A, 332A** और **334A। अत: कथन 2 सही है।**
  - प्रस्तावित **अनुच्छेद 330A** और **332A लोकसभा** और **राज्य विधानसभाओं** में महिलाओं के लिये आरक्षण लागू करने की बात करते हैं। अनुच्छेद 334A में एक **सनसेट क्लॉज शामिल है, जो 15 वर्ष** पश्चात इस आरक्षण को समाप्त कर देता है।
- इस अधिनियम के अनुसार **अनुसूचित जातियों** और **अनुसूचित जनजातियों** के लिये **आरक्षित एक तिहाई सीटें** महिलाओं को आवंटित की जानी चाहिये। **अत: कथन 3 सही है।**

28.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **नीति आयोग ने भारत में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) आधारित नवाचार** और **आर्थिक विकास** को बढ़ावा देने के लिये **कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लिये राष्ट्रीय रणनीति (NSAI)** विकसित की है, जिसमें स्वास्थ्य सेवा, कृषि, शिक्षा, स्मार्ट गतिशीलता और शासन जैसे प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

29.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**वित्त आयोग (FC):**

- **वित्त आयोग संवैधानिक निकाय** हैं, इसकी स्थापना **अनुच्छेद 280** के तहत हर **पाँच साल में संघ** और राज्यों के बीच **वित्तीय संसाधनों के वितरण की** सिफारिश करने के लिये की जाती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- वित्त **आयोग की सिफारिशें** सलाहकार प्रकृति की होती हैं और सरकार पर कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं होती हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- भारतीय **संविधान में वित्त आयोग को** देश में **राजकोषीय संघवाद** की आधारशिला के रूप में देखा गया है।

30.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **भारत में बहुभाषिकता को** बढ़ावा देने के लिये **कोठारी आयोग (1968) ने** त्रिभाषा **फार्मूला की** अनुशंसा की थी। इसमें स्कूलों में हिंदी, अंग्रेज़ी और एक क्षेत्रीय भाषा पढ़ाने का प्रस्ताव था।
- **त्रि-भाषा फॉर्मूला (कोठारी आयोग 1968):**
  - **प्रथम भाषा: यह मातृभाषा** या **क्षेत्रीय भाषा** होगी।
  - **दूसरी भाषा: हिंदी भाषी राज्यों** में यह अन्य **आधुनिक भारतीय भाषाएँ** या **अंग्रेज़ी** होगी। **गैर-हिंदी भाषी राज्यों** में यह **हिंदी या अंग्रेज़ी** होगी।
  - **तीसरी भाषा: हिंदी भाषी राज्यों** में यह **अंग्रेज़ी** या कोई **आधुनिक भारतीय भाषा** होगी। **गैर-हिंदी भाषी राज्यों** में यह **अंग्रेज़ी** या कोई आधुनिक भारतीय भाषा होगी।
- **हनुमंत राव समिति, एल.एम. सिंघवी समिति (1986), पी.के. थुंगन समिति (1989) की स्थापना पंचायती राज संस्थानों** की स्थिति की जाँच करने और उन्हें दृढ़ करने के उपायों की अनुशंसा करने के लिये की गई थी।
- **अत: विकल्प A सही है।**

31.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **मांग-प्रेरित मुद्रास्फीति** तब होती है जब वस्तुओं और सेवाओं की मांग उनकी आपूर्ति से अधिक हो जाती है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- जब अर्थव्यवस्था में समग्र मांग अधिक होती है, तो उपभोक्ता उपलब्ध वस्तुओं और सेवाओं के लिये अधिक भुगतान करने को तैयार हो जाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप कीमतों में सामान्य वृद्धि होती है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **लागत-प्रेरित मुद्रास्फीति** वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन लागत में वृद्धि से प्रेरित होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसका कारण आय में वृद्धि, कच्चे माल की बढ़ी हुई लागत या आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान जैसे कारक हो सकते हैं।
- **मौद्रिक मुद्रास्फीति** अक्सर अर्थव्यवस्था में मुद्रा आपूर्ति में वृद्धि से जुड़ी होती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**32.**

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

- **भारत एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में:**
  - **उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (PLI) योजना** की परिकल्पना **घरेलू विनिर्माण क्षमता को** बढ़ाने, **आयात प्रतिस्थापन** और रोज़गार सृजन को बढ़ाने के लिये की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
    - **मार्च 2020** में शुरू की गई इस योजना ने शुरुआत में तीन उद्योगों को लक्षित किया:
    - मोबाइल एवं संबद्ध घटक विनिर्माण
    - विद्युत घटक विनिर्माण
    - चिकित्सा उपकरण
    - बाद में इसे **14 सेक्टरों तक बढ़ा दिया गया।**
  - **लक्षित क्षेत्र:**
    - 14 **क्षेत्र** हैं मोबाइल विनिर्माण, चिकित्सा उपकरणों का विनिर्माण, ऑटोमोबाइल और ऑटो घटक, फार्मास्यूटिकल्स, ड्रग्स, विशेष इस्पात, दूरसंचार और नेटवर्किंग उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, सफेद सामान (AC और LED), खाद्य उत्पाद, कपड़ा उत्पाद, सौर PV मॉड्यूल, उन्नत रसायन सेल (ACC) बैटरी और **ड्रोन और ड्रोन घटक। अतः कथन 2 सही है।**

**33.**

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

- **नकद आरक्षित अनुपात (CRR)** बैंक की जमाराशियों का वह अनुपात है जिसे उसे नकदी के रूप में RBI के पास आरक्षित रखना चाहिये। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - CRR को समायोजित करके, RBI बैंकों द्वारा उधार देने के लिये उपलब्ध धनराशि की मात्रा को नियंत्रित कर सकता है।
  - **रेपो दर वह ब्याज दर** है जिस पर **RBI वाणिज्यिक बैंकों को** अल्पावधि के लिये ऋण देता है।
- **रिवर्स रेपो दर** वह दर है जिस पर बैंक अपने अधिशेष धन को RBI के पास जमा करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **बैंक दर** वह दर है जिस पर RBI बैंकों और वित्तीय संस्थानों को दीर्घकालिक निधियाँ प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**34.**

**उत्तरः A**

**व्याख्याः**

- **सौर, पवन, भूतापीय, बायोगैस, कम प्रभाव वाली जलविद्युत** और कुछ योग्य बायोमास स्रोत सभी प्रमुख हरित ऊर्जा स्रोत हैं। **अतः कथन I सही है।**
- **हरित ऊर्जा उत्पादन** से **वायुमंडल** में कोई खतरनाक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जित नहीं होती, जिसके परिणामस्वरूप पर्यावरण पर बहुत कम या कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।
- **हरित ऊर्जा को नवीकरणीय स्रोतों** से प्राप्त ऊर्जा के रूप में परिभाषित किया जाता है। इसे **स्वच्छ, सतत् या नवीकरणीय ऊर्जा** के रूप में भी जाना जाता है। **अतः कथन II सही है।**
- **कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।**

**35.**

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

- **उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI)** उन वस्तुओं और सेवाओं जैसे **भोजन, चिकित्सा देखभाल, शिक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स** आदि के मूल्य में अंतर की गणना करता है, जिन्हें भारतीय उपभोक्ता उपयोग के लिये खरीदते हैं।
- CPI में कई उप-समूह हैं जिनमें खाद्य और पेय पदार्थ, ईंधन और प्रकाश, आवास और वस्त्र, बिस्तर और जूते शामिल हैं।
- **CPI के चार प्रकार इस प्रकार हैं:**
  - **औद्योगिक श्रमिकों (IW) के लिये CPI**
  - **कृषि मज़दूर (AL) के लिये CPI**
  - **ग्रामीण मज़दूर (RL) के लिये CPI**
  - **CPI (ग्रामीण/शहरी/संयुक्त)**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- इनमें से **औद्योगिक श्रमिकों (IW) के लिये पहले तीन CPI, कृषि मज़दूरों (AL) के लिये CPI, ग्रामीण मज़दूरों (RL) के लिये CPI, श्रम और रोज़गार मंत्रालय में श्रम ब्यूरो** द्वारा संकलित किये जाते हैं।
- **चौथा आँकड़ा सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय** के NSO द्वारा संकलित किया जाता है।
- **अतः विकल्प C सही है।**

**36.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020:**
- वर्तमान **10+2 प्रणाली को** नए **5+3+3+4** पाठ्यक्रम संरचना द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा, जो क्रमश: **3-8, 8-11, 11-14,** तथा **14-18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिये उपयुक्त होगा।**
- यह कक्षा 5 तक शिक्षा के माध्यम के रूप में **मातृभाषा** या **क्षेत्रीय भाषाओं के उपयोग को बढ़ावा देता है। अतः कथन 1 सही है।**
- यह अनुसंधान संस्कृति और क्षमता को बढ़ाने के लिये **राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन की स्थापना करता है। अतः कथन 2 सही है।**
- यह योग्यता-आधारित और समग्र मूल्यांकन के लिये PARAKH **(समग्र विकास के लिये प्रदर्शन मूल्यांकन, समीक्षा और ज्ञान का विश्लेषण)** प्रस्तुत करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**37.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC):**
  - इसकी **स्थापना** 1994 में हुई थी, यह **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC)** के तहत एक **स्वायत्त निकाय** है जो भारत में **उच्च शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता** का आकलन करने के लिये ज़िम्मेदार है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **NAAC ने एक वर्ष पुराने संस्थानों** को **कॉलेजों के लिये अनंतिम मान्यता (PAC)** जारी करने की संभावना का अध्ययन किया।
  - UGC ने वर्ष 2019 में NAAC से मान्यता प्राप्त करने के इच्छुक संस्थानों को सलाह देने के लिये **'परामर्श'** नामक एक योजना शुरू की। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **अतः विकल्प A सही है।**

**38.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI):**
  - इसकी स्थापना RBI और भारतीय बैंक संघ द्वारा भुगतान और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 के प्रावधानों के तहत की गई थी।
  - **तत्काल भुगतान सेवा (IMPS), राष्ट्रीय स्वचालित समाशोधन गृह (NACH), आधार भुगतान ब्रिज (APB) प्रणाली और राष्ट्रीय वित्तीय स्विच (NFS)** सभी सेवाएँ और पहल हैं जो भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) से जुड़ी हैं।
- **अतः विकल्प D सही है।**

**39.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड (DNA):**

- DNA **यूकेरियोटिक कोशिकाओं (जंतु और पादप) के नाभिक और प्रोकैरियोटिक कोशिकाओं (बैक्टीरिया)** के कोशिका द्रव्य में पाया जाने वाला आनुवंशिक पदार्थ है। इसकी संरचना एक डबल हेलिक्स के रूप में होती है।
- यह **गुणसूत्रों के 23 युग्म** में व्यवस्थित होता है, जो माता-पिता दोनों से समान रूप से वंशागत होते हैं, जो **एडेनिन (A), गुआनिन (G), थाइमिन (T) और साइटोसिन (C) नामक चार न्यूक्लियोटाइड के अनुक्रमों में आनुवंशिक सूचना को एनकोड करते हैं।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- DNA प्रोफाइलिंग में **DNA के विशिष्ट क्षेत्रों ( 0.1% ) का विश्लेषण करके व्यक्तियों की पहचान की जाती है,** न कि **समान क्षेत्रों ( 99.9% ) की**। DNA के विशिष्ट क्षेत्र एक व्यक्ति को दूसरे से अलग करने का कार्य करते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है**
- मानव DNA में 0.1% भिन्नता में **शॉर्ट टेंडम रिपीट ( STR )** शामिल हैं, जो फोरेंसिक विश्लेषण के लिये अत्यधिक उपयोगी हैं। **अतः कथन 2 सही है**
- **माइक्रोसैटेलाइट्स DNA** के **लघु खंड** होते हैं जिनमें विशिष्ट न्यूक्लियोटाइड पैटर्न के दोहराए गए अनुक्रम होते हैं। इन्हें सामान्यतः शॉर्ट टेंडम रिपीट (STR) भी कहा जाता है।
- DNA को विभिन्न जैविक पदार्थों जैसे **रक्त, लार, वीर्य और अन्य शारीरिक तरल पदार्थों** से निकाला जा सकता है। DNA प्रोफाइल बनाने के लिये इन नमूनों को एकत्र किया जाता है और उनका विश्लेषण किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**40.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत का परमाणु ऊर्जा क्षेत्र:**

- **परमाणु ऊर्जा** विद्युत् का एक स्थिर और विश्वसनीय स्रोत प्रदान करती है, जिससे कोयले पर भारत की अत्यधिक निर्भरता कम होती है।
- **परमाणु ऊर्जा अधिनियम, 1962** के अंतर्गत परमाणु ऊर्जा पर **विशेष अधिकार केंद्र सरकार** को प्रदान किया गया है, न कि **परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड ( AERB )** को। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड ( AERB )** भारत में परमाणु उद्योग के भीतर सुरक्षा मानकों और उनके कार्यान्वयन की देखरेख के लिये ज़िम्मेदार है। **अतः कथन 2 सही है**
- **भारत परमाणु बीमा पूल ( INIP )** दुर्घटनाओं के लिये बीमा कवरेज प्रदान करता है।
- **भारत परमाणु अप्रसार संधि ( NPT )** का **हस्ताक्षरकर्त्ता नहीं है, लेकिन भारत-अमेरिका असैन्य परमाणु समझौते** के तहत अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) **सुरक्षा उपायों का पालन करता है। अतः कथन 3 सही है।**

**41.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **भारत में न्यायिक जवाबदेही:**
  - वर्ष 2015 में, **सर्वोच्च न्यायालय ( SC )** ने **राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग ( NJAC )** को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इससे **न्यायिक स्वतंत्रता का उल्लंघन** हुआ है, जो **संविधान के मूल ढाँचे** का हिस्सा है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - **संविधान का मूल ढाँचा** उन मौलिक **सिद्धांतों** और **मूल मूल्यों को संदर्भित करता है** जो **भारतीय संविधान** का आधार हैं और संसद द्वारा संशोधनों के माध्यम से उन्हें बदला या नष्ट नहीं किया जा सकता है।
  - NJAC ने सरकार को **न्यायिक नियुक्तियों में महत्त्वपूर्ण भूमिका प्रदान** की, जिसका न्यायपालिका ने विरोध किया।
  - NJAC में कुल छह सदस्य शामिल हैं।
    - भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI): NJAC के अध्यक्ष
    - मुख्य न्यायाधीश के बाद सर्वोच्च न्यायालय के दो वरिष्ठतम न्यायाधीश
    - **केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री। अतः कथन 2 सही है।**
  - NJAC में दो **प्रतिष्ठित व्यक्तियों** की नियुक्ति की जाएगी, जिन्हें निम्नलिखित समिति द्वारा नामित किया जाएगा:
    - **भारत के प्रधानमंत्री**
    - भारत के मुख्य न्यायाधीश
    - **लोकसभा में विपक्ष का नेता ( या सबसे बड़े विपक्षी दल का नेता )।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

42.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- थाईलैंड **दक्षिण पूर्व एशिया** में सबसे बड़ी नहीं बल्कि **दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था** है (इंडोनेशिया सबसे बड़ी है)। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत और थाईलैंड के बीच **रणनीतिक साझेदारी** स्थापित करने हेतु एक **संयुक्त घोषणापत्र** पर हस्ताक्षर किए गए हैं।
- **सिंगापुर, इंडोनेशिया** और **मलेशिया** के बाद थाईलैंड **भारत का चौथा सबसे बड़ा व्यापार साझेदार** है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **भारत और थाईलैंड रक्षा** और **उन्नत प्रौद्योगिकी**, विशेषकर बाह्य अंतरिक्ष में सहयोग बढ़ाने पर सहमत हुए।
- भारत और थाईलैंड ने **डिजिटल प्रौद्योगिकियों** में सहयोग पर एक **समझौता ज्ञापन (MoU), लोथल में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर** के विकास के लिये एक समझौता ज्ञापन और **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों** में सहयोग पर एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये। **अत: कथन 3 सही है**

43.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **संयुक्त राज्य अमेरिका** ने **वियतनाम, लाओस, कंबोडिया, इंडोनेशिया, बांग्लादेश** और **श्रीलंका** जैसे देशों पर **उच्च टैरिफ** लगाया क्योंकि **चीनी कंपनियों** ने अमेरिकी टैरिफ से बचने के लिये वहाँ कारखाने स्थापित किये थे। चीन को इन देशों के माध्यम से **टैरिफ को दरकिनार करने** से रोकने के लिये, ट्रंप ने उनके निर्यात को भी लक्षित किया, जिससे **चीन की विस्तारित आपूर्ति शृंखला** प्रभावित हुई।
- **अत: विकल्प C सही है।**

44.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **भारत की कनेक्टिविटी परियोजनाएँ:**
- **कलादान मल्टीमॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट (KMTTP) भारत** और **म्याँमार** को जोड़ने वाली एक प्रमुख बुनियादी ढाँचागत पहल है, जिसे **भारत के पूर्वोत्तर राज्यों** और देश के शेष हिस्सों और **म्याँमार** के बीच संपर्क में सुधार करने के लिये डिज़ाइन किया गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - **इसमें परिवहन के तीन साधनों का उपयोग किया जाता है:**
    - समुद्री मार्ग
    - अंतर्देशीय जलमार्ग
    - सड़क मार्ग
- **भारत-म्याँमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग** एक प्रमुख बुनियादी ढाँचागत परियोजना है जिसका उद्देश्य **दक्षिण एशिया** और **दक्षिण पूर्व एशिया** के बीच क्षेत्रीय संपर्क में सुधार करना है। इसका उद्देश्य **भारत, म्याँमार** और **थाईलैंड को सभी मौसम सड़क नेटवर्क के माध्यम से जोड़ना** है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - यह भारत की **एक्ट ईस्ट नीति** और **आसियान-भारत** कनेक्टिविटी पहल का एक हिस्सा है।
- **अगरतला -अखौरा रेल लिंक भारत** और **बांग्लादेश** के बीच एक संपर्क परियोजना है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- यह **अगरतला (त्रिपुरा, भारत) को अखौरा (बांग्लादेश)** से जोड़ती है, जिसका उद्देश्य **भारत के उत्तर-पूर्व** और **बांग्लादेश** के बीच संपर्क में सुधार करना, यात्रा के समय को कम करना और **व्यापार, लोगों से लोगों के बीच संपर्क** और **क्षेत्रीय एकीकरण** को बढ़ाना है।

45.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **52वें संशोधन अधिनियम (1985)** द्वारा जोड़ी गई **संविधान की दसवीं अनुसूची दलबदल विरोधी कानून** से संबंधित है।
- **दलबदल विरोधी कानून संसद सदस्यों (MP)/विधानसभा सदस्यों (MLA)** को एक दल छोड़कर दूसरे दल में शामिल होने पर दंडित करता है।
- यह किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल होने के आधार पर **निर्वाचित सदस्यों की अयोग्यता** के प्रावधान निर्धारित करता है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

46.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **ब्रेटन वुड्स फ्रेमवर्क** की स्थापना **जुलाई 1944** में हुई थी, जब **44 मित्र राष्ट्रों** के प्रतिनिधि **ब्रेटन वुड्स, न्यू हैम्पशायर, संयुक्त राज्य अमेरिका** में मिले थे।
- **ब्रेटन वुड्स फ्रेमवर्क द्वितीय विश्व युद्ध** के बाद मुद्रा स्थिरता प्रदान करने और वैश्विक आर्थिक सुधार को सुविधाजनक बनाने के लिये बनाया गया था। **अतः कथन I सही है।**
    - इस फ्रेमवर्क का प्राथमिक उद्देश्य **द्वितीय विश्व युद्ध के कारण हुए बड़े पैमाने पर विनाश के बाद वैश्विक अर्थव्यवस्था का पुनर्निर्माण और स्थिरीकरण करना** था।
- ब्रेटन वुड्स के कारण विश्व बैंक और **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष** (IMF) जैसी संस्थाओं की स्थापना हुई। **अतः कथन II सही है।**
- **कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।**

47.

उत्तर: B

व्याख्या:

**लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM):**

- LLMs सामान्य प्रयोजन भाषा मॉडल हैं जो **टेक्स्ट क्लासिफिकेशन, प्रश्नोत्तर और टेक्स्ट जनरेशन** जैसी सामान्य भाषा समस्याओं को हल करने में सक्षम हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- इन मॉडलों को मानव भाषा के भीतर पैटर्न, संरचनाओं और संबंधों को समझने के लिये **बड़े डोमेन-विशिष्ट डेटासेट** पर ट्रेन अर्थात् प्रशिक्षित किया जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **LLMs** की मुख्य योग्यता **व्याकरण, संदर्भ** तथा **शब्दों** एवं **वाक्यों के अर्थ** को समझने के साथ-साथ उनके बीच संबंधों को पहचानने में निहित है। यह उन्हें ऐसी प्रतिक्रियाएँ करने में सक्षम बनाता है जो **स्वाभाविक** और **मानवीय** लगती हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

48.

उत्तर: A

व्याख्या:

**अनुसंधान एवं विकास (R&D) व्यय:**

- भारत द्वारा अपने **सकल घरेलू उत्पाद** का केवल 0.64% **अनुसंधान और विकास (R&D)** पर खर्च किया जाता है, जो वैश्विक औसत से काफी कम है एवं **चीन** (2.41%) और **अमेरिका** (3.47%) जैसे देशों द्वारा किए जाने वाले खर्च से भी बहुत कम है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- अनुसंधान एवं विकास व्यय में निजी क्षेत्र का योगदान भारत (36.4%) की तुलना में **चीन (77%) और अमेरिका** (75%) में काफी अधिक है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - इससे **भारत के अनुसंधान एवं विकास क्षेत्र** में निजी उद्योगों की तुलनात्मक रूप से कम भागीदारी पर प्रकाश पड़ता है।
- भारत में निजी क्षेत्र का **कुल अनुसंधान एवं विकास व्यय** में केवल **36.4% का योगदान** है, जो **40% से भी कम** है। **अतः कथन 3 सही है।**

49.

उत्तर: B

व्याख्या:

**भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC) के अधिवेशन:**

- **भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस की स्थापना सेवानिवृत्त ब्रिटिश सिविल सेवक एलन ऑक्टेवियन ह्यूम (ए.ओ. ह्यूम)** के मार्गदर्शन में की गई थी जिसका उद्देश्य भारतीयों को ब्रिटिश सरकार के समक्ष अपनी **राजनीतिक, सामाजिक** और **आर्थिक मांगों** को उठाने के लिए एक साझा मंच प्रदान करना था।
- **कॉन्ग्रेस का पहला अधिवेशन** वर्ष 1885 में डब्ल्यू.सी. बनर्जी की अध्यक्षता में **बॉम्बे (कलकत्ता नहीं)** में आयोजित किया गया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **कॉन्ग्रेस** का उद्देश्य राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना, **सामूहिक राजनीतिक कार्रवाई की भावना को बढ़ावा देना** तथा धीरे-धीरे भारत के स्वतंत्रता संग्राम का आधार तैयार करना था।
- **सैयद बदरुद्दीन तैयबजी** वर्ष 1887 (मद्रास अधिवेशन) में कॉन्ग्रेस के पहले मुस्लिम अध्यक्ष थे। **अतः कथन 2 सही है।**
- जॉर्ज यूल वर्ष 1888 के इलाहाबाद अधिवेशन में कॉन्ग्रेस के **पहले अंग्रेज अध्यक्ष** थे। **अतः कथन 3 सही है।**

**50.**

**उत्तरः A**

**व्याख्याः**

**इंद्रा साहनी केस (1992):**

- सर्वोच्च **न्यायालय ने सरकारी नौकरियों** में **अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC)** के लिए **27% आरक्षण** को बरकरार रखा। **अतः कथन 1 सही है।**
- न्यायालय ने **मंडल आयोग** की सिफारिश के अनुसार **OBC के लिए 27% आरक्षण की वैधता** को बरकरार रखा।
- **सर्वोच्च न्यायालय ने 103वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2019** की **संवैधानिक वैधता** को बरकरार रखा, जिसमें भारत में **सरकारी नौकरियों** तथा **शैक्षणिक संस्थानों** में सामान्य श्रेणी के व्यक्तियों से संबंधित **आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (EWS)** के लिए **10% आरक्षण** प्रदान किया गया। यह इंद्रा साहनी केस (1992) से संबंधित नहीं है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- इस निर्णय में कहा गया कि असाधारण परिस्थितियों को छोड़कर कुल आरक्षण **50% से अधिक नहीं** होना चाहिए। **अतः कथन 3 सही है।**

**51.**

**उत्तरः D**

**व्याख्याः**

**भारतीय संविधान के अनुच्छेद 200 के अंतर्गत, जब राज्य विधानमंडल द्वारा पारित विधेयक राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है, तो राज्यपाल के पास निम्नलिखित शक्तियाँ होती हैं:**

- **भारतीय संविधान के अनुच्छेद** 200 के तहत राज्यपाल को राज्य विधानमंडल द्वारा पारित **विधेयक को स्वीकृति** देने का अधिकार है। राज्यपाल द्वारा स्वीकृति दिए जाने के बाद विधेयक कानून बन जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- राज्यपाल के पास **किसी विधेयक पर अपनी स्वीकृति रोकने** तथा उसे पुनर्विचार के लिए राज्य विधानमंडल को वापस भेजने का भी अधिकार है तथा ऐसा करने के लिए उन्हें विशिष्ट कारण भी बताने होंगे।
  - यदि राज्य विधानमंडल विधेयक को संशोधनों के साथ या बिना संशोधनों के पुनः पारित करता है तो राज्यपाल संवैधानिक रूप से विधेयक को स्वीकृति देने के लिए बाध्य है। **अतः कथन 2 सही है।**
- कुछ स्थितियों में **राज्यपाल भारत के राष्ट्रपति के विचार के लिए विधेयक को आरक्षित** कर सकते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- ऐसा आमतौर पर तब होता है जब **विधेयक संघीय कानूनों के साथ टकराव** में हो, **अनुच्छेद 31A** के तहत संपत्ति के अधिकार से संबंधित मामलों से संबंधित हो या व्यापक लोक हित के मुद्दों से संबंधित हो।

**52.**

**उत्तरः A**

**व्याख्याः**

**पाक खाड़ी:**

- यह **दक्षिण भारत** और **उत्तरी श्रीलंका** के बीच एक संकीर्ण जल निकाय है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **श्रीलंका** से निकलने वाली मानसूनी नदियों के कारण **पोषक तत्त्वों** के प्रवाह के कारण यह जैवविविधता से समृद्ध है।
- इसकी दक्षिणी सीमा पर पंबन जलडमरूमध्य, रामेश्वरम द्वीप और एडम ब्रिज (राम सेतु) हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसकी पूर्वोत्तर सीमा पर पाक जलडमरूमध्य है जो पाक खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME




53.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **मित्र शक्ति, भारत और श्रीलंका** की सेनाओं के बीच प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला एक **संयुक्त सैन्य अभ्यास** है।
- यह **आतंकवाद विरोधी अभियानों** तथा दोनों सेनाओं के बीच **अंतर-संचालन क्षमता** बढ़ाने पर केंद्रित है।
- SLINEX ( **श्रीलंका-भारत नौसेना अभ्यास** ) **भारत और श्रीलंका की नौसेनाओं** के बीच आयोजित एक **द्विपक्षीय नौसैनिक अभ्यास** है।
- इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच **समुद्री सहयोग** तथा **अंतरसंचालनीयता को मज़बूत** करना है।
- **अत: विकल्प B सही है।**

54.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **संविधान के अनुच्छेद 112** के तहत 1 अप्रैल से 31 मार्च तक के प्रत्येक वित्तीय वर्ष के संबंध में भारत सरकार की अनुमानित प्राप्तियों और व्यय का विवरण संसद के समक्ष रखा जाना आवश्यक है।
    - **वार्षिक वित्तीय विवरण** संविधान के **अनुच्छेद 112** के तहत प्रस्तुत किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **संचित निधि** से **व्यय के अनुमान** बजट **विवरणों** में शामिल किए जाते हैं और इस पर **लोकसभा द्वारा मतदान** किए जाने की आवश्यकता होती है जिन्हें **अनुदान मांगों** के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- सामान्यत: किसी मंत्रालय/विभाग के नियंत्रणाधीन प्रत्येक प्रमुख सेवा के लिए **पृथक मांग** प्रस्तुत करना अपेक्षित होता है।
- **वार्षिक वित्तीय विवरणों** में शामिल **प्राप्तियों के अनुमानों को प्राप्ति बजट** में समझाया और विश्लेषित किया जाता है। प्राप्ति बजट में राजस्व प्राप्तियाँ, पूंजीगत प्राप्तियाँ और बाह्य सहायता का विवरण शामिल होता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**55.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **ऑटोरिग्रैसिव मॉडल** पिछले शब्दों के अनुक्रम के आधार पर आगामी शब्द का प्रेडिक्शन/पूर्वानुमान करते हैं। GPT-3 इस दृष्टिकोण का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। **अत: कथन 1 सही है।**
- LaMDA और **जेमिनी (जिसे पहले Bard के रूप में जाना जाता था) ऑटोरिग्रैसिव मॉडल** नहीं हैं। वे मुख्य रूप से Google द्वारा विकसित **ट्रांसफॉर्मर-आधारित मॉडल** हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - **कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI)** में **ट्रांसफॉर्मर-आधारित मॉडल, गहन शिक्षण मॉडलों** के एक वर्ग को संदर्भित करते हैं, जो **मानव जैसी भाषा** को संसाधित करने और उत्पन्न करने के लिये **ट्रांसफॉर्मर आर्किटेक्चर** का उपयोग करते हैं।
- **ऑटोरिग्रैसिव मॉडल** मुख्य रूप से **मशीन अनुवाद** के लिये उपयोग नहीं किये जाते हैं। मशीन अनुवाद में प्राय: ऑटोरिग्रैसिव मॉडल के स्थान पर **एनकोडर-डिकोडर मॉडल** का उपयोग किया जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**56.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व में **सम्राट अशोक के पुत्र** महेंद्र ने **श्रीलंका** में **बौद्ध धर्म** की शुरुआत की, जिससे दोनों देशों के बीच मज़बूत **सांस्कृतिक एवं धार्मिक संबंध** स्थापित हुए। **अत: कथन 1 सही है।**
- **10वीं शताब्दी ई.** के दौरान **दक्षिण भारत** के **चोल राजवंश** ने श्रीलंका पर कई बार आक्रमण किया जिससे श्रीलंकाई कला, वास्तुकला और भाषा पर स्थायी प्रभाव पड़ा। **अत: कथन 2 सही है।**
- वर्ष 1987 के **भारत-श्रीलंका समझौते** के परिणामस्वरूप **श्रीलंकाई संविधान** में **13वाँ संशोधन** किया गया, जिसका उद्देश्य **तमिल-बहुल क्षेत्रों** को अधिक स्वायत्तता प्रदान करना था।
- **वर्ष** 1987 के **भारत-श्रीलंका समझौते** पर हस्ताक्षर के बाद **भारतीय शांति रक्षा सेना (IPKF)** को **श्रीलंका** में तैनात किया गया था।

**57.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारतीय संविधान के अनुच्छेद 93 में लोकसभा अध्यक्ष और साथ ही उपाध्यक्ष के निर्वाचन का प्रावधान है। **अत: कथन 1 सही है।**
- अध्यक्ष **सदन का संवैधानिक** और **औपचारिक प्रमुख** होता है। अत: कथन 2 सही है।
- **संसद** के प्रत्येक सदन का अपना **पीठासीन अधिकारी** होता है।
  - **लोकसभा** का एक **अध्यक्ष** और एक **उपाध्यक्ष** होता हैं तथा **राज्यसभा** का एक **सभापति** और एक **उपसभापति** होता है।
- भारत में **लोकसभा अध्यक्ष की संस्था** की शुरुआत **वर्ष** 1921 में **भारत शासन अधिनियम, 1919 (मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड सुधार)** के प्रावधानों के तहत हुई थी। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- **भारत शासन अधिनियम, 1935** द्वारा **प्रेसिडेंट** और **डिप्टी प्रेसिडेंट** के पदनाम में परिवर्तन कर इसे क्रमश: **अध्यक्ष** और **उपाध्यक्ष** कर दिये गए।

**58.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **भारतीय संविधान** के **अनुच्छेद 324(2)** के अनुसार, **निर्वाचन आयोग** में **मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC)** और अन्य **निर्वाचन आयुक्त (EC)** होते हैं, जिन्हें **राष्ट्रपति समय-समय** पर नियत कर सकते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **मुख्य निर्वाचन आयुक्त** और **अन्य निर्वाचन आयुक्तों** की **नियुक्ति संविधान** के **अनुच्छेद 324( 2 )** के अनुसार **भारत के राष्ट्रपति** द्वारा की जाती है।
- **मुख्य निर्वाचन आयुक्त** और **अन्य निर्वाचन आयुक्तों** की सेवा शर्तें और पदावधि **भारत के राष्ट्रपति** द्वारा विधि के तहत बनाए गए नियमों के माध्यम से निर्धारित किया जाता है, जैसा कि **मुख्य निर्वाचन आयुक्त और अन्य निर्वाचन आयुक्त ( नियुक्ति, सेवा शर्तें और पदावधि ) अधिनियम, 2023** में निर्दिष्ट है। **अत: कथन 2 सही है।**

59.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

**आधार**

- आधार एक **12 अंकों की व्यक्तिगत पहचान संख्या** है जो भारत सरकार की ओर से **भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ( UIDAI )** द्वारा जारी की जाती है।
  - यह संख्या भारत में कहीं भी **पहचान और पते के प्रमाण** के रूप में कार्य करती है।
- आधार कार्ड एक **बायोमेट्रिक दस्तावेज़** है जो व्यक्ति की व्यक्तिगत जानकारी को सरकारी डाटाबेस में संग्रहीत करता है।
- देश में लगातार **छह महीने** से अधिक समय तक रहने वाले किसी भी व्यक्ति को आधार कार्ड जारी किया जा सकता है, बशर्ते वह सूचीबद्ध 18 पहचान पत्रों में से एक और पते का प्रमाण प्रस्तुत करे।
- विदेशी नागरिक इसे प्राप्त करने के पात्र हैं यदि वे **छह महीने** से भारत में रह रहे हों।
- आधार संख्या से निवासियों को **बैंकिंग, मोबाइल फोन कनेक्शन** और अन्य सरकारी और गैर-सरकारी सेवाओं द्वारा उचित समय पर प्रदान की जाने वाली विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाने में मदद मिलेगी।
- **अत: विकल्प C सही है।**

60.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

- **राष्ट्रीय गैर-संचारी रोगों की रोकथाम और नियंत्रण कार्यक्रम ( NP-NCD )** का प्राथमिक लक्ष्य **बुनियादी ढाँचे को मज़बूत बनाने, मानव संसाधन विकास, स्वास्थ्य संवर्द्धन** और **रोगों के शीघ्र निदान** और **प्रबंधन** के माध्यम से प्रमुख **NCD को** रोकना और नियंत्रित करना है।
- **NP-NCD के घटक:**
  - NCD स्क्रीनिंग **30 वर्ष या उससे अधिक** आयु के व्यक्तियों को **मधुमेह, उच्च रक्तचाप** और **ओरल, ब्रेस्ट** और सर्वाइकल कैंसर जैसे **सामान्य कैंसर** की जाँच के लिये लक्षित कर रही है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इसमें विभिन्न स्वास्थ्य सुविधा स्तरों पर कैंसर रोगियों के लिये **NCD क्लीनिक, कार्डियक केयर यूनिट ( CCU ) और डे केयर सेंटर** स्थापित करने का प्रावधान है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **प्रशिक्षण: आशा ( मान्यता प्राप्त सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता )** और ANM **( सहायक नर्स दाइयों )** जैसे **स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं** को NCD का शीघ्र पता लगाने, रोकथाम और प्रबंधन के लिये प्रशिक्षित किया जाता है। **अत: कथन 3 सही है।**
  - **डिजिटल एकीकरण:** NCD डेटा और स्क्रीनिंग को ट्रैक और प्रबंधित करने के लिये **राष्ट्रीय NCD पोर्टल और मोबाइल एप्लिकेशन** का उपयोग।

61.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

**रबींद्रनाथ टैगोर:**

- उनका जन्म **7 मई 1861** को **कलकत्ता** में हुआ था।
- उन्हें '**गुरुदेव**', '**कबिगुरु**' और '**विश्वकबी**' भी कहा जाता था।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- उन्हें **आधुनिक भारत** का **उत्कृष्ट रचनात्मक कलाकार** माना जाता है और **W.B. येट्स** ने उनकी प्रशंसा की है। **रवींद्रनाथ टैगोर** एक **बंगाली कवि, उपन्यासकार** और **चित्रकार थे**, जो पश्चिम में भारतीय संस्कृति को पेश करने में अत्यधिक प्रभावशाली थे।
- **पुरस्कार:**
  - उन्हें वर्ष 1913 में उनकी प्रसिद्ध कृति गीतांजलि के लिये **साहित्य का नोबेल पुरस्कार** मिला। **अतः कथन 1 सही है।**
  - वर्ष 1915 में उन्हें **ब्रिटिश राजा जॉर्ज पंचम** द्वारा **नाइटहुड** से सम्मानित किया गया था। वर्ष 1919 में, **जलियाँवाला बाग हत्याकांड** के बाद, उन्होंने अपनी नाइटहुड की उपाधि त्याग दी। **अतः कथन 2 सही है।**
  - **टैगोर नोबेल पुरस्कार पाने वाले पहले गैर-यूरोपीय** थे ।
- वह एक **दार्शनिक** और **शिक्षाविद्** थे जिन्होंने वर्ष 1921 में **विश्वभारती विश्वविद्यालय** की स्थापना की थी। **अतः कथन 3 सही है।**

**62.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INS) का अधिवेशन:**

- **दादाभाई नौरोजी** के नेतृत्व में **कॉन्ग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन (वर्ष 1906) में स्वराज, स्वदेशी, बहिष्कार और राष्ट्रीय शिक्षा** पर प्रस्ताव पारित किये गए। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
- **रास बिहारी घोष** के नेतृत्व में **सूरत अधिवेशन (वर्ष 1907) में उदारवादियों और उग्रवादियों के बीच विभाजन** देखा गया। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
- **कलकत्ता अधिवेशन (वर्ष 1911)** में पहली बार **वंदे मातरम् नहीं, बल्कि जन गण मन (राष्ट्रगान)** गाया गया था। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित नहीं है।**
- वर्ष 1915 के बॉम्बे अधिवेशन की अध्यक्षता सर एस.पी. सिन्हा ने की थी। **अतः युग्म 4 सही सुमेलित है।**

**63.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत के राष्ट्रपति की विधायी शक्तियाँ:**

- राष्ट्रपति द्वारा धन विधेयक को संसद के पुनर्विचार के लिये **वापस नहीं किया जा सकता (अनुच्छेद 111)। अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - **धन विधेयक भारत की संचित निधि** से **धन के विनियोजन** तथा **भारतीय संविधान** के **अनुच्छेद** 110 में निर्दिष्ट अन्य **वित्तीय मामलों** से संबंधित होता है।
- एक **साधारण विधेयक, यदि संसद** द्वारा बिना किसी परिवर्तन के पुनः लौटाया और पारित किया जाता है , तो राष्ट्रपति संवैधानिक रूप से स्वीकृति देने के लिये बाध्य है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - **साधारण विधेयक अनुच्छेद** 110 में उल्लिखित **धन या वित्तीय विषयों** से संबंधित मामलों के अतिरिक्त किसी भी मामले से संबंधित होता है।
- **भारतीय संविधान** में **राष्ट्रपति** द्वारा किसी **विधेयक को स्वीकृति देने** के लिये कोई **समय सीमा** निर्धारित नहीं की गई है, जिससे **पॉकेट वीटो** का उपयोग संभव हो जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**64.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB)** के आँकड़ों के अनुसार, गत पाँच वर्षों में भारत में **40,000 से अधिक छात्रों द्वारा आत्महत्या की घटनाएँ** दर्ज की गई हैं।
- **राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण (2016)** के अनुसार भारत में 10 में से 1 किशोर मानसिक स्वास्थ्य विकार से पीड़ित है।
- **द्विध्रुवीय विकार** एक **मानसिक स्वास्थ्य समस्या** है जिसमें लोग **बारी-बारी से अवसाद** और **उन्माद** का अनुभव करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **उन्माद असामान्य रूप से उत्थित अथवा चिड़चिड़े मूड, ऊर्जा स्तर** और गतिविधि की स्थिति है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- भारत अपने कुल **स्वास्थ्य बजट** का 0.5% से भी कम हिस्सा **मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं** के लिये आवंटित करता है, न कि 5%। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) द्वारा **मेडिकल छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण पर राष्ट्रीय टास्क फोर्स,** 2024 की रिपोर्ट जारी की गई। **अतः कथन 3 सही है।**
- **राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग** भारत में चिकित्सा शिक्षा और अभ्यास के लिये सर्वोच्च नियामक निकाय है, जिसे **वर्ष** 2020 में **भारतीय चिकित्सा परिषद (MCI)** के स्थान पर स्थापित किया गया था।

65.

उत्तर: C

व्याख्या:

**भारत में आधिकारिक भाषाएँ:**

- **भारतीय संविधान** की **8वीं अनुसूची** में **भारत गणराज्य की आधिकारिक भाषाओं** की सूची दी गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूची में **देश की 22 आधिकारिक भाषाएँ सूचीबद्ध** हैं।
- **अनुच्छेद 344** में **राजभाषा आयोग** का प्रावधान है, जिसका गठन **भारत के राष्ट्रपति द्वारा** आधिकारिक उद्देश्यों के लिये **हिंदी** के उपयोग के संबंध में जाँच करने और सुझाव देने के लिये किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **राजभाषा अधिनियम, 1963,** संघ के आधिकारिक उद्देश्यों के लिये **हिंदी** और **अंग्रेज़ी** के उपयोग को विनियमित करने के लिये संसद द्वारा अधिनियमित किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

66.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **महासागर विज़न,** जो कि **क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिये पारस्परिक और समग्र उन्नति** का संक्षिप्त रूप है, **भारत** द्वारा हाल ही में शुरू की गई एक समुद्री पहल है।
- छोटे राष्ट्रों के साथ संबंधों को सुदृढ़ करना और समुद्री क्षेत्र के बारे में जागरूकता बढ़ाना, **महासागर विज़न** के प्रमुख उद्देश्य हैं।
- **महासागर** का एक उद्देश्य समुद्री क्षेत्र में अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाना है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

67.

उत्तर: A

व्याख्या:

**भारत-श्रीलंका सहयोग:**

- **भारत और श्रीलंका** ने विद्युत् आयात और निर्यात के लिये **हाई वोल्टेज डायरेक्ट करंट (HVDC) इंटरकनेक्शन** के कार्यान्वयन के लिये एक **समझौता ज्ञापन** पर हस्ताक्षर किये हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच विद्युत् के **आयात** और **निर्यात** को सक्षम बनाना है।
  - यह **ऊर्जा सहयोग और क्षेत्रीय संपर्क** का हिस्सा है।
- भारत कोलंबो नहीं बल्कि **त्रिंकोमाली** में स्थित **थिरुकोनेश्वरम मंदिर और कैंडी** नहीं बल्कि अनुराधापुरा में स्थित **सेक्रेड सिटी कॉम्प्लेक्स** के लिये अनुदान सहायता प्रदान करेगा। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **त्रिंकोमाली** में 120 मेगावाट के सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन किया गया। यह **अक्षय ऊर्जा** और सतत् विकास को बढ़ावा देने में **भारत-श्रीलंका सहयोग** को दर्शाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

68.

उत्तर: D

व्याख्या:

**आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ABDM):**

- डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिये **ABDM को वर्ष** 2021 में लॉन्च किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह प्रत्येक नागरिक को अपने स्वास्थ्य रिकॉर्ड को सुरक्षित रूप से प्रबंधित और साझा करने के लिये एक अद्वितीय **14-अंकीय आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (ABHA) संख्या** प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **ABHA मोबाइल ऐप** स्वास्थ्य डेटा साझा करने के लिये सहमति प्रबंधन की सुविधा प्रदान करता है।
- **ABDM** का **5 वर्षों (वर्ष 2021-22 से वर्ष 2025-26)** के लिये परिव्यय **1,600 करोड़ रुपए** है।
- **ABDM पहचान सत्यापन** और **डिजिटल लेनदेन** के लिये **आधार** और **एकीकृत भुगतान इंटरफेस (UPI) बुनियादी ढाँचे** का उपयोग करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

69.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**प्रवास:**

- **प्रवासन** को सामान्यत: लोगों के एक भौगोलिक स्थान से दूसरे स्थान पर आवागमन के रूप में परिभाषित किया जाता है, जिसमें उनके निवास के सामान्य स्थान में परिवर्तन शामिल होता है। **अत: कथन I सही है।**
- **पुश फैक्टर** वे स्थितियाँ हैं जो व्यक्तियों को अपना निवास स्थान छोड़कर अन्यत्र जाने के लिये बाध्य करती हैं।
  - इन कारकों में **गरीबी, कम उत्पादकता, बेरोज़गारी, प्राकृतिक संसाधनों की कमी** और **प्राकृतिक आपदाएँ** जैसी **आर्थिक कठिनाइयाँ** शामिल हो सकती हैं, जो लोगों को अन्यत्र बेहतर अवसरों की तलाश करने के लिये प्रेरित करती हैं।
- **पुल फैक्टर** वे स्थितियाँ हैं जो **प्रवासियों को किसी विशेष स्थान पर आकर्षित** करती हैं, जैसे बेहतर रोज़गार के अवसर, उच्च वेतन, बेहतर कार्य परिस्थितियाँ और बेहतर जीवन स्तर। **अत: कथन II सही नहीं है।**
- **अत: विकल्प C सही है क्योंकि कथन-I सही है, किंतु कथन-II गलत है।**

70.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राज्यपाल का कार्यालय:**

- **भारतीय संविधान** का **भाग VI (अनुच्छेद 153 से 162)** राज्यपाल की **नियुक्ति, शक्तियों और कार्यों** से संबंधित है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - **राज्यपाल के पास निम्नलिखित योग्यताएँ होनी चाहिये:**
    - भारत का नागरिक हो।
    - उसकी आयु कम से कम 35 वर्ष हो।
    - उसे संसद या राज्य विधानमंडल के किसी भी सदन का सदस्य नहीं होना चाहिये।
    - किसी भी लाभ के पद पर नहीं रहना चाहिये।
- राज्यपाल **राज्य** के **संवैधानिक प्रमुख** और **केंद्र के प्रतिनिधि के रूप में दोहरी क्षमता** में कार्य करते है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **वे भारतीय राजनीति की संघीय प्रणाली** का हिस्सा हैं और **संघ** और **राज्य सरकारों** के बीच कड़ी का कार्य करते हैं।
- **अनुच्छेद** 153 एक ही व्यक्ति को एक साथ **दो या अधिक राज्यों** का **राज्यपाल** नियुक्त करने की अनुमति देता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

71.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- रेपो दर वह ब्याज दर है जिस पर वाणिज्यिक बैंक केंद्रीय बैंक से ऋण लेते हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
  - इससे बैंकों को अल्पकालिक तरलता आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद मिलती है।
- **रेपो लेन-देन** में वाणिज्यिक बैंक **RBI** को **सरकारी प्रतिभूतियाँ** बेचते हैं, इस समझौते के साथ कि बाद में उन्हें **पूर्व निर्धारित उच्च मूल्य (जिसमें ब्याज भी शामिल है) पर पुनर्खरीद** किया जाएगा। इसीलिये इसे **पुनर्खरीद समझौता** (रेपो) कहा जाता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **रेपो दर में वृद्धि** से बैंकों **के लिये उधार लेना महँगा** हो जाता है जिससे उपभोक्ताओं एवं व्यवसायों के लिये **ऋण सस्ता नहीं बल्कि महँगा** हो जाता है। अत: **उच्च रेपो दरों** से आमतौर पर अर्थव्यवस्था में **उधार तथा खर्च में कमी** आती हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

72.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **राज्यसभा** की अपनी विशिष्ट विशेषताएँ हैं और यह संविधान के **संघीय चरित्र** को प्रतिबिंबित करती है तथा **राज्यों के अधिकारों** की रक्षा करती है।
- **राज्यसभा** या **द्वितीय सदन** की उत्पत्ति के आधार को वर्ष 1918 की मोंटेग्यू-चेम्सफोर्ड रिपोर्ट से देखा जा सकता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - इस रिपोर्ट में **द्विसदनीय विधायिका**, निम्न **सदन या केंद्रीय विधान सभा** और **उच्च सदन या राज्य परिषद** की शुरुआत की गई।
- **राज्यसभा को संसद का स्थायी सदन** कहा जाता है क्योंकि यह कभी पूर्णतः भंग नहीं होती है।
- **भारतीय संविधान** की अनुसूची IV राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को राज्यसभा में सीटों के आवंटन से संबंधित है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **राज्यसभा** द्वारा संसद को केंद्र और राज्यों दोनों के लिये सामान्य नई अखिल भारतीय सेवाएँ निर्मित करने हेतु अधिकृत किया जा सकता है (अनुच्छेद 312)। **अतः कथन 3 सही है।**

73.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारत के संविधान के अनुसार, राज्य कार्यकारिणी में **राज्यपाल, राज्यों के मुख्यमंत्री, मंत्रिपरिषद और राज्य के महाधिवक्ता** शामिल होते हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- राज्यपाल राज्य का **कार्यकारी प्रमुख** होता है। हालाँकि, **केंद्र में राष्ट्रपति की तरह राज्यपाल,** राज्य का नाममात्र या **संवैधानिक प्रमुख** होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - वास्तविक **कार्यकारी शक्ति मुख्यमंत्री** की अध्यक्षता वाली **मंत्रिपरिषद** के पास होती है ।
- भारतीय संविधान के **भाग VI** में **अनुच्छेद 153 से 167 राज्य कार्यपालिका की संरचना, शक्तियों** और कार्यों से संबंधित हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

74.

उत्तर: D

व्याख्या:

- **भारत और चीन** ने औपचारिक रूप से **वर्ष 1950** में **राजनयिक संबंध** स्थापित किये, जिसमें बाद में **वर्ष 1954** में **पंचशील समझौते** पर हस्ताक्षर कर और अधिक विस्तार किया गया, जिससे **शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व** और **आपसी सम्मान** की नींव स्थापित हुई। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत ने **चीन की बेल्ट एंड रोड पहल (BRI)** में शामिल न होने का निर्णय किया है, जिसका मुख्य कारण **चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (CPEC)** से उत्पन्न संप्रभुता संबंधी चिंताएँ हैं, जो पाक अधिकृत कश्मीर (PoK) से होकर गुज़रता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत स्वयं को एक **क्षेत्रीय कनेक्टिविटी लीडर** के रूप में स्थापित करना चाहता है और **भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC)** और **SAGAR (क्षेत्र में सभी की सुरक्षा और विकास) विज़न** जैसी रणनीतिक पहलों को बढ़ावा देकर चीन के बढ़ते प्रभाव को कम करने हेतु तत्पर है। **अतः कथन 3 सही है।**

75.

उत्तर: A

व्याख्या:

**विश्व खाद्य कार्यक्रम (WFP):**

- इसकी स्थापना **वर्ष 1961** में **खाद्य और कृषि संगठन (FAO)** और **संयुक्त राष्ट्र महासभा (UNGA)** द्वारा की गई थी, जिसका मुख्यालय **रोम, इटली** में स्थित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- WFP **आपातकालीन सहायता** के साथ-साथ पुनर्वास और विकास सहायता पर भी ध्यान केंद्रित करता है।
- यह **संयुक्त राष्ट्र सतत् विकास समूह (UNSDG)** का भी सदस्य है, जो सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) को पूरा करने के उद्देश्य से **संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों और संगठनों** का गठबंधन है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **WFP 120 से अधिक देशों और प्रदेशों** में संघर्ष से विस्थापित और आपदाओं से निराश्रित लोगों तक जीवन रक्षक भोजन पहुँचाने का कार्य करता है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

76.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **अनुच्छेद 345** राज्य विधानमंडल को अपने सभी या किसी भी आधिकारिक उद्देश्यों के लिये किसी भी क्षेत्रीय भाषा या हिंदी को अपनाने का अधिकार देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अनुच्छेद 347** राष्ट्रपति को किसी भाषा को किसी दिये गए राज्य की **आधिकारिक भाषा** के रूप में मान्यता देने की शक्ति देता है, बशर्ते कि राष्ट्रपति संतुष्ट हों कि उस राज्य का **पर्याप्त अनुपात** चाहता है कि भाषा को मान्यता दी जाए। ऐसी मान्यता राज्य के किसी हिस्से या पूरे राज्य के लिये हो सकती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- संविधान के **अनुच्छेद 346** में यह प्रावधान है कि संघ में आधिकारिक उद्देश्यों के लिये उपयोग के लिये अधिकृत भाषा एक राज्य और दूसरे राज्य के बीच तथा एक राज्य और संघ के बीच संचार के लिये **आधिकारिक भाषा** होगी। **अतः कथन 3 सही है।**

77.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- राज्यपाल **राज्य विधानमंडल का हिस्सा** होता है और वह राज्य विधानमंडल के किसी भी सदन को **बुला सकता है या स्थगित** कर सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- किसी राज्य में **विधान परिषद** के निर्माण या उन्मूलन के लिये **अनुच्छेद 368** के तहत **संवैधानिक संशोधन** की आवश्यकता नहीं होती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - संसद **साधारण बहुमत** के माध्यम से **विधान परिषद** का गठन या उन्मूलन कर सकती है, यदि संबंधित **राज्य विधान सभा** विशेष प्रस्ताव पारित कर दे (कुल सदस्यता के बहुमत से तथा उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के 2/3 बहुमत से)।
  - अतः यह **अनुच्छेद** 169 के तहत **साधारण कानून** के माध्यम से किया जाता है, न कि **अनुच्छेद 368** के तहत संवैधानिक संशोधन द्वारा।
- एक सदनीय विधायिका में, राज्य विधानमंडल में **केवल राज्यपाल और विधानसभा** शामिल होते हैं। ऐसा इसलिये है क्योंकि **विधान परिषद** केवल **द्विसदनीय राज्यों** में ही अस्तित्व में है। **अतः कथन 3 सही है।**

78.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- CPI (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक) समय के साथ वस्तुओं और सेवाओं की एक निश्चित टोकरी के लिये उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान की गई औसत **खुदरा कीमतों में परिवर्तन** को मापता है। यह खुदरा मुद्रास्फीति का एक महत्त्वपूर्ण संकेतक है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारत अपने **उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI)** की गणना के लिये **वर्ष 2012 को आधार वर्ष** के रूप में उपयोग करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **मौद्रिक नीति समिति (MPC)** मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिये **उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI)** को एक प्रमुख उपकरण के रूप में उपयोग करती है । **अतः कथन 3 सही है।**
  - **मौद्रिक नीति समिति (MPC)** मौद्रिक नीति निर्णय लेने और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिये मुख्य उपकरण के रूप में **CPI (संयुक्त)** मुद्रास्फीति डेटा का उपयोग करती है।

79.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (NIA):**

- NIA भारत की केंद्रीय आतंकवाद-रोधी विधि प्रवर्तन एजेंसी है, जिसे भारत की संप्रभुता, सुरक्षा और अखंडता को प्रभावित करने वाले अपराधों की जाँच करने का कार्य सौंपा गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- NIA का गठन **राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (NIA) अधिनियम, 2008** के तहत किया गया था, न कि **विधि विरुद्ध क्रिया-कलाप (निवारण) अधिनियम, 1967** के तहत। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 — SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

- NIA को गृह मंत्रालय की लिखित घोषणा के तहत **राज्यों से विशेष अनुमति के बिना राज्यों में आतंकवाद से संबंधित अपराधों की जाँच करने का अधिकार है। अतः कथन 3 सही नहीं है**
- इसका मुख्यालय **नई दिल्ली** में स्थित है।

**80.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**बाज़ार स्थिरीकरण योजना (MSS):**

- MSS वर्ष 2004 में शुरू किया गया **मौद्रिक प्रबंधन** का एक महत्वपूर्ण साधन है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य अर्थव्यवस्था में **अधिशेष चलनिधि** का प्रबंधन करना है, **विशेष रूप से अधिक स्थायी प्रकृति** की, जो प्राय: विदेशी स्रोतों से बृहद पूंजी अंतर्वाह के कारण उत्पन्न होती है।
- इस योजना के तहत, **भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) अल्पकालिक सरकारी प्रतिभूतियों** और **ट्रेज़री बिलों** का बाज़ार में विक्रय कर वित्तीय प्रणाली से **अतिरिक्त चलनिधि को अवशोषित** करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - ये प्रतिभूतियाँ सरकार की राजकोषीय आवश्यकताओं को पूरा करने के लिये नहीं अपितु विशेष रूप से MSS के अंतर्गत **चलनिधि प्रबंधन** के उद्देश्य से जारी की जाती हैं।
- इन प्रतिभूतियों की बिक्री के माध्यम से जुटाई गई धनराशि अथवा नकदी को भारत के समेकित कोष के बजाय भारतीय रिज़र्व बैंक के पास एक अलग खाते में धारित किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - यह खाता **भारत की समेकित निधि** से अलग है और इसका उपयोग सरकार द्वारा नियमित व्यय के लिये नहीं किया जा सकता है।
  - इस प्रकार, MSS सरकार की राजकोषीय स्थिति को प्रभावित किये बिना **चलनिधि प्रबंधन** में एक प्रभावी साधन के रूप में कार्य करता है।

**81.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**परिसीमन:**

- परिसीमन का अर्थ है **लोकसभा** और **विधानसभाओं** के लिये प्रत्येक **राज्य में सीटों की संख्या** और प्रादेशिक **निर्वाचन क्षेत्रों की सीमाएँ निर्धारित करने की प्रक्रिया। अतः कथन 1 सही है।**
- **भारतीय संविधान** के **अनुच्छेद** 82 और 170 में प्रत्येक जनगणना के बाद निर्वाचन क्षेत्र की सीमाओं के पुन: आरेखण का प्रावधान है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - **अनुच्छेद 82 राज्यों को निर्वाचन क्षेत्रों** में विभाजित करने तथा **लोकसभा (संसद) के लिये सीटों के आवंटन** से संबंधित है।
  - **अनुच्छेद** 170 **राज्यों को निर्वाचन क्षेत्रों** में विभाजित करने तथा **राज्य विधान सभाओं** के लिये सीटों के आवंटन से संबंधित है।
- **वर्ष** 2002 के **84वें संशोधन अधिनियम** के तहत निर्वाचन क्षेत्रों के पुनर्समायोजन पर रोक को **वर्ष 2026 तक बढ़ा दिया गया। अतः कथन 3 सही है।**
  - इस प्रतिबंध का मुख्य उद्देश्य समग्र देश में **जनसंख्या नियंत्रण और परिवार नियोजन** प्रयासों को प्रोत्साहित करना था।

**82.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**विश्व आर्थिक मंच (WEF)**

- WEF एक **अंतर्राष्ट्रीय संगठन** है जिसमें वैश्विक, क्षेत्रीय और उद्योग एजेंडा को आकार देने के उद्देश्य से **व्यापार, सरकार, शिक्षा** और **नागरिक समाज** के अभिकर्त्ता शामिल होते हैं।
- इसका मुख्यालय **जिनेवा, स्विट्ज़रलैंड** में है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा जारी की जाने वाली रिपोर्टें:**
  - वैश्विक प्रतिस्पर्द्धात्मकता सूचकांक
  - वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक
  - ऊर्जा संक्रमण सूचकांक
  - वैश्विक जोखिम रिपोर्ट
  - वैश्विक यात्रा और पर्यटन प्रतिस्पर्द्धात्मकता सूचकांक
- **अत: विकल्प D सही है।**

**83.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ICBM को मुख्य रूप से **परमाणु हथियार** ले जाने के लिये डिजाइन किया गया है; हालाँकि, इनमें **रासायनिक या जैविक हथियारों** सहित अन्य प्रकार के हथियार ले जाने की भी क्षमता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **अग्नि-V भारत की ठोस ईंधन वाली अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (ICBM)** है, जिसकी परिचालनात्मक मारक क्षमता अनुमानत: **7,000 से 10,000 किलोमीटर** के बीच है। **अत: कथन 2 सही है।**
- ICBM केवल **स्थलीय (भूमि-आधारित) प्लेटफॉर्म** तक सीमित नहीं हैं। **इन्हें पनडुब्बियों** (सबमरीन लॉन्च बैलेस्टिक मिसाइलें - SLBM के रूप में जाना जाता है), **साइलो** और **मोबाइल लॉन्चर** से भी प्रक्षेपित किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**84.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- जलवायु परिवर्तन चुनौतियों से निपटने में विकासशील देशों को सहायता देने के लिये **जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन (UNFCCC)** के अंतर्गत निम्नलिखित निधियों की स्थापना की गई।
  - **ग्रीन क्लाइमेट फंड (GCF): यह UNFCCC** के तहत स्थापित एक वैश्विक पहल है, जिसका उद्देश्य विकासशील देशों को **ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन** को कम करने और **जलवायु परिवर्तन के प्रभावों** का जवाब देने की उनकी क्षमता को बढ़ाने में सहायता करना है।
  - **वैश्विक पर्यावरण सुविधा (GEF):** यह एक अंतर्राष्ट्रीय साझेदारी है जो विकासशील देशों को **जैवविविधता, जलवायु परिवर्तन, भूमि क्षरण** और अन्य **पर्यावरणीय चुनौतियों** से संबंधित परियोजनाओं के लिये **वित्तीय सहायता** प्रदान करती है।
  - **अनुकूलन कोष (AF):** इसकी स्थापना **क्योटो प्रोटोकॉल** के तहत ठोस **अनुकूलन परियोजनाओं** और **कार्यक्रमों** को वित्तपोषित करके **जलवायु परिवर्तन** के हानिकारक प्रभावों के अनुकूल होने में विकासशील देशों को सहायता देने के लिये की गई थी।
- **ग्लोबल रेजिलियेंस फंड (GRF)** की स्थापना **वर्ष 2020** में COVID-19 महामारी के दौरान की गई थी।
  - इसकी शुरुआत पर्पसफुल नामक एक अफ्रीका-आधारित वैश्विक केंद्र द्वारा की गई थी, जो लड़कियों के प्रतिरोध आंदोलनों को समर्थन देने के लिये समर्पित है।
  - यह कोष एक **सहयोगात्मक प्रयास है जिसमें वूमेन विन सहित अनेक सामाजिक न्याय वित्तपोषक शामिल हैं,** जिसका उद्देश्य विश्व भर में संकटों का सामना करने वाली **लड़कियों** और **महिलाओं** को **तीव्र और लचीली वित्तीय सहायता** प्रदान करना है।
  - GRF स्वतंत्र रूप से कार्य करता है और यह **जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क कन्वेंशन** (UNFCCC) या इसके वित्तीय तंत्र से संबद्ध नहीं है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

**85.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मौद्रिक नीति समिति (MPC):**

- **मौद्रिक नीति समिति (MPC)** का गठन **भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934** की **धारा 45ZB** के तहत किया गया था, जिसे **वर्ष 2016** में संशोधित करके इसे एक **वैधानिक निकाय** बना दिया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- MPC का प्राथमिक **कार्य भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)** के परामर्श से **केंद्र सरकार** द्वारा निर्धारित **"मुद्रास्फीति लक्ष्य (4%±2)"** को प्राप्त करने के लिये **नीति दर (मुख्य रूप से रेपो दर)** निर्धारित करना है। अत: कथन 2 सही है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- MPC की **सिफारिशें /निर्णय भारतीय रिज़र्व बैंक** (RBI) के लिये बाध्यकारी हैं। MPC द्वारा निर्णय लिये जाने के बाद, RBI को नीति दर लागू करनी होगी। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

86.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रत्यर्पण प्रक्रिया में अपनाए जाने वाले सिद्धांत:**

- **प्रत्यर्पण** केवल उन अपराधों पर **लागू होता है जिनका उल्लेख संधि में** किया गया है।
  - **भारतीय प्रत्यर्पण अधिनियम** 1962 की **धारा 2(d) में** '**प्रत्यर्पण संधि**' को **भारत** द्वारा किसी **विदेशी राज्य** के साथ की गई **संधि, समझौता** या **व्यवस्था** के रूप में परिभाषित किया गया है, जो भगोड़े अपराधियों के प्रत्यर्पण से संबंधित है और जो भारत पर लागू होती है और बाध्यकारी होती है। प्रत्यर्पण संधियाँ पारंपरिक रूप से द्विपक्षीय प्रकृति की होती हैं।
- इसमें **दोहरी आपराधिकता के सिद्धांत** को लागू किया जाता है, जिसका अर्थ है कि अपराध अनुरोधकर्त्ता देश के राष्ट्रीय कानूनों के साथ-साथ अनुरोधित देश के राष्ट्रीय कानूनों के अंतर्गत भी अपराध माना जाएगा।
- अनुरोधित देश को इस बात से संतुष्ट होना चाहिये कि **अपराधी के विरुद्ध प्रथम दृष्टया मामला बनता है।**
- प्रत्यर्पण केवल उसी अपराध के लिये किया जाना चाहिये **जिसके लिये प्रत्यर्पण का अनुरोध किया गया हो।**
- अभियुक्त को **निष्पक्ष सुनवाई** प्रदान की जानी चाहिये।
- **अत: विकल्प B सही है।**

87.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**बीजिंग घोषणा और कार्रवाई मंच:**

- बीजिंग घोषणापत्र और कार्रवाई मंच (1995) का अंगीकरण वर्ष 1995 में बीजिंग, चीन में आयोजित महिलाओं पर चौथे विश्व सम्मेलन में किया गया था।
- यह **महिलाओं और कन्याओं के अधिकारों हेतु एक महत्त्वपूर्ण खाका** है, जो विधिक संरक्षण, सेवा अभिगम, युवा सहभागिता और सामाजिक परिवर्तन को बढ़ावा देता है।
- भारत बीजिंग घोषणापत्र और कार्य मंच का हस्ताक्षरकर्त्ता है।
- इसमें लैंगिक समानता पर तत्काल कार्रवाई के लिये **12 प्रमुख क्षेत्रों** की पहचान की गई तथा सभी के लिये समान अवसर सुनिश्चित करने हेतु रणनीतियाँ प्रदान की गईं।
- **अत: विकल्प B सही है।**

88.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**डायर वुल्फ:**

- ये **विशाल प्रागैतिहासिक श्वानीय जीव** थे जो लगभग 13,000 वर्ष पूर्व विलुप्त हो गये थे।
- ये मूलत: दक्षिणी कनाडा और अमेरिका से थे और आकार में **आधुनिक भूरे भेड़ियों से बड़े थे,** जिनकी ऊँचाई 3.5 फीट, लंबाई 6 फीट से अधिक, वज़न 68 किलोग्राम तक होता था, तथा संभवत: उनका कोट सफेद होता था।
- वे **बाइसन और अश्व जैसे बड़े जीवों का शिकार करते थे** और संभवत: शिकार के अभाव और मानवीय हस्तक्षेप के कारण विलुप्त हो गए।
- **अत: विकल्प A सही है।**

89.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण (PSL):**

- PSL **RBI द्वारा निर्धारित एक अनिवार्य शर्त** है जिसके तहत बैंकों को अपने ऋणों का एक निश्चित हिस्सा उन प्रमुख प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को आवंटित करना होता है, जो ऋण की कमी का सामना कर रहे हैं, लेकिन समावेशी आर्थिक विकास के लिये महत्त्वपूर्ण हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- भारत ने हाल ही में सौर और बायोमास-आधारित शक्ति जनित्र, पवन चक्कियों और गैर-पारंपरिक ऊर्जा-आधारित ग्रामीण विद्युतीकरण जैसे उद्देश्यों के लिये ऋण प्रदान करने के उद्देश्य से **संशोधित PSL दिशा-निर्देशों में अक्षय ऊर्जा** को एक निर्दिष्ट श्रेणी (**अनिवार्य उप-लक्ष्य नहीं) के रूप में शामिल किया** है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **PSL में सभी बैंक ऋणों के लिये 40% का लक्ष्य निर्धारित किया गया है**, तथा उप-लक्ष्य केवल कृषि (18%), सूक्ष्म उद्यमों (7.5%), तथा सुभेद्य वर्गों (12%) के लिये निर्धारित किये गए हैं।
- RBI ने अप्रैल 2016 में कृषि, लघु/सीमांत किसानों, सूक्ष्म उद्यमों और सामान्य (समग्र लक्ष्य के लिये) क्षेत्रों के लिये **प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र ऋण प्रमाणपत्र (PSLC) योजना भी शुरू की थी** जिसका उद्देश्य बैंकों को लक्ष्य से कम या अधिक ऋण मिलने पर प्रमाणपत्रों का व्यापार करने में सक्षम बनाना था।

90.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय महत्त्वपूर्ण खनिज मिशन (NCMM):**

- NCMM का उद्देश्य **महत्त्वपूर्ण खनिजों के आयात पर भारत की निर्भरता को कम करना** तथा उच्च तकनीक उद्योगों, स्वच्छ ऊर्जा और राष्ट्रीय रक्षा के लिये आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है।
- मिशन में खनिज अन्वेषण, खनन, लाभकारी, प्रसंस्करण और अंतिम उत्पादों से पुनर्प्राप्ति सहित **सभी चरणों को शामिल** किया जाएगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह मिशन देश के भीतर तथा इसके अपतटीय क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण खनिजों की खोज को तीव्र करेगा।
- यह **"होल ऑफ गवर्नमेंट" दृष्टिकोण** अपनाएगा तथा विभिन्न मंत्रालयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (PSU), निजी कंपनियों और अनुसंधान संस्थानों के साथ मिलकर काम करेगा। **अतः कथन 2 सही है** ।
- महत्त्वपूर्ण खनिजों के लिये खनन परियोजनाओं में तेज़ी लाने के लिये फास्ट-ट्रैक अनुमोदन प्रक्रिया स्थापित की जाएगी।
- **महत्त्वपूर्ण खनिजों के भंडार विकसित करने** के इसके प्रावधान यह सुनिश्चित करेंगे कि भारत के पास भविष्य की मांगों को पूरा करने के लिये पर्याप्त भंडार मौजूद रहे। **अतः कथन 3 सही है।**

91.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मंदी:**

- मंदी में आम तौर पर अर्थव्यवस्था में कुल उत्पादन में **कम से कम दो लगातार तिमाहियों तक संकुचन** होता है, साथ ही रोज़गार की क्षति और समग्र मांग में कमी आती है।
- मंदी के दौरान, कम मांग के कारण व्यवसाय अक्सर अपने **कर्मचारियों की संख्या कम कर देते हैं,** जिसके परिणामस्वरूप बेरोज़गारी दर बढ़ जाती है।
- जैसे-जैसे आर्थिक अनिश्चितता बढ़ती है, उपभोक्ता वस्तुओं और सेवाओं पर कम व्यय करते हैं, जिससे अर्थव्यवस्था और धीमी हो जाती है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

92.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**संघवाद की विशेषताएँ:**

- **शक्तियों का पृथक्करण:** शक्तियों का पृथक्करण केंद्र सरकार (संघ) और राज्य सरकारों के बीच किया जाता है।
- **लिखित संविधान:** लिखित संविधान सरकार के विभिन्न स्तरों की शक्तियों का निर्धारण करता है।
- **संविधान की सर्वोच्चता:** संविधान सर्वोच्च है और संघ और राज्यों के बीच संबंधों को नियंत्रित करता है।
- **स्वतंत्र न्यायपालिका:** एक स्वतंत्र न्यायपालिका सरकार के विभिन्न स्तरों के बीच विवादों को सुलझाने के लिये संविधान की व्याख्या करती है और उसे लागू करती है।
- **दोहरी सरकार:** केंद्र और राज्य सरकारों दोनों के अपने-अपने प्रभाव और अधिकार क्षेत्र होते हैं।
- **कठोर संविधान:** संविधान में संशोधन करना आसान नहीं है और इसमें परिवर्तन के लिये स्पष्ट प्रक्रियाएँ प्रदान की गई हैं।
- **अतः विकल्प D सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

93.

उत्तर: C

व्याख्या:

**भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम ( NPCI ):**

- भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) की स्थापना **भारतीय रिज़र्व बैंक ( RBI )** और भारतीय बैंक संघ द्वारा संदाय और निपटान प्रणाली अधिनियम, 2007 के प्रावधानों के तहत की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे कंपनी अधिनियम 1956 की धारा 25 (अब कंपनी अधिनियम 2013 की धारा 8) के प्रावधानों के तहत एक **"लाभ रहित" कंपनी** के रूप में शामिल किया गया है, ताकि भारत में संपूर्ण बैंकिंग प्रणाली को भौतिक और साथ ही इलेक्ट्रॉनिक भुगतान और निपटान प्रणालियों के लिये बुनियादी ढाँचा प्रदान किया जा सके। **अतः कथन 2 सही है।**

94.

उत्तर: C

व्याख्या:

**वक्फ:**

- यह **किसी मुस्लिम व्यक्ति** द्वारा धर्मार्थ या धार्मिक उद्देश्यों के लिये किए गए दान को संदर्भित करता है, जैसे मस्जिद, स्कूल, अस्पताल या अन्य सार्वजनिक संस्थान का निर्माण। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह **अविभाज्य** है, अर्थात इसे बेचा, उपहार में नहीं दिया जा सकता, विरासत में नहीं दिया जा सकता या भारग्रस्त नहीं किया जा सकता। **अतः कथन 2 सही है।**
- **वक्फ ( संशोधन ) अधिनियम,** 2025 के माध्यम से वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन किया गया, जिससे सरकार को वक्फ संपत्तियों को विनियमित करने और संबंधित विवादों को निपटाने की सुविधा मिलेगी। **अतः कथन 3 सही है।**

95.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **सरकारिया आयोग ( 1988 )** ने सिफारिश की थी कि राज्यपालों की नियुक्ति मुख्यमंत्री से परामर्श के बाद की जानी चाहिये। **अतः कथन 1 सही है।**
- **पुंछी आयोग ( 2010 )** ने सिफारिश की थी कि राज्यपालों को विधेयकों पर एक निश्चित समय सीमा (आरक्षित विधेयकों के लिये छह माह की सीमा) के भीतर कार्रवाई करनी चाहिये। **अतः कथन 2 सही है।**
- **वेंकटचलैया आयोग ( 2002 )** ने सुझाव दिया कि राज्यपालों की नियुक्ति **प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, लोकसभा अध्यक्ष** और संबंधित राज्य के मुख्यमंत्री की समिति द्वारा की जानी चाहिये। **अतः कथन 3 सही है।**

96.

उत्तर: A

व्याख्या:

**डी-डॉलराइज़ेशन:**

- यह वैश्विक व्यापार, वित्त और विदेशी मुद्रा अरक्षित निधि में **अमेरिकी डॉलर के प्रभुत्व को कम करने** की प्रक्रिया को संदर्भित करता है।
- इसमें अंतर्राष्ट्रीय लेनदेन, कमोडिटी ट्रेडिंग (जैसे तेल) और रिज़र्व होल्डिंग्स के लिये **अमेरिकी डॉलर को अन्य मुद्राओं से प्रतिस्थापित** करना शामिल है।
- **अतः विकल्प A सही है।**

97.

उत्तर: B

व्याख्या:

- एक पौधे के परागकोष से दूसरे पौधे के वर्तिकाग्र तक **पराग कणों के स्थानांतरण** को पर-परागण कहा जाता है। **अतः कथन I सही है।**
  - इनका चयन पौधों के अभिलक्षणों का वर्द्धन करने के लिये किया जाता है, जिसमें बेहतर उपज, अधिक एकरूपता और रोग प्रतिरोधकता शामिल है।
- एक ही पौधे की विभिन्न किस्मों के बीच नियंत्रित पर-परागण (Cross-Pollination) करके एक संकर बीज का उत्पादन किया जाता है। **अतः कथन II सही है।**
  - चूँकि एक पैकेट में सभी संकर बीज एक ही मूल/पैरेंट पौधे के होते हैं, ऐसे में वे सभी पौधे एक समान रूप से विकसित होते हैं।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- इन्हें प्रमाणिक बीजों (Heirloom Seeds) की तुलना में आसानी और तेज़ी से उगाया जा सकता है।
  - **प्रमाणिक बीज** खुले-परागित पौधों से प्राप्त होते हैं, जिसका अर्थ है कि पौधों को नियंत्रित पादप-प्रजनन अथवा संकरण के बजाय वायु, कीड़े या पक्षियों जैसे प्राकृतिक तंत्र द्वारा परागित किया गया था।
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I का सही स्पष्टीकरण नहीं है।**

98.

**उत्तरः C**

**व्याख्याः**

- **ग्रीन हाइड्रोजन** का उत्पादन अक्षय ऊर्जा (जैसे सौर, पवन) का उपयोग करके **जल के इलेक्ट्रोलिसिस** द्वारा किया जाता है तथा इसका कार्बन फुटप्रिंट कम होता है। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
  - विद्युत द्वारा जल, हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में विभाजित हो जाता है।
- **ब्राउन हाइड्रोजन** का उत्पादन कोयले का उपयोग करके किया जाता है तथा इसका उत्सर्जन वायु में होता है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**
  - ग्रे हाइड्रोजन का उत्पादन प्राकृतिक गैस से होता है तथा इसका उत्सर्जन वायु में होता है।
- **ब्लू हाइड्रोजन का उत्पादन प्राकृतिक गैस** से होता है जहाँ कार्बन कैप्चर और स्टोरेज का उपयोग करके उत्सर्जन को कैप्चर किया जाता है। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित है।**

99.

**उत्तरः A**

**व्याख्याः**

- भारत के सर्वोच्च **न्यायालय (SC) ने तमिलनाडु राज्य बनाम तमिलनाडु के राज्यपाल** मामले में स्पष्ट किया कि अनुच्छेद 200 के अनुसार राज्यपालों को विवेकाधिकार के बिना, मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के अनुसार, **समयबद्ध तरीके से राज्य विधेयकों** पर निर्णय लेना चाहिये।
- सर्वोच्च न्यायालय ने तमिलनाडु के राज्यपाल द्वारा पुनः अधिनियमित विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजने को "विधिक रूप से त्रुटिपूर्ण" बताया।
- न्यायालय ने फैसला सुनाया कि अनुच्छेद 200 के तहत **"पूर्ण वीटो" या "पॉकेट वीटो"** की कोई अवधारणा नहीं है और कहा कि राज्यपाल विधेयकों पर कार्रवाई में अनिश्चित काल तक देरी नहीं कर सकते हैं। **अतः कथन I सही है।**
- सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि राज्यपाल **मंत्रिपरिषद की सलाह** मानने के लिये बाध्य हैं। **अतः कथन II सही है।**
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन I का सही स्पष्टीकरण है।**

100.

**उत्तरः B**

**व्याख्याः**

**तीस्ता नदीः**

- तीस्ता नदी **ब्रह्मपुत्र** (बांग्लादेश में जमुना के नाम से जानी जाती है) **की एक सहायक नदी** है, जो भारत और बांग्लादेश से होकर प्रवाहित होती है।
- यह नदी सिक्किम के चुनथांग के निकट **हिमालय से उद्गमित होती है** तथा बांग्लादेश में प्रवेश करने से पहले पश्चिम बंगाल से होकर दक्षिण की ओर प्रवाहित होती है।
- मूलतः यह नदी दक्षिण की ओर बहती हुई सीधे पद्मा नदी (बांग्लादेश में गंगा की मुख्य धारा) में मिल जाती थी, लेकिन वर्ष 1787 के आसपास नदी ने अपना मार्ग परिवर्तित कर लिया और पूर्व की ओर बहने लगी तथा जमुना नदी में मिल गई।
- तीस्ता **बैराज बाँध** ऊपरी पद्मा और यमुना के बीच के मैदानी इलाकों में सिंचाई उपलब्ध कराने में मदद करता है।
- तीस्ता नदी जल विवाद भारत और बांग्लादेश के बीच सबसे विवादास्पद मुद्दों में से एक है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें


UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 — SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

### The Ganges-Brahmaputra Basin




- **अत: विकल्प B सही है।**

101.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**डॉ. बी.आर. अंबेडकर:**

- वह एक समाज सुधारक, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, लेखक और तुलनात्मक धर्मों के विचारक थे।
- वह भारत के पहले कानून मंत्री थे।
- उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न (वर्ष 1990) से सम्मानित किया गया।
- उन्होंने दलित समुदाय को सार्वजनिक जल संसाधनों तक पहुँच से वंचित करने के खिलाफ वर्ष 1927 में महाड़ सत्याग्रह का नेतृत्व किया।
- उन्होंने तीनों गोलमेज सम्मेलनों में भाग लिया।
- उन्होंने दलित वर्गों के लिये पृथक निर्वाचिका के विचार को त्यागने के लिये महात्मा गांधी के साथ वर्ष 1932 में पूना समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- **अत: विकल्प A सही है।**

102.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **अनुच्छेद 200** के अनुसार, **राज्यपाल विधेयक को स्वीकृति दे सकता है,** स्वीकृति रोक सकता है या पुनर्विचार के लिये विधेयक को राज्य विधानमंडल को वापस भेज सकता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **अनुच्छेद 201** के अनुसार, यदि राज्यपाल किसी विधेयक को राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रखता है, तो उस मामले पर अंतिम निर्णय राष्ट्रपति का होता है। **अत: कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **अनुच्छेद 207** के अनुसार, राज्य के राज्यपाल की सिफारिश के बिना विधानसभा में कोई भी धन विधेयक प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - धन विधेयक एक विशिष्ट प्रकार का विधेयक होता है जो **विशेष रूप से वित्त से संबंधित मामलों से संबंधित** होता है, जैसे कराधान, सरकारी ऋण, तथा भारत की समेकित निधि से धन का विनियोजन।

103.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राज्यपाल:**

- **संविधान** के **अनुच्छेद** 158(2) के अनुसार, **राज्यपाल** के रूप में नियुक्त व्यक्ति संसद के किसी भी **सदन** या किसी **राज्य के विधानमंडल के किसी सदन का सदस्य** नहीं होगा। **अतः कथन 1 सही है।**
- जब किसी व्यक्ति को दो या अधिक राज्यों का **राज्यपाल** नियुक्त किया जाता है, तो **संसद नहीं** बल्कि राष्ट्रपति यह निर्धारित करता है कि राज्यों को किस अनुपात में वेतन और भत्ते दिये जाएँगे। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- यदि किसी वर्तमान **सांसद** या **विधायक** को **राज्यपाल** के रूप में नियुक्त किया जाता है, तो उन्हें राज्यसभा या विधानसभा में अपनी सीट को उस दिन छोड़ दिया गया माना जाएगा, जब वे राज्यपाल के पद पर कार्यभार ग्रहण करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

104.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **महायान बौद्ध धर्म बुद्ध की दिव्यता** और बुद्ध और **बोधिसत्वों की मूर्ति पूजा** में विश्वास करता है जो **बुद्ध प्रकृति का प्रतीक हैं। अतः कथन 1 सही है।**
- **महायान बौद्ध धर्म** की उत्पत्ति **उत्तरी भारत** और **कश्मीर** में हुई और यह पूर्व की ओर **मध्य एशिया, पूर्वी एशिया** और **दक्षिण-पूर्व एशिया** के कुछ हिस्सों में प्रसारित हो गया। **अतः कथन 2 सही है।**
- **थेरवाद महायान** का **संप्रदाय नहीं** है। यह बौद्ध धर्म का एक भिन्न **संप्रदाय** है जो **बुद्ध** की मूल शिक्षाओं पर केंद्रित है और **श्रीलंका, थाईलैंड, कंबोडिया, म्याँमार** और लाओस में प्रमुख है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

105.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP):**

- यह आधार वर्ष (2011-12) की तुलना में एक विशिष्ट अवधि के दौरान औद्योगिक क्षेत्र में उत्पादन के स्तर को दर्शाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **केंद्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO)** मासिक आधार पर **औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP)** के संकलन और प्रकाशन के लिये ज़िम्मेदार है। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह एक **समग्र संकेतक है** जो निम्नलिखित के अंतर्गत वर्गीकृत उद्योग समूहों की वृद्धि दर को मापता है:
  - व्यापक क्षेत्र अर्थात् **खनन, विनिर्माण** और **विद्युत।**
  - उपयोग-आधारित क्षेत्र अर्थात् **बुनियादी वस्तुएँ, पूंजीगत वस्तुएँ** और **मध्यवर्ती वस्तुएँ। अतः कथन 3 सही है।**

106.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम (DPDPA), 2023:**

- यह व्यक्तियों को अपने व्यक्तिगत डेटा को जानने और नियंत्रित करने का अधिकार प्रदान करता है।
- DPDPA के अनुसार, व्यक्तिगत डेटा को केवल व्यक्ति की स्पष्ट सहमति से ही प्रसंस्कृत किया जा सकता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **यह अधिनियम व्यक्तियों को अपने व्यक्तिगत डेटा तक पहुँचने, उसे सुधारने** और **हटाने** का अधिकार प्रदान करता है, जिससे उन्हें अपनी व्यक्तिगत जानकारी पर अधिक नियंत्रण मिलता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- अधिनियम केवल कुछ **संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा के लिये डेटा स्थानीयकरण का प्रावधान करता है,** सभी व्यक्तिगत डेटा के लिये नहीं। **अतः कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

107.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण (DPDP) अधिनियम, 2023** की धारा 44(3) के माध्यम से **सूचना का अधिकार (RTI) अधिनियम, 2005 की धारा 8(1)(j)** में संशोधन किया गया। **अत: कथन-I सही है।**
- यह प्रावधान व्यक्तिगत जानकारी के प्रकटीकरण से छूट से संबंधित है।
- **मूल धारा 8(1)(j)** के अंतर्गत यदि व्यक्तिगत जानकारी **व्यापक लोक हित** से संबंधित हो तो इसके प्रकटीकरण की अनुमति थी।
- हालाँकि, **DPDP अधिनियम** के माध्यम से संशोधन के बाद, "**लोक हित**" अपवाद को हटा दिया गया है, जिसका अर्थ है कि सभी **व्यक्तिगत जानकारी,** भले ही यह **लोक हित में हो या नहीं,** वर्तमान में प्रकटीकरण से पूर्ण रूप से सुरक्षित है। **अत: कथन-II सही है।**
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।**

108.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **न्यायमूर्ति वर्मा समिति** (2012) का गठन **महिलाओं के खिलाफ होने वाले लैंगिक उत्पीड़न** के अभियुक्त अपराधियों के लिये **त्वरित सुनवाई** और **वर्द्धित दंड** का प्रावधान किये जाने के उद्देश्य से दंड विधि में संशोधन की अनुशंसा करने हेतु किया गया था।
- **मार्गरेट अल्वा समिति** (1987) ने महिलाओं के लिये **कल्याणकारी कार्यक्रमों के कार्यान्वयन** से संबंधित मुद्दों पर कार्य किया।
- **गीता मुखर्जी समिति** (1996) ने **महिला आरक्षण विधेयक** की मांग करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
- **लोढ़ा समिति** (2015) का गठन **IPL में स्पॉट फिक्सिंग** और **सट्टेबाजी घोटाले** के बाद **भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI)** में **संरचनात्मक सुधारों** की अनुशंसा करने के लिये किया गया था।
- **अत: विकल्प C सही है।**

109.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**डॉ. बी.आर. अंबेडकर:**

- **डॉ. बी.आर. अंबेडकर संविधान सभा की प्रारूप समिति के अध्यक्ष** और स्वतंत्र भारत के **पहले कानून मंत्री** थे। **अत: कथन 1 सही है।**
- उन्होंने **अनुच्छेद 32** को "**संविधान की आत्मा और उसका हृदय**" बताया क्योंकि यह **मौलिक अधिकारों** की रक्षा करते हुए **संवैधानिक उपचारों का अधिकार** प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- उनका दृढ़ विश्वास था कि **लोकतंत्र** तभी प्रभावी होगा जब वह **आर्थिक** और **सामाजिक समानता** लाएगा।
  - उन्होंने तर्क दिया कि अकेले स्वतंत्रता पर्याप्त नहीं है, और सच्चे लोकतंत्र को सार्थक रूप से कार्य करने के लिये **सामाजिक** और **आर्थिक असमानताओं** दोनों को संबोधित करना होगा।
- **वर्ष** 1932 का **पूना समझौता बी.आर. अंबेडकर** और **गांधी जी** के बीच **दलित वर्गों** के राजनीतिक प्रतिनिधित्व के संबंध में एक समझौता था। **अत: कथन 3 सही है।**

110.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**भारत के महान्यायवादी:**

- **भारत के महान्यायवादी** को **अनुच्छेद 72 (1) के तहत सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश** के रूप में नियुक्त होने के लिए योग्य होना चाहिये।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- ◆ **संविधान के अनुच्छेद 76** के अनुसार, **राष्ट्रपति महान्यायवादी** के रूप में उस व्यक्ति को नियुक्त करेगा जो **सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश** के रूप में नियुक्ति के लिये आवश्यक योग्यताएँ पूरी करता हो। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **भारत के महान्यायवादी** की नियुक्ति **राष्ट्रपति** द्वारा संविधान के **अनुच्छेद 76( 1 )** के तहत, **केंद्रीय मंत्रिमंडल** की सलाह पर की जाती है, तथा वह **राष्ट्रपति के प्रसाद पर्यंत** पद पर बने रहते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- **महान्यायवादी** भारत सरकार को कानूनी मामलों पर सलाह देता है और राष्ट्रपति द्वारा सौंपे गए कानूनी प्रकृति के कर्त्तव्यों का पालन करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

111.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **भाग XVI अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों** और **अन्य पिछड़े वर्गों ( OBC )** के लिये विशेष प्रावधानों से संबंधित है, जिसमें विधानसभाओं में आरक्षण भी शामिल है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अनुच्छेद 15( 4 )** और **अनुच्छेद 16( 4 ) राज्य** को शैक्षणिक संस्थानों और सार्वजनिक रोज़गार में आरक्षण सहित **अनुसूचित जातियों** और **अनुसूचित जनजातियों** की उन्नति के लिये विशेष प्रावधान करने का अधिकार प्रदान करता है।
- **संविधान ( 77वाँ संशोधन ) अधिनियम, 1995 द्वारा अनुसूचित जातियों** और अनुसूचित जनजातियों के लिये पदोन्नति में आरक्षण को सक्षम करने हेतु **अनुच्छेद 16( 4A )** शामिल किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**
  - ◆ **अनुच्छेद 330** और **332** क्रमशः **संसद और राज्य विधानसभाओं** में **अनुसूचित जातियों** और **अनुसूचित जनजातियों** के लिये **सीटों के आरक्षण** के माध्यम से **विशिष्ट प्रतिनिधित्व** का प्रावधान करते हैं।
- **भारत का संविधान** पंचायती राज संस्थाओं और नगर पालिकाओं में **अनुसूचित जातियों** और **अनुसूचित जनजातियों** के लिये सीटों के आरक्षण का प्रावधान करता है । **अतः कथन 3 सही है।**
- **अनुच्छेद 243D** प्रत्येक **पंचायत में अनुसूचित जातियों** और **अनुसूचित जनजातियों** के लिये सीटों का आरक्षण प्रदान करता है।
- **अनुच्छेद 233T** प्रत्येक **नगर पालिका में अनुसूचित जातियों** और **अनुसूचित जनजातियों** के लिये सीटों के आरक्षण का प्रावधान करता है।
- **संविधान के अनुच्छेद 335** में कहा गया है कि प्रशासन की प्रभावकारिता बनाए रखने के लिये **अनुसूचित जनजातियों** और **अनुसूचित जनजातियों** के दावों पर विचार किया जाएगा।

112.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **मुद्रास्फीति** से तात्पर्य किसी अर्थव्यवस्था में **वस्तुओं और सेवाओं के सामान्य मूल्य स्तर में एक निश्चित समयावधि में** होने वाली निरंतर वृद्धि से है, जिसके परिणामस्वरूप धन या **क्रय शक्ति के वास्तविक मूल्य** में गिरावट आती है।
  - ◆ जैसे-जैसे कीमतें बढ़ती हैं, पहले की तुलना में उसी राशि से कम वस्तुएँ और सेवाएँ खरीदी जाती हैं।
- मुद्रास्फीति दर को आमतौर पर एक विशिष्ट समय सीमा, पर एक वर्ष में वस्तुओं और सेवाओं के एक प्रतिनिधि श्रृंखला के औसत मूल्य को ट्रैक करके मापा जाता है, जिसे आमतौर पर **वस्तुओं** की एक टोकरी के रूप में जाना जाता है। मुद्रास्फीति में वृद्धि का तात्पर्य कीमतों में तेज़ी, जबकि निम्न मुद्रास्फीति कीमतों में वृद्धि की अधिक धीमी या मामूली गति को दर्शाती है।
- **अतः विकल्प B सही है।**

113.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **चंद्रयान-3** एक तीन चरणीय मिशन है जिसमें एक **प्रोपल्शन मॉड्यूल**, एक **लैंडर मॉड्यूल** और एक **रोवर मॉड्यूल शामिल हैं । अतः कथन 1 सही है।**
- प्रोपल्शन **मॉड्यूल के द्वारा चंद्रमा की कक्षा** से पृथ्वी के **स्पेक्ट्रल** और **पोलारी मीट्रिक माप का अध्ययन करने के लिये स्पेक्ट्रो-पोलरिमेट्री ऑफ हैबिटेबल प्लैनेट अर्थ ( SHAPE )** पेलोड ले जाया जायेगा। **अतः कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **लैंडर मॉड्यूल** एक वैज्ञानिक पेलोड ले जा रहा है जिसमें चंद्रमा की सतह और वायुमंडल का अध्ययन करने के लिये उपकरणों का एक सेट शामिल है; **दक्षिणी ध्रुव के निकट उपसतह तापमान को सफलतापूर्वक मापने वाला पहला उपकरण चंद्रा सरफेस थर्मोफिजिकल एक्सपेरीमेंट** (**ChaSTE**) तथा लैंडिंग स्थल के आसपास भूकंपीयता को मापने के लिये **चंद्र भूकंपीय गतिविधियाँ उपकरण** (**ILSA**)।
- **रोवर मॉड्यूल** चंद्र सतह और उपसतह का अध्ययन करने के लिये उपकरणों का एक सेट ले जा रहा है, जिसमें लैंडिंग साइट के आसपास के क्षेत्र में तत्त्वों की संरचना का पता लगाने के लिये **अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर** (**APXS**) और **लेज़र इंड्यूस्ड ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोपी** (**LIBS**) शामिल हैं।
- चंद्रयान-3 के लैंडर मॉड्यूल का नाम **विक्रम** तथा **रोवर मॉड्यूल** का नाम प्रज्ञान है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

114.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**परिसीमन आयोग:**

- ह एक उच्चस्तरीय **तीन सदस्यीय निकाय है, जिसके आदेश कानूनी रूप से बाध्यकारी** हैं तथा किसी भी न्यायालय के समक्ष उन पर प्रश्न नहीं उठाया जा सकता। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसके **आदेश लोकसभा** और **राज्य विधानसभाओं** में प्रस्तुत किये जाते हैं, लेकिन उन्हें संशोधित नहीं किया जा सकता। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत में ऐसे परिसीमन आयोग **वर्ष 1952, 1963, 1973 और 2002 में 4 बार** गठित किया गया है।
- इसमें **सर्वोच्च न्यायालय या उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीश, केंद्र सरकार** द्वारा नियुक्त एक अध्यक्ष और **मुख्य चुनाव आयुक्त** पदेन सदस्य होते हैं। **अत: कथन 3 सही है।**
- इसमें **सिविल न्यायालय** की शक्तियाँ हैं।

115.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- भारत में इलेक्ट्रिक वाहनों की ओर कदम बढ़ाने से विनिर्माण और बुनियादी ढाँचे में नए अवसरों के माध्यम से आर्थिक विकास और रोज़गार सृजन की प्रबल संभावनाएँ हैं।
  - भारत के इलेक्ट्रिक वाहन लक्ष्य का वर्ष 2030 तक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देना है, जिसमें 80% दोपहिया और तिपहिया वाहन और 30% निजी कारें शामिल होंगी। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत को एक मज़बूत EV पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिये सहायक नीतियों और प्रोत्साहनों के साथ घटकों, बैटरी और चार्जिंग बुनियादी ढाँचे में अंतराल को दूर करना होगा।
  - इन लक्ष्यों को प्राप्त करने से आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने, वायु प्रदूषण को कम करने तथा ऊर्जा सुरक्षा में सुधार करने में मदद मिल सकती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **अत: विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II, कथन-I का सही स्पष्टीकरण है।**

116.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**पंचायत (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तार) अधिनियम (पेसा), 1996:**

- पेसा अधिनियम **1996 में "पंचायतों** से संबंधित संविधान के **भाग IX** के प्रावधानों को **अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तारित करने के लिये"** लागू किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
  - संविधान के **भाग IX में अनुच्छेद 243-243ZT** शामिल हैं, जिसमें **नगर पालिकाओं** और **सहकारी समितियों** से संबंधित प्रावधान शामिल हैं।
- इसका **उद्देश्य अनुसूचित क्षेत्रों** में रहने वाले लोगों के लिये **ग्राम सभाओं** के माध्यम से **स्वशासन** सुनिश्चित करना है।
- **पाँचवीं अनुसूची असम, मेघालय, त्रिपुरा** और मिज़ोरम के अलावा अन्य राज्यों में **अनुसूचित क्षेत्रों** और **अनुसूचित जनजातियों** पर लागू होगी। **अत: कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- यह **अनुसूचित क्षेत्रों** के निवासी **जनजातीय समुदायों को अपनी स्वयं की शासन प्रणाली** के माध्यम से स्वयं पर शासन करने के अधिकार को मान्यता देता है, तथा **प्राकृतिक संसाधनों** पर उनके **पारंपरिक अधिकारों** को भी स्वीकार करता है।

117.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **अनुच्छेद** 142 **सर्वोच्च न्यायालय** को **विवेकाधीन शक्ति** प्रदान करता है क्योंकि इसमें कहा गया है कि सर्वोच्च न्यायालय अपने अधिकार क्षेत्र के प्रयोग में ऐसा **आदेश** पारित कर सकता है या ऐसा आदेश **दे सकता** है जो उसके समक्ष लंबित किसी भी मामले में **पूर्ण न्याय करने** के लिये आवश्यक हो। **अत: कथन 1 सही है।**
- **भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों** से संबंधित **यूनियन कार्बाइड मामले** में सर्वोच्च **न्यायालय ने संसद** या **राज्यों की विधानसभाओं** द्वारा बनाए गए कानूनों से खुद को परे रखते हुए कहा कि **पूर्ण न्याय करने के लिये,** उसके द्वारा संसद द्वारा बनाए गए कानूनों को भी दरकिनार किया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **सर्वोच्च न्यायालय बार एसोसिएशन बनाम भारत संघ मामले** में स्पष्ट किया गया कि **अनुच्छेद** 142 मौजूदा कानून का पूरक है, न कि उसे **प्रतिस्थापित** करने वाला। **अत: कथन 3 सही है।**

118.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ए.के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य, 1950 मामला:**

- यह मामला **मूल रूप से संविधान के भाग III के तहत अनुच्छेद** 21 एवं अन्य मूल अधिकारों की व्याख्या (विशेष रूप से निवारक निरोध के संदर्भ में) से संबंधित था। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसमें सर्वोच्च **न्यायालय** ने माना कि **अनुच्छेद** 21 केवल **मनमाने कार्यकारी कार्यों से सुरक्षा** प्रदान करता है, विधायी **कार्यों से नहीं। अत: कथन 2 सही नहीं है।**
    - इसका अर्थ यह है कि राज्य किसी व्यक्ति को **जीवन या स्वतंत्रता से वंचित करने वाली विधि** बना सकता है और जब तक प्रक्रिया का पालन किया जाता है, तब तक यह वैध है, भले ही विधि स्वयं अनुचित हो।
- **न्यायालय ने भारतीय अवधारणा "विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया"** और अमेरिकी अवधारणा **"विधि की सम्यक प्रक्रिया"** के बीच स्पष्ट अंतर किया।

119.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- रेपो दर एक **मौद्रिक नीति उपकरण** है जिसका उपयोग केंद्रीय बैंक (भारतीय रिज़र्व बैंक) द्वारा मुद्रा आपूर्ति को विनियमित करने, मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने और आर्थिक विकास को प्रभावित करने के लिये किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **कम रेपो दर से बैंकों के लिए ऋण सस्ता हो जाता है,** जिससे उधारकर्त्ताओं के लिये ब्याज दरें कम हो जाती हैं, जिसके परिणामस्वरूप अर्थव्यवस्था में उधार लेने और व्यय बढ़ाने को प्रोत्साहन मिलता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- उच्च रेपो दर से बैंकों के लिये उधार लेने की लागत बढ़ जाती है, जिससे उपभोक्ताओं और व्यवसायों के लिये ब्याज दरें बढ़ जाती हैं, जिससे अंतत: अर्थव्यवस्था में उधार लेने और व्यय करने की गति धीमी हो जाती है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

120.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- ग्रीष्मकाल के दौरान तिब्बती पठार के तीव्र तापन से कम दाब का क्षेत्र निर्मित होता है, जो दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगमन में सहायक होता है। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- तिब्बती पठार ग्रीष्मकाल के दौरान ऊष्मा स्रोत के रूप में कार्य करता है, जिससे एक मज़बूत तापीय निम्न दाब क्षेत्र बनता है। यह हिंद महासागर से नम पवनों को खींचता है, जो मानसून के आगमन में महत्त्वपूर्ण योगदान देता है।
- **उपोष्णकटिबंधीय जेट स्ट्रीम (STJ)** ग्रीष्मकाल के दौरान कमज़ोर होकर उत्तर की ओर चली जाती है। उष्णकटिबंधीय पूर्वी जेट (TEJ) के लिये इसका पीछे हटना आवश्यक है, जो मानसून की गतिशीलता से अधिक निकटता से जुड़ा हुआ है। इसलिये, STJ का मज़बूत होना मानसून की प्रगति में सहायक नहीं होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - **उपोष्णकटिबंधीय जेट स्ट्रीम (STJ)** ऊपरी क्षोभमंडल में स्थित मज़बूत, पश्चिमी पवनों की एक संकीर्ण पट्टी है जो सामान्यतः **दोनों गोलार्धों में 20° और 35° अक्षांश के बीच स्थित होती है।**
- **दक्षिण हिंद महासागर (मेडागास्कर के पूर्व से उत्तर-पूर्व तक)** में एक स्थायी उच्च दाब सेल, मानसूनी पवनों को भारतीय उपमहाद्वीप की ओर खींचने में सहायता करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

121.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

**नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (CAA), 2019:**

- CAA **पाकिस्तान, अफगानिस्तान और बांग्लादेश** से 31 दिसंबर, 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश करने वाले छह **गैर-मुस्लिम समुदायों (हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई)** को धर्म के आधार पर नागरिकता प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- विदेशी अधिनियम, 1946 और पासपोर्ट अधिनियम, 1920 दोनों में अवैध रूप से देश में प्रवेश करने तथा समाप्त हो चुके वीज़ा व परमिट पर यहाँ रहने के लिये दंड का प्रावधान किया गया है।
- यह विधेयक छह समुदायों के सदस्यों को **विदेशी अधिनियम, 1946 और पासपोर्ट अधिनियम, 1920** के तहत किसी भी आपराधिक मामले से छूट देता है। **अतः कथन 2 सही है।**

122.

उत्तर: B

**व्याख्या:**

**दक्षिण चीन सागर:**

- **दक्षिण चीन सागर पश्चिमी प्रशांत महासागर का हिस्सा है,** जो **दक्षिण-पूर्व एशियाई** मुख्य भूमि के पास स्थित है।
- इसकी सीमा **चीन, ताइवान, फिलीपींस, मलेशिया, इंडोनेशिया, ब्रुनेई और वियतनाम** सहित कई देशों से लगती है।
- लूज़ोन जलडमरूमध्य इसे फिलीपीन सागर से जोड़ता है।
- इस क्षेत्र के **दो मुख्य द्वीप समूह** हैं - **पारासेल द्वीप समूह,** जो वर्तमान में चीनी नियंत्रण में है तथा **स्प्रैटली द्वीप समूह।**
- **अतः विकल्प B सही है।**

123.

उत्तर: C

**व्याख्या:**

**गैरकानूनी गतिविधियाँ रोकथाम अधिनियम (UAPA), 1967:**

- इसे पहली बार वर्ष 1967 में **अलगाववादी आंदोलनों और राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों** से निपटने के लिये लागू किया गया था।
- यह विधेयक **राष्ट्रीय जाँच एजेंसी (NIA)** को पूरे देश में UAPA के तहत मामलों की जाँच और मुकदमा चलाने का अधिकार देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसमें आतंकवादी कृत्यों के लिये **उच्चतम दंड के रूप में मृत्युदंड और आजीवन कारावास** का प्रावधान है।
- यह संदिग्धों को बिना किसी आरोप या सुनवाई के 180 दिनों तक हिरासत में रखने तथा अभियुक्तों को जमानत देने से इंकार करने की अनुमति देता है, जब तक कि न्यायालय इस बात से संतुष्ट न हो जाए कि वे दोषी नहीं हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- इसमें **गैरकानूनी गतिविधि** को ऐसी किसी भी कार्रवाई के रूप में परिभाषित किया गया है जो भारत के किसी हिस्से के **अधिग्रहण या अलगाव को बढ़ावा देती है या उकसाती है** या जो देश की **संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर सवाल उठाती है या उसका अनादर करती है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

124.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **अल नीनो** की विशेषता यह है कि **मध्य और पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर** का तापमान बढ़ता है, जो वैश्विक मौसम पैटर्न को बाधित करता है। **अतः कथन I सही है।**
  - ये घटनाएँ **दक्षिण-पूर्व एशिया और ऑस्ट्रेलिया में अनावृष्टि की बढ़ती घटनाओं से जुड़ी हैं।**
- महासागर के गर्म होने से व्यापारिक पवनें कमज़ोर हो जाती हैं, जिससे शीत जल के ऊपर उठने में कमी आती है, जो वायुमंडलीय परिसंचरण को प्रभावित करता है और वैश्विक स्तर पर मौसम की स्थिति बदल जाती है। **अतः कथन II सही है।**
  - अल नीनो घटनाओं के दौरान परिवर्तित वायुमंडलीय परिसंचरण पैटर्न विशिष्ट मौसम प्रणालियों को बाधित करते हैं, जिससे लंबे समय तक सूखा रहता है और इन क्षेत्रों में अनावृष्टि की संभावना बढ़ जाती है।
- **अतः विकल्प A सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।**

125.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (NABARD):**

- इसकी स्थापना **बी. शिवरामन समिति (1979)** की सिफारिशों के बाद की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- **नाबार्ड ने** भारत के कृषि क्षेत्र में परिवर्तन के लिये विश्व बैंक से संबद्ध संस्थानों सहित कई प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ सहयोग किया है।
- नाबार्ड **क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (RRB)** और सहकारी बैंकों की निगरानी करता है, उनके परिचालन में सुधार के लिये सहायता प्रदान करता है तथा **कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (CBS)** नेटवर्क के साथ उनका एकीकरण सुनिश्चित करता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - **कोर बैंकिंग सॉल्यूशन (CBS)** एक सॉफ्टवेयर है जिसका उपयोग बैंकों द्वारा प्राथमिक परिचालनों के प्रबंधन के लिये किया जाता है।
  - यह एक केंद्रीकृत प्रणाली है जो ग्राहकों या व्यवसायों को केवल उस शाखा से ही लेनदेन करने के बजाय किसी भी शाखा से लेनदेन करने की अनुमति देती है जहाँ खाता खोला गया था।
- नाबार्ड के संचालन की देखरेख एक निदेशक मंडल द्वारा की जाती है, जिसका गठन **नाबार्ड अधिनियम, 1981** के अनुसार भारत सरकार द्वारा किया गया है। **अतः कथन 3 सही है।**

126.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मुख्यमंत्री (CM) की नियुक्ति:**

- संविधान में मुख्यमंत्री के चयन और नियुक्ति के लिये कोई विशिष्ट प्रक्रिया प्रदान नहीं की गई है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **अनुच्छेद** 164 के अनुसार **मुख्यमंत्री की** नियुक्ति राज्यपाल द्वारा की जाएगी । **अतः कथन 2 सही है।**
- संविधान में मुख्यमंत्री की नियुक्ति से पहले विधानसभा में बहुमत साबित करना अनिवार्य नहीं है (अनुच्छेद 164)। **अतः कथन 3 सही है।**

127.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वन हेल्थ ज्वाइंट एक्शन:**

- वन हेल्थ ज्वाइंट प्लान ऑफ एक्शन को क्वाड्रिपार्टाइट संगठन - **खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO), संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP), विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH)** द्वारा शुरू किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- यह योजना **वर्ष 2022 से 2026 तक लागू है** तथा वैश्विक, **क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों को संबोधित करती है। अतः कथन 2 सही है।**
- **उत्तराखंड में वन हेल्थ फ्रेमवर्क को लागू करने के लिये एक पायलट परियोजना शुरू की गई। अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- **एक्शन प्लान के मुख्य क्षेत्र:**
    - स्वास्थ्य प्रणालियों के लिये वन हेल्थ कपैसिटी
    - उभरती और पुन: उभरती जूनोटिक महामारी
    - स्थानिक जूनोटिक
    - उपेक्षित उष्णकटिबंधीय और वेक्टर जनित रोग
    - रोगाणुरोधी प्रतिरोध और पर्यावरण
    - खाद्य सुरक्षा जोखिम

128.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ओलिव रिडले कछुए:**

- **ये कछुए माँसाहारी होते हैं और इनका ये नाम इनके जैतून के रंग के कवच (पृष्ठवर्म) के कारण पड़ा है। अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- इन कछुओं को IUCN रेड लिस्ट में सुभेद्य के रूप में वर्गीकृत किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **संरक्षण स्थिति:**
    - **वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972:** अनुसूची 1
    - **CITES: परिशिष्ट I**
- वे **प्रशांत, अटलांटिक और हिंद महासागर** के गर्म जल में पाए जाते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

129.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**मुद्रास्फीति:**

- भारत में मुद्रास्फीति को मुख्य रूप से **उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI)** के आधार पर मापा जाता है, जो वस्तुओं और सेवाओं की खुदरा कीमतों पर नजर रखता है तथा **थोक मूल्य सूचकांक (WPI)** के आधार पर मापा जाता है, जो थोक स्तर पर मूल्य परिवर्तनों को मापता है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - CPI मौद्रिक नीति के लिये प्राथमिक मीट्रिक है, जबकि WPI का उपयोग विशिष्ट आर्थिक विश्लेषण के लिये किया जाता है।
- अति मुद्रास्फीति का अर्थ सामान्य मूल्य स्तर में अत्यधिक उच्च और अनियंत्रित वृद्धि से है जो अक्सर प्रति माह 50% से अधिक होती है, न कि वार्षिक 5% से कम की मध्यम वृद्धि। मध्यम मुद्रास्फीति को सामान्यतः रेंगती हुई मुद्रास्फीति कहा जाता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- मांगजनित मुद्रास्फीति तब होती है जब समग्र मांग समग्र आपूर्ति से अधिक हो जाती है, जिससे कीमतों पर ऊपर की ओर दबाव पड़ता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

130.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI):**

- **अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE)** ने उच्च शिक्षा में इसके एकीकरण पर ज़ोर देते हुए वर्ष 2025 को "इयर ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI)" घोषित किया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है ।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- AICTE ने शीर्ष प्रदर्शन करने वाले संस्थानों को मान्यता देने और उन्हें AI शिक्षा के लिये आदर्श संस्थानों के रूप में उजागर करने की भी योजना बनाई है, जिसका उद्देश्य प्रतिस्पर्द्धा और नवाचार को बढ़ावा देना है।
- लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM) सक्रिय AI की सुविधा प्रदान करते हैं जो न केवल डेटा उत्पन्न करता है बल्कि मूल्यवान अंतर्दृष्टि भी प्रदान करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

131.

**उत्तर:** B

**व्याख्या:**

- **संविधान के अनुच्छेद 202 के अनुसार,** राज्यपाल यह सुनिश्चित करता है कि वार्षिक वित्तीय विवरण (राज्य बजट) राज्य विधानमंडल के समक्ष रखा जाए। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अनुच्छेद 207 के तहत,** धन विधेयक को राज्य विधानमंडल में पेश करने के लिये राज्यपाल की पूर्व सिफारिश की आवश्यकता होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- अनुच्छेद 267 के अनुसार अप्रत्याशित व्यय को पूरा करने के लिये राज्यपाल राज्य की आकस्मिकता निधि (संचित निधि नहीं) से अग्रिम राशि दे सकते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

132.

**उत्तर:** A

**व्याख्या:**

- मंडल आयोग, जिसे आधिकारिक तौर पर दूसरा पिछड़ा वर्ग आयोग कहा जाता है, **1 जनवरी, 1979 को स्थापित किया गया था** और इस आयोग ने सरकारी नौकरियों और उच्च शिक्षण संस्थानों में **OBC के लिये 27% आरक्षण की अनुशंसा** की थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- ***इंद्र साहनी बनाम भारत संघ मामले (1992)*** में, सर्वोच्च न्यायालय ने **27% OBC आरक्षण को संविधान के अनुसार मान्य माना,** लेकिन कुछ शर्तें जैसे कि **क्रीमी लेयर** का अपवाद और कुल आरक्षण पर **50% की सीमा लागू** की। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

133.

**उत्तर:** D

**व्याख्या:**

**भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC):**

- **भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (INC)** ने **दिसंबर 1929** में **लाहौर अधिवेशन** में, जिसकी अध्यक्षता **जवाहरलाल नेहरू** ने की, **पूर्ण स्वराज का प्रस्ताव** पारित किया, जिसमें पूर्ण स्वतंत्रता को अपने लक्ष्य के रूप में घोषित किया गया। **अतः कथन 1 सही है।**
- **1907 में सूरत का विभाजन** उदारवादियों (जो संवैधानिक उपायों के समर्थक थे) और उग्रवादियों (जो बहिष्कार और स्वदेशी जैसे कठोर तरीकों का समर्थन करते थे) के बीच **वैचारिक मतभेदों** के कारण हुआ। **अतः कथन 2 सही है।**
- **असहयोग आंदोलन (1920-1922) महात्मा गांधी** के नेतृत्व में कॉन्ग्रेस द्वारा शुरू किया गया था। **अतः कथन 3 सही है।**

134.

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

**कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI):**

- **AI में एल्गोरिदम** और **कम्प्यूटेशनल सिस्टम** के माध्यम से **सीखने, तर्क करने** और **समस्या-समाधान** जैसी मानव संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं का अनुकरण शामिल है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **नीति आयोग ने 2018** में **राष्ट्रीय AI रणनीति** शुरू की, **जिसमें स्वास्थ्य सेवा, कृषि** और **शिक्षा** जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **कृषि में (उदाहरण के लिये, ICAR और स्टार्टअप्स द्वारा) फसल की उपज का पूर्वानुमान लगाने, कीटों का पता लगाने** और **सटीक खेती** के लिये AI-आधारित पूर्वानुमान मॉडल का उपयोग किया जाता है।
- **आरोग्य सेतु ऐप** (Aarogya Setu app) ने COVID-19 महामारी के दौरान संपर्क ट्रेसिंग और जोखिम मूल्यांकन के लिये **AI** का उपयोग किया। **अतः कथन 3 सही है।**

135.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **हीटवेव:** हीटवेव भारत में **ग्रीष्म ऋतु के दौरान होने वाली असामान्य रूप से उच्च तापमान की अवधि** है।
  - हीटवेव आमतौर पर मार्च से जून के बीच चलती है और साथ ही कभी-कभी दुर्लभ मामलों में जुलाई तक चलती है।
- **हीटवेव के कारण:**
  - **गर्म और शुष्क वायु का प्रचलन:** गर्म और शुष्क वायु का एक बड़ा क्षेत्र गर्मी के रूप में कार्य करता है। फिर प्रचलित वायु इस गर्म वायु को अन्य क्षेत्रों में ले जाती हैं, जिससे तापमान में वृद्धि होती है।
  - **नमी का अभाव:** वायु में नमी (Moisture) गर्मी को रोककर रखती है और उसे बाहर निकलने से रोकती है, जबकि शुष्क वायु सौर विकिरण को अधिक आसानी से सतह तक पहुँचने देती है तथा रात में न्यूनतम अवरोध के साथ वापस भेज देती है, जिसके परिणामस्वरूप दिन के तापमान में तेज़ी से वृद्धि होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - **बादल रहित आसमान:** बादल एक ढाल की तरह काम करते हैं, जो सूर्य की रोशनी को वापस अंतरिक्ष में परावर्तित करते हैं और पृथ्वी की सतह को गर्म होने से रोकते हैं। साफ, बादल रहित आकाश अधिकतम सौर विकिरण को ज़मीन तक पहुँचने देता है, जिससे गर्मी बढ़ती है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - **बड़े आयाम वाला प्रतिचक्रवाती प्रवाह:** प्रतिचक्रवात बड़े पैमाने पर वायुमंडलीय परिसंचरण प्रतिरूप हैं, जिनमें वायु का अवतलन शामिल है।
    - यह अवतलित वायु रुद्धोष्म रूप से संपीड़ित होकर गर्म हो जाती है (बिना ऊष्मा प्राप्त किये गर्म हो जाती है), जिससे सतह पर तापमान बढ़ जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**
  - **भौगोलिक कारक:** उत्तर-पश्चिमी भारत जैसे शुष्क या अर्ध-शुष्क जलवायु वाले क्षेत्रों में गर्मी की लहरें अधिक बार आती हैं। गर्मियों के महीनों के दौरान प्रचलित पश्चिमी वायुएँ गर्मी की लहरों को पूर्व और दक्षिण की ओर प्रवाहित होती हैं।
  - **जलवायु परिवर्तन: ग्लोबल वार्मिंग** के कारण गर्मी की लहरों की आवृत्ति और तीव्रता बढ़ रही है। बढ़ता आधारभूत तापमान इन घटनाओं के घटित होने के लिये अधिक **अनुकूल वातावरण** तैयार करता है।

136.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**विश्व व्यापार संगठन (WTO):**

- **परिचय:** विश्व व्यापार संगठन एक अंतर्राष्ट्रीय संस्था है जिसका गठन राष्ट्रों के बीच वैश्विक व्यापार के नियमों को विनियमित करने के लिये किया गया है।
  - इसका गठन 15 अप्रैल 1994 को 123 देशों द्वारा **टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौते (GATT)** के उरुग्वे दौर की वार्ता (1986-94) के बाद हस्ताक्षरित **मारकेश समझौते** के तहत किया गया था, जिसके परिणामस्वरूप वर्ष 1995 में विश्व व्यापार संगठन की उत्पत्ति हुई। **अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- WTO ने GATT का स्थान लिया जो वर्ष 1948 से विश्व व्यापार को विनियमित कर रहा था।
    - GATT वस्तुओं के व्यापार पर केंद्रित है, जबकि WTO वस्तुओं, सेवाओं और बौद्धिक संपदा के व्यापार जैसे विषयों का विनियमन करता है, जिसमें सृजन, डिज़ाइन और आविष्कार शामिल हैं।
- **मुख्यालय:** जिनेवा, स्विज़रलैंड।
- **सदस्य:** 166 देश
- **प्रमुख विश्व व्यापार संगठन समझौते:**
    - **TRIMS (व्यापार-संबंधित निवेश उपाय):** इसके तहत उन उपायों पर रोक लगाई गई है जिससे विदेशी उत्पादों के विरुद्ध भेदभाव होता है।
    - **TRIPS (बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधी पहलू):** TRIPS के तहत बौद्धिक संपदा अधिकारों से संबंधित विवादों का समाधान होता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - **AOA (कृषि पर समझौता):** AOA, कृषि व्यापार उदारीकरण को बढ़ावा देने के साथ बाजार पहुँच और घरेलू समर्थन पर केंद्रित है।
        - **अतः कथन 3 सही है।**

137.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**केंद्र-राज्य संबंध के संबंध में विभिन्न आयोगों की प्रमुख अनुशंसाएँ:**

- **राजमन्नार समिति (1969):** तमिलनाडु द्वारा गठित, राजमन्नार समिति केंद्र-राज्य संबंधों की समीक्षा करने वाली पहली राज्य-स्तरीय पहल थी। **अतः कथन 1 सही है।**
    - इसमें सत्ता के बढ़ते केंद्रीकरण की आलोचना की गई, जिससे राज्य की स्वायत्तता प्रभावित हो रही थी।
    - यद्यपि संविधान संघीय प्रतीत होता है, लेकिन समिति के अनुसार यह एकात्मक रूप से कार्य करता है, जिससे राज्य केंद्र के प्रशासनिक अंग बन जाते हैं।
    - समिति ने पुनः संघीय संतुलन स्थापित करने हेतु अंतर्राज्यीय परिषद (ISC) का सुदृढ़ीकरण करने का आह्वान किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- **पुंछी आयोग (2007):** इसने सिफारिश की कि समवर्ती सूची के विषयों पर विधेयक पेश करने से पहले राज्यों से अंतर्राज्यीय परिषद के माध्यम से परामर्श किया जाना चाहिये और राज्य सूची के मामलों पर संघ की संधि-निर्माण शक्ति के विनियमन की मांग की।
    - इससे उनके आंतरिक मामलों में राज्यों का प्रतिनिधित्व बढ़ेगा और सहकारी संघवाद को बढ़ावा मिलेगा।
    - राजकोषीय मामलों में राज्यों को अधिक स्वायत्तता दिए जाने के साथ वित्तीय संसाधनों के आवंटन में सुधार किये जाने का सुझाव दिया गया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

138.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **ई.वी. चिन्नैया बनाम आंध्र प्रदेश राज्य (वर्ष 2004):** सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया कि अनुसूचित जातियाँ एक समरूप वर्ग (Homogeneous Class) हैं तथा अनुसूचित जातियों के भीतर कोई भी उप-वर्गीकरण अनुच्छेद 341 के तहत राष्ट्रपति सूची में फेरबदल के समान होगा।
    - चूँकि केवल संसद ही सूची में संशोधन कर सकती है, इसलिये न्यायालय ने राज्यों द्वारा उप-वर्गीकरण को असंवैधानिक घोषित कर दिया।
    - **अनुच्छेद 341(1):** इसमें राज्यपाल के परामर्श से राष्ट्रपति द्वारा अनुसूचित जातियों को विनिर्दिष्ट किये जाने का प्रावधान है। **अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 — SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

- **पंजाब राज्य बनाम दविंदर सिंह (वर्ष 2024):** सात न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने चिन्नैया निर्णय को खारिज कर दिया और इस बात को बरकरार रखा कि राज्य अनुभवजन्य आँकड़ों और ऐतिहासिक साक्ष्यों का उपयोग करके पिछड़ेपन के विभिन्न स्तरों के आधार पर आरक्षण कोटे के भीतर **SC और ST** को उप-वर्गीकृत कर सकते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इस तरह के उप-वर्गीकरण में राजनीतिक उद्देश्यों से बचना चाहिये तथा यह न्यायिक समीक्षा के अधीन है।
- **न्यायमूर्ति रामचंद्र राजू आयोग, 1997:** इसने अनुसूचित जाति को चार समूहों में विभाजित करने और प्रत्येक के लिये अलग-अलग आरक्षण आवंटित करने की अनुशंसा की। **अत: कथन 3 सही है।**
  - आयोग ने यह भी अनुशंसा की कि अनुसूचित जाति के 'क्रीमी लेयर' को सार्वजनिक नियुक्तियों और शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश में किसी भी आरक्षण लाभ से बाहर रखा जाए।

139.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**भारतीय संविधान का अनुच्छेद 142**

- **सर्वोच्च न्यायालय को सशक्त बनाना:** अनुच्छेद 142 सर्वोच्च न्यायालय को अपने समक्ष लंबित **किसी मामले में पूर्ण न्याय** करने के लिये आवश्यक कोई भी डिक्री या आदेश पारित करने का अधिकार देता है।
  - ये डिक्री या आदेश पूरे भारत में लागू होते हैं, जिससे ये न्यायिक हस्तक्षेप के लिये महत्वपूर्ण उपकरण बन जाते हैं।
- **कानूनी सीमाओं से परे जाना:**
  - अनुच्छेद 142 सर्वोच्च न्यायालय को सभी संबंधित पक्षों के लिये न्याय सुनिश्चित करने के लिये **मौजूदा कानूनों या विधानों की सीमाओं से परे जाने की अनुमति** देता है।
    - यह न्यायालय को आवश्यकता पड़ने पर कार्यकारी और विधायी भूमिकाओं सहित न्यायनिर्णयन से परे अन्य कार्य करने में सक्षम बनाता है।
  - अनुच्छेद 142 को **कई अन्य प्रावधानों का समर्थन प्राप्त है,** जिनमें अनुच्छेद 32 (जो संवैधानिक उपचारों के अधिकार को सुनिश्चित करता है), अनुच्छेद 141 (यह अनिवार्य करता है कि भारत के सभी न्यायालयों को सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों का पालन करना होगा) और अनुच्छेद 136 (जो विशेष अनुमति याचिका की अनुमति देता है) शामिल हैं।
    - इस सामूहिक ढाँचे को **"न्यायिक सक्रियता"** शब्द से जाना जाता है। इस अवधारणा के कारण अक्सर सर्वोच्च न्यायालय ने **"पूर्ण न्याय"** प्रदान करने के लिये संसदीय कानून को दरकिनार कर दिया है।
- **सार्वजनिक हित के मामलों में हस्तक्षेप करना:**
  - यह प्रावधान सर्वोच्च न्यायालय को सार्वजनिक हित, मानवाधिकार, संवैधानिक मूल्यों या मौलिक अधिकारों से जुड़े मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार देता है।
  - यह संविधान के संरक्षक के रूप में न्यायालय की भूमिका को सुदृढ़ करता है तथा उल्लंघनों के विरुद्ध सुरक्षा सुनिश्चित करता है।
- **अत: विकल्प A सही है।**

140.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- K2-18b की **खोज वर्ष 2015 में नासा के केपलर मिशन द्वारा** की गई थी, जिसके बाद ऐसे अध्ययन हुए, जिन्होंने ब्रह्मांड की समझ को बदल दिया। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह **सौरमंडल के बाहर के ग्रहों की एक श्रेणी से संबंधित है जो पृथ्वी से बड़ा है लेकिन नेपच्यून से छोटा** है। **अत: कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- ये उप-नेपच्यून **एक तारे के "गोल्डीलॉक्स ज़ोन"** के आसपास स्थित हैं, जो एक ऐसा क्षेत्र है जो पानी को समाहित करने के लिये न तो बहुत गर्म है और न ही बहुत ठंडा है, और अत: **जीवन की संभावना प्रदान** करता है।

141.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **धर्म के राज्य प्रबंधन के लिये न्यायिक उदाहरण:**
  - **शिरूर मठ बनाम आयुक्त, हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती, मद्रास मामला, 1954:** भारत के सर्वोच्च न्यायालय (SC) ने निर्णय दिया कि धार्मिक संस्थाओं को **अनुच्छेद 26 (d)** के तहत स्वतंत्र रूप से अपने मामलों का प्रबंधन करने का अधिकार है, जब तक कि वे सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता या स्वास्थ्य के विपरीत गतिविधियों में संलग्न नहीं होते हैं।
    - हालाँकि, **राज्य धार्मिक या धर्मार्थ संस्थानों के प्रशासन को विनियमित** कर सकता है। इस मामले ने भारत में धार्मिक स्वतंत्रता और संपत्ति के अधिकारों की सुरक्षा के लिये महत्त्वपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया।
  - **रतिलाल पानाचंद गांधी बनाम बॉम्बे राज्य मामला, 1954:** सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि धार्मिक प्रथाएँ भी धार्मिक आस्था या सिद्धांतों की तरह ही धर्म का हिस्सा हैं, लेकिन यह संरक्षण केवल धर्म के आवश्यक और अभिन्न अंगों तक ही सीमित है और राज्य ट्रस्ट संपत्तियों के प्रशासन को विनियमित कर सकता है।
  - **पन्नालाल बंसीलाल पित्ती बनाम आंध्र प्रदेश राज्य मामला, 1996:** सर्वोच्च न्यायालय ने मंदिर प्रबंधन पर वंशानुगत अधिकारों को समाप्त करने वाले कानून को बरकरार रखा और इस तर्क को खारिज कर दिया कि ऐसे कानून सभी धर्मों पर समान रूप से लागू होने चाहिये।
  - **स्टैनिस्लॉस बनाम मध्य प्रदेश राज्य मामला, 1977:** सर्वोच्च न्यायालय ने माना कि **अनुच्छेद 25** के तहत धर्म का प्रचार करने के अधिकार में किसी अन्य व्यक्ति को अपने धर्म में परिवर्तित करने का अधिकार शामिल नहीं है। इस फैसले ने धर्मांतरण विरोधी कानूनों की वैधता को बरकरार रखा।
- **अत: विकल्प A सही है।**

142.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप (JWST):**

- **JWST नासा,** यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ESA) और **कनाडाई अंतरिक्ष एजेंसी** के बीच एक अंतर्राष्ट्रीय सहयोग है जिसे दिसंबर 2021 में लॉन्च किया गया था।
- यह वर्तमान में अंतरिक्ष में एक बिंदु पर है जिसे **सन-अर्थ L2 लैग्रेंज बिंदु** के रूप में जाना जाता है, जो सूर्य के चारों ओर पृथ्वी की कक्षा से लगभग 1.5 मिलियन किमी दूर है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह अब तक का **सबसे बड़ा, सबसे शक्तिशाली इन्फ्रारेड स्पेस टेलीस्कोप** है और हबल टेलीस्कोप का उत्तराधिकारी है। **अत: कथन 2 सही है।**

143.

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:**

**WHO महामारी समझौता:**

- **WHO महामारी समझौते** का मुख्य लक्ष्य महामारियों की रोकथाम, तैयारी और प्रतिक्रिया प्रणाली को मज़बूत करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **'वन हेल्थ' दृष्टिकोण** मानव स्वास्थ्य, **पशु स्वास्थ्य और पर्यावरण** के बीच संबंध को स्वीकार करता है, जो महामारी नियंत्रण के लिये महत्त्वपूर्ण है। **अत: कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

- यह समझौता **बौद्धिक संपदा अधिकारों (IPR)** के स्थायी त्याग को अनिवार्य नहीं करता, बल्कि **प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और लाइसेंसिंग को** सुविधाजनक बनाने पर ज़ोर देता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

144.

**उत्तर: (a)**

**व्याख्या:**

**नाटो का विस्तार:**

- **नाटो (NATO) की ओपन-डोर पॉलिसी, जिसे अनुच्छेद 10 में उल्लेखित किया गया है,** यूरोपीय देशों को मौजूदा सदस्यों की सर्वसम्मति से सदस्यता मांगने की अनुमति देती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **पार्टनरशिप फॉर पीस** (शांति के लिये साझेदारी), जिसे 1994 में शुरू किया गया था, गैर-सदस्य देशों के साथ सहयोग बढ़ाकर सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा सहायता बल (ISAF),** जो वर्ष 2001 से 2014 तक सक्रिय था, **अफगानिस्तान** में सुरक्षा प्रदान करने और पुनर्निर्माण में सहायता के लिये **NATO के नेतृत्व वाला एक मिशन था। अतः कथन 3 सही नहीं है।**

145.

**उत्तर: (b)**

**व्याख्या:**

- **अनुच्छेद 368** भारतीय संविधान में **संशोधन की प्रक्रिया** को स्पष्ट करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सर्वोच्च न्यायालय ने **केशवानंद भारती बनाम राज्य मामले (1973)** में फैसला दिया कि **संविधान के मूल ढाँचे (Basic Structure)** को संशोधनों के माध्यम से परिवर्तित नहीं किया जा सकता है।
- कुछ प्रावधान, जैसे **संघीय ढाँचे को प्रभावित करने वाले** विषय (उदाहरण के लिये सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय की शक्तियाँ, या संघ एवं राज्यों के बीच शक्तियों का वितरण), संशोधन के लिये संसद में विशेष बहुमत (दो-तिहाई सदस्य जो उपस्थित हों और मतदान करते हों) के साथ ही **कम-से-कम आधे राज्यों की विधानसभाओं की पुष्टि आवश्यक होती है,** जैसा कि अनुच्छेद 368(2) में उल्लेखित है। **अतः कथन 2 भी सही है।**
- **24वें संविधान संशोधन अधिनियम,** 1971 के अनुसार, **राष्ट्रपति संसद द्वारा पारित संविधान संशोधन विधेयक** को स्वीकृति देने के लिये बाध्य हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

146.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मध्य प्रदेश के बौद्ध स्थल:**

- **साँची** का मूल स्तूप सम्राट **अशोक** द्वारा **3वीं शताब्दी ईसा पूर्व** में निर्मित किया गया था। बाद में, **शुंग** और **सातवाहन काल** में इसे और विस्तृत किया गया, जिसमें **अलंकरणयुक्त द्वार (तोरण)** भी शामिल थे। **अतः कथन 1 सही है।**
- भरहुत विस्तृत वर्णनात्मक उभारों और शिलालेखों के लिये प्रसिद्ध है; इसमें प्रयुक्त लिपि **ब्राह्मी** है, **खरोष्ठी नहीं**। प्राचीन भारत के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रों में खरोष्ठी ज़्यादा प्रचलित थी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- रीवा ज़िले में खोजे गए **देउर कोठार** में **अशोककालीन ब्राह्मी शिलालेख** और प्राचीन **बौद्ध स्तूपों** के अवशेष मिले हैं, जो इसे मध्य भारत में बौद्ध धर्म के प्रारंभिक प्रसार से जोड़ते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

147.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **भारतीय संविधान का अनुच्छेद 131,** संघ और राज्यों के बीच या दो या अधिक राज्यों के बीच विवादों, जैसे कानूनी अधिकारों या संवैधानिक प्रश्नों से संबंधित मामलों में सर्वोच्च न्यायालय को **मूल अधिकारिता** प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **न्यायिक नियुक्तियों** के लिये **कॉलेजियम प्रणाली** का विकास वर्ष **1993 के द्वितीय न्यायाधीश वाद और 1998 के तृतीय न्यायाधीश वाद** में न्यायिक व्याख्याओं के माध्यम से हुआ था, **न कि 99वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2014 के द्वारा। 99वें संविधान संशोधन अधिनियम, 2014** के माध्यम से **राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग (NJAC)** की स्थापना का प्रयास किया गया था, जिसे **सर्वोच्च न्यायालय** ने 2015 में असंवैधानिक घोषित कर निरस्त कर दिया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **न्यायिक समीक्षा** की शक्ति का स्पष्ट उल्लेख **अनुच्छेद 13** में नहीं किया गया है। यह शक्ति परोक्ष रूप से अनुच्छेद 13 (जो मूल अधिकारों के विरुद्ध कानूनों को शून्य घोषित करता है) तथा **अनुच्छेद 32** (संवैधानिक उपचारों का अधिकार) से व्युत्पन्न होती है, साथ ही **संविधान के संरक्षक के रूप में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका** से भी जुड़ी हुई है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

148.

उत्तरः C

व्याख्याः

- **भारतीय संविधान** को "**अर्द्ध-संघीय**" या "**एकात्मक पूर्वाग्रह वाला संघीय**" बताया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह **संघीय विशेषताओं** (शक्तियों का विभाजन, लिखित संविधान) को एकात्मक विशेषताओं (सशक्त केंद्र, एकल नागरिकता) के साथ सम्मिलित करता है।
- **भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची तीन सूचियों के माध्यम से संघ और राज्यों के बीच शक्तियों** के विभाजन को रेखांकित करती है: संघ सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची, जिसमें विधान के लिये विषयों को निर्दिष्ट किया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **अनुच्छेद 131** के अंतर्गत, **सर्वोच्च न्यायालय** को संघ और एक या एक से अधिक राज्यों अथवा दो या अधिक राज्यों के बीच उत्पन्न विवादों को सुलझाने की मूल अधिकारिता प्राप्त है, जिससे यह संघीय विवादों में एक प्रमुख निर्णायक संस्था बन जाता है।

149.

उत्तरः A

व्याख्याः

- राष्ट्रीय IPR नीति 2016 को वर्ष 2016 में "**क्रिएटिव इंडिया; इनोवेटिव इंडिया**" के दृष्टिकोण के साथ अपनाया गया। इसका उद्देश्य रचनात्मकता एवं नवाचार को बढ़ावा देना, भारत के IPR इकोसिस्टम को मज़बूत करना और विकासात्मक आवश्यकताओं को संतुलित करते हुए वैश्विक मानकों के साथ संरेखित करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- नीति का संचालन **वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** के अंतर्गत **उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) द्वारा किया जाता है** , न कि **आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा।** नीति **समन्वित प्रवर्तन पर जोर देती है, IPR संवर्धन एवं प्रबंधन प्रकोष्ठ (CIPAM)** जैसे मौजूदा तंत्र को मजबूत करती है।
- इस नीति का संचालन **वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय** के अंतर्गत **उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT)** द्वारा किया जाता है, न कि आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा। नीति समन्वित प्रवर्तन पर ज़ोर देती है तथा IPR **संवर्धन एवं प्रबंधन प्रकोष्ठ (CIPAM)** जैसे मौजूदा तंत्रों को मज़बूत बनाती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

150.

उत्तरः B

व्याख्याः

**बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिये बंगाल की खाड़ी पहल (बिम्सटेक):**

- **वर्ष 2022 में कोलंबो, श्रीलंका में 5वें बिम्सटेक शिखर सम्मेलन के दौरान** हस्ताक्षरित और अपनाया गया बिम्सटेक चार्टर संगठन को संरचित राजनयिक संवाद को सक्षम करने के लिये **कानूनी व्यक्तित्व** प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- इसने सहयोग को सात क्षेत्रों में पुनर्गठित किया, जिसमें भारत सुरक्षा स्तंभों का नेतृत्व करेगा जिसमें **आतंकवाद-निरोध, आपदा प्रबंधन और ऊर्जा** शामिल हैं।

- **4 अप्रैल, 2025** को **बैंकॉक, थाईलैंड** में आयोजित छठे बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में छह प्रमुख परिणामों को मंजूरी दी गई, जिसमें **आर्थिक विकास, संपर्क और सुरक्षा** पर ध्यान केंद्रित करते हुए वर्ष 2030 तक क्षेत्रीय सहयोग का मार्गदर्शन करने के लिये विज़न 2030 दस्तावेज़ भी शामिल है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **वर्ष 2004 में बिम्सटेक मुक्त व्यापार क्षेत्र रूपरेखा समझौते (BFTAFA)** पर हस्ताक्षर किये जाने के बावजूद, एक व्यापक FTA के लिये वार्ता अभी भी अधूरी है, क्योंकि सात घटक समझौतों में से केवल दो ही लागू हो पाए हैं। इससे अंतर-क्षेत्रीय व्यापार को बढ़ावा देने में सीमित प्रगति हुई है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

151.

उत्तर: B

व्याख्या:

- एशियाई-अफ्रीकी सम्मेलन (जिसे बांडुंग सम्मेलन के नाम से भी जाना जाता है) वर्ष 1955 में इंडोनेशिया में आयोजित किया गया था। **अतः कथन 1 सही है।**
- इस सम्मेलन का उद्देश्य अफ्रीकी-एशियाई आर्थिक एवं सांस्कृतिक सहयोग को बढ़ावा देना तथा उपनिवेशवाद और साम्राज्यवाद का विरोध करना था। **अतः कथन 2 सही है।**
- **गुटनिरपेक्ष आंदोलन** की औपचारिक स्थापना **बांडुंग सम्मेलन** में नहीं हुई थी। बांडुंग में चर्चा किये गए सिद्धांतों द्वारा इसकी **नींव** रखी गई लेकिन इस आंदोलन की औपचारिक स्थापना आगे चलकर **वर्ष 1961 में बेलग्रेड सम्मेलन** में हुई थी। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

152.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **राजा राम मोहन राय ने मूर्ति पूजा** और अंधविश्वासी प्रथाओं का विरोध करते हुए **एकेश्वरवाद, तर्कसंगत दृष्टिकोण** एवं **सामाजिक सुधारों** को बढ़ावा देने के क्रम में **वर्ष 1828** में **कलकत्ता** में **ब्रह्म समाज** की स्थापना की थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- **वह सती प्रथा के खिलाफ** प्रमुख प्रचारक थे और उनके प्रयासों से **वर्ष 1829 में गवर्नर-जनरल विलियम बेंटिक** के तहत **बंगाल सती विनियमन, 1829** के माध्यम से इसका उन्मूलन हुआ। **अतः कथन 2 सही है।**
- राजा राम मोहन राय ने अन्य सुधारकों के साथ मिलकर **वर्ष 1817** में **कोलकाता** में **हिंदू कॉलेज** की स्थापना की, जो बाद में **प्रेसीडेंसी विश्वविद्यालय** के रूप में विकसित हुआ। **अतः कथन 3 सही है।**

153.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **सॉलिसिटर जनरल,** भारत के अटॉर्नी जनरल के अधीनस्थ होता है जो सरकार का **प्राथमिक विधि अधिकारी** होता है।
- **भारत के सॉलिसिटर जनरल** की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- सॉलिसिटर जनरल का **कार्यकाल पाँच वर्ष के लिये निर्धारित नहीं** है; ये **राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत** पद धारण करते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- सॉलिसिटर **जनरल मुख्य रूप से सर्वोच्च न्यायालय और उच्च न्यायालय** में **भारत सरकार का** प्रतिनिधित्व करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

154.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **भाग III** के तहत **मूल अधिकार न्यायोचित** हैं, जिसका अर्थ है कि यदि उल्लंघन किया जाता है तो नागरिक उनके प्रवर्तन हेतु न्यायालय में मांग कर सकते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **भाग IV** के तहत **राज्य की नीति के निदेशक तत्त्व (DPSP) गैर-न्यायसंगत** हैं और अदालतों द्वारा विधिक रूप से प्रवर्तनीय नहीं हैं, हालाँकि वे शासन का मार्गदर्शन करते हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **भारतीय संविधान** में **संघ स्तर** पर **द्विसदनीय विधायिका** का प्रावधान है, जिसमें **लोकसभा** और **राज्यसभा** शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

155.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (NDMA):**

- NDMA का औपचारिक गठन **आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005** के तहत वर्ष 2006 में किया गया था, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री द्वारा की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
    - NDMA **गृह मंत्रालय** के अधीन कार्य करता है।
- आपदाओं के लिये समय पर और प्रभावी मोचन सुनिश्चित करने के लिये **आपदा प्रबंधन** के लिये नीतियाँ, योजनाएँ और दिशा-निर्देश जारी करने का कार्य NDMA को सौंपा गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- NDMA ने **हीटवेव** और **ग्लेशियल झील विस्फोट बाढ़ (GLOF)** के प्रबंधन के लिये दिशा-निर्देश जारी किये हैं ।
- कुल **12 आपदाओं को अधिसूचित आपदा** के रूप में वर्गीकृत किया गया है जैसे **चक्रवात, अनावृष्टि** और **भूकंप आदि**। **अतः कथन 3 सही है।**

156.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- हीटवेव की विशेषता **अत्यधिक ऊष्मित मौसम की एक दीर्घ अवधि है,** जिसमें सामान्यतः **उच्च आर्द्रता** होती है, जिसके कारण असुविधा और स्वास्थ्य जोखिम उत्पन्न होता है।
- भारतीय मौसम विभाग (IMD) द्वारा हीटवेव की घोषणा तब करता है जब किसी क्षेत्र में **अधिकतम तापमान** सामान्य से **4.5°C से 6.4°C** अधिक हो या **40°C (मैदानी क्षेत्र)** या **30°C (पर्वतीय क्षेत्र)** तक पहुँच जाए, इसमें दो दिनों तक तापमान का 45°C होना आवश्यक नहीं है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- **ग्लोबल वार्मिंग** से हीटवेव की प्रबलता बढ़ती है और साथ ही **उच्च दाब प्रणालियों** और **एल नीनो** जैसे प्राकृतिक मौसम पैटर्न का भी इसपर प्रभाव पड़ता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **हीट इंडेक्स** के अंतर्गत तापमान और आर्द्रता को ध्यान में रखते हुए, ग्रीष्म लहर के दौरान होने वाली असुविधा का आकलन किया जाता है। **अतः कथन 3 सही है।**

157.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- **लागत-प्रेरित मुद्रास्फीति** तब होती है जब उत्पादन की बढ़ती लागत, जैसे कि मज़दूरी या कच्चे माल, वस्तुओं और सेवाओं की कीमतों में वृद्धि करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **थोक मूल्य सूचकांक (WPI)** थोक स्तर पर मूल्य परिवर्तनों को मापता है, न कि खुदरा स्तर पर, जिसे उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI) द्वारा कवर किया जाता है।
- **मुद्रास्फीतिजनित मंदी** एक ऐसी स्थिति है जिसमें **अर्थव्यवस्था में उच्च मुद्रास्फीति, कम आर्थिक विकास** और **उच्च बेरोज़गारी** एक साथ देखी जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025
SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025
SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स
SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप
SCAN ME

158.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन रिपोर्ट 2025:**

- **म्यूनिख सुरक्षा रिपोर्ट 2025**, जिसका शीर्षक "**बहुध्रुवीकरण**" है, स्पष्ट रूप से वैश्विक मुद्दों को प्रभावित करने वाले बड़ी संख्या में अभिकर्त्ताओं की ओर **सत्ता परिवर्तन** पर ध्यान केंद्रित करती है , जैसा कि अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था के अपने विश्लेषण में उल्लिखित है। **अत: कथन 1 सही है।**
- रिपोर्ट **बहुध्रुवीकरण** के नकारात्मक प्रभावों का मुकाबला करने के लिये "**विध्रुवीकरण**" की वकालत करती है, वैश्विक खतरों से निपटने के लिये शक्तियों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिये सुधारों की आवश्यकता पर बल देती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **म्यूनिख सुरक्षा सूचकांक 2025** से पता चलता है कि **G-7 देश आम तौर पर BICS (ब्रिक्स माइनस रूस)** देशों की तुलना में **बहुध्रुवीय विश्व** के बारे में **कम आशावादी** हैं, **जैसा कि कहा गया है, समान रूप से आशावादी नहीं** हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

159.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- जब राज्य सरकार संविधान के अनुसार कार्य नहीं कर पाती है तो **अनुच्छेद 356** के तहत **राष्ट्रपति शासन** लगाया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - राष्ट्रपति शासन राज्य में संवैधानिक तंत्र के विफल हो जाने के कारण लगाया जाता है, न कि केवल केंद्र सरकार के साथ नीतिगत मतभेदों के कारण।
- अनुच्छेद 356(3) के अनुसार **राष्ट्रपति शासन की घोषणा** को संसद के **दोनों सदनों** द्वारा **दो माह** के अंदर अनुमोदित किया जाना चाहिये। **अत: कथन 2 सही है।**
- अनुच्छेद 356 के तहत **राष्ट्रपति शासन छह माह की प्रारंभिक अवधि** के लिये लगाया जा सकता है जिसे संसदीय अनुमोदन से **तीन वर्ष** तक बढ़ाया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

160.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP) 2020:**

- **NEP 2020** नीति में पूर्ववर्ती 10+2 प्रणाली के स्थान पर नई 5+3+3+4 पाठ्यचर्या प्रणाली लागू की गई है। **अत: कथन 1 सही है।**
- राष्ट्रीय **शिक्षा नीति (NEP) 2020 बहुभाषावाद** और **राष्ट्रीय एकीकरण** को प्रोत्साहित करने के क्रम में **त्रि-भाषा सूत्र** को बढ़ावा देने पर केंद्रित है लेकिन इसके तहत विशेष रूप से **हिंदी** को अनिवार्य नहीं बनाया गया है। इसके बजाय इस नीति के तहत भाषाओं के चयन में लचीलेपन के साथ **मातृभाषा, क्षेत्रीय भाषाओं** और अन्य भारतीय भाषाओं के उपयोग पर बल दिया गया है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- NEP 2020 का लक्ष्य उच्च शिक्षा में **सकल नामांकन अनुपात (GER) को वर्ष 2035** तक **50% तक** बढ़ाना है। **अत: कथन 3 सही है।**

161.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- आठवीं अनुसूची में **हिंदी, तमिल, बंगाली, तेलुगु, कन्नड़ और अन्य सहित 22** अनुसूचित भाषाएँ सूचीबद्ध हैं जिन्हें संविधान द्वारा मान्यता प्राप्त है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **अनुच्छेद 343 (1)** के तहत **देवनागरी लिपि में हिंदी** को संघ की आधिकारिक भाषा घोषित किया गया है जबकि अनुच्छेद **343 (2)** के तहत **आधिकारिक उद्देश्यों के लिये अंग्रेज़ी** के उपयोग की अनुमति दी गई है लेकिन अंग्रेज़ी को स्पष्ट रूप से संघ की "**आधिकारिक भाषा**" घोषित **नहीं** किया गया है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- संविधान के **अनुच्छेद 345 के तहत राज्यों को किसी भी भाषा** को अपनी **आधिकारिक भाषा** के रूप में अपनाने की अनुमति है ज़रूरी नहीं कि वह **आठवीं अनुसूची** से ही हो। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**162.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत निर्वाचन आयोग:**

- ECI **भारतीय संविधान** के **अनुच्छेद 324** के तहत स्थापित एक **संवैधानिक निकाय** है, जिसका कार्य **भारत में स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन** आयोजित करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **ECI संसद**, **राज्य विधानसभाओं** और **राष्ट्रपति** तथा **उपराष्ट्रपति के कार्यालयों** का निर्वाचन कराने के लिये ज़िम्मेदार है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - **1 अक्तूबर 1993** को स्थापित इसकी वर्तमान बहु-सदस्यीय संरचना के अनुसार, ECI में एक **मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC)** और **दो अन्य निर्वाचन आयुक्त** शामिल हैं।
- ECI मतदाताओं को उम्मीदवारों के आपराधिक पूर्वचरित की जानकारी देने के लिये **'नो योर कैंडिडेट' (KYC) ऐप** संचालित करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

**163.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**हिंदू कुश क्षेत्र:**

- **हिंदू कुश** उत्तर में **अमु दरिया (प्राचीन ऑक्सस) घाटी** और दक्षिण में **सिंधु नदी घाटी** के बीच एक **प्राकृतिक रेखा** का निर्धारण करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **हिंदू कुश हिमालय (HKH)** क्षेत्र, जिसमें **हिंदू कुश** शामिल है, को इसके **बृहद बर्फ** और **हिम क्षेत्र** के कारण **'तृतीय ध्रुव'** कहा जाता है, जो **आर्कटिक** और **अंटार्कटिका** के बाद सबसे व्यापक है। **अतः कथन 2 सही है।**
- हालाँकि बृहद **हिंदू कुश क्षेत्र** आठ देशों (अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, भारत, म्याँमार, नेपाल और पाकिस्तान) में विस्तृत है किंतु **हिंदू कुश पर्वतमाला** मुख्य रूप से **अफगानिस्तान, पाकिस्तान** और **ताजिकिस्तान** में स्थित है।

**164.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- गलवान **घाटी पूर्वी लद्दाख** में LAC के अनुदिश अवस्थित है, जो **भारत** और **चीन** के बीच विवादित सीमा को चिह्नित करती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **काराकोरम रेंज** से निकलने वाली **गलवान नदी** से इस घाटी का निर्माण हुआ है और **पश्चिम की ओर बहते हुए सिंधु नदी** की सहायक **नदी श्योक नदी** में यह मिल जाती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **गलवान घाटी पैंगोंग त्सो झील के दक्षिण में नहीं बल्कि उत्तर में अवस्थित** है, क्योंकि **यह लद्दाख में सब सेक्टर उत्तर** का भाग है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**165.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**न्यायमूर्ति के.एस. पुट्टस्वामी (सेवानिवृत्त) बनाम भारत संघ (2018):**

- पुट्टस्वामी मामले में **नौ न्यायाधीशों की पीठ** ने सर्वसम्मति से माना कि **निजता का अधिकार अनुच्छेद 21** (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) और संविधान के अन्य प्रावधानों के तहत एक **मौलिक अधिकार** है। **अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- सर्वोच्च न्यायालय ने **आधार (वित्तीय और अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवाओं का लक्षित वितरण) अधिनियम, 2016** की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा, लेकिन प्रतिबंधों के साथ। इसने **बैंक खातों** और **मोबाइल फोन के लिये आधार को अनिवार्य रूप से जोड़ने** जैसे कुछ प्रावधानों को समाप्त कर दिया और कल्याणकारी योजनाओं के लिये इसके उपयोग को सीमित कर दिया।
- **सर्वोच्च न्यायालय** ने कहा कि **निजता का अधिकार निरपेक्ष** नहीं है और इसे **उचित उपायों के माध्यम से प्रतिबंधित** किया जा सकता है जो **आनुपातिकता परीक्षण को पूरा करते हैं , वैधता, आवश्यकता** और **आनुपातिकता सुनिश्चित** करते हैं।
- इस निर्णय में **निजता के अधिकार** पर प्रतिबंधों की वैधता का आकलन करने के लिये **त्रिस्तरीय परीक्षण** निर्धारित किये गए हैं। किसी भी प्रतिबंध को **कानून (वैधता) द्वारा समर्थित** होना चाहिये, **वैध राज्य उद्देश्य (जैसे, राष्ट्रीय सुरक्षा या सार्वजनिक कल्याण)** का पालन करना चाहिये, और उद्देश्य के अनुपात में होना चाहिये, जिससे **न्यूनतम हस्तक्षेप** सुनिश्चित हो सके। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह निर्णय **नौ न्यायाधीशों की पीठ** द्वारा सुनाया गया, जिसका गठन इस प्रश्न का समाधान करने के लिये किया गया था कि क्या निजता मौलिक अधिकार है, जिसे आधार योजना को दी गई चुनौती से संदर्भित किया गया था।

166.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- अनुच्छेद 32 संवैधानिक उपचार का अधिकार प्रदान करता है, जो व्यक्तियों को **मौलिक अधिकारों** के प्रवर्तन के लिये **सर्वोच्च न्यायालय** में जाने की अनुमति देता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- अनुच्छेद 32 के तहत, **सर्वोच्च न्यायालय मौलिक अधिकारों** की रक्षा के लिये **बंदी प्रत्यक्षीकरण, परमादेश, प्रतिषेध, उत्प्रेषण** और **अधिकार पृच्छा** जैसे रिट जारी कर सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- अनुच्छेद 32 के तहत संवैधानिक उपचारों के अधिकार को मौलिक अधिकार माना जाता है और इसे अनुच्छेद 359 के तहत राष्ट्रीय आपातकाल के अलावा, शांति काल के दौरान निलंबित नहीं किया जा सकता।
- **अनुच्छेद 226 उच्च न्यायालयों** को **मौलिक अधिकारों** और अन्य कानूनी अधिकारों के प्रवर्तन के लिये रिट जारी करने का अधिकार देता है। **अतः कथन 3 सही है।**

167.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **कश्मीर घाटी** दक्षिण में **पीर पंजाल पर्वतमाला** और जम्मू-कश्मीर के उत्तर में **ज़ांस्कर पर्वतमाला** के बीच स्थित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **झेलम नदी** कश्मीर घाटी की मुख्य नदी है, जो इसके उपजाऊ मैदानों में योगदान देती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- कश्मीर **घाटी केसर** का एक प्रमुख उत्पादक है, जिसकी कृषि मुख्य रूप से पंपोर क्षेत्र में की जाती है। **अतः कथन 3 सही है।**
- कश्मीर घाटी में समशीतोष्ण जलवायु है और यहाँ अलग-अलग मौसम होते हैं। यह अपनी हरियाली के लिये जानी जाती है।

168.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM)** मानव जैसी प्रतिक्रियाएँ उत्पन्न करने के लिये टेक्स्ट के विशाल डेटासेट पर प्रशिक्षित **तंत्रिका नेटवर्क** हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- आधुनिक **लार्ज लैंग्वेज मॉडल (LLM)** केवल टेक्स्ट उत्पन्न करने से अधिक सक्षम हैं; वे **कोड जनरेशन** जैसे कार्य भी कर सकते हैं और कुछ मल्टीमॉडल मॉडल इमेज का विश्लेषण करने के लिये सुसज्जित हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- LLM आमतौर पर **ट्रांसफॉर्मर आर्किटेक्चर का उपयोग** करते हैं, न कि **कन्वॉल्यूशनल न्यूरल नेटवर्क (CNN)** का, जो इमेज प्रोसेसिंग में अधिक सामान्य हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- **फाइन-ट्यूनिंग में** कार्य-विशिष्ट प्रदर्शन को बढ़ाने के लिये एक विशिष्ट डेटासेट पर LLM के मापदंडों को समायोजित करना शामिल है।

169.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (DPI):**

- DPI में सार्वजनिक लाभ और समावेशिता के लिये डिज़ाइन किये गए पहचान, भुगतान एवं डेटा-शेयरिंग प्लेटफॉर्म जैसे डिजिटल सिस्टम शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- **आधार DPI** का एक प्रमुख उदाहरण है, जो भारत में विभिन्न सेवाओं तक पहुँचने के लिये एक **विशिष्ट डिजिटल पहचान** प्रदान करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- **यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (UPI)** एक **DPI** है जो निर्बाध, **वास्तविक काल डिजिटल भुगतान** को सक्षम बनाता है, जिससे भारत में **वित्तीय समावेशन में उल्लेखनीय वृद्धि** होती है।
- DPI प्राय: विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और पहुँच को सक्षम करने के लिये एक **ओपन-सोर्स या इंटरऑपरेबल सिस्टम** के रूप में काम करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

170.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (RGSA):**

- RGSA एक **केंद्र प्रायोजित योजना** है जिसमें अधिकांश **राज्यों के लिये 60:40 का वित्तपोषण अनुपात** है, लेकिन पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों के लिये 90:10 और केंद्र शासित प्रदेशों के लिये 100% केंद्रीय वित्तपोषण है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ई-ग्राम स्वराज RGSA का एक प्रमुख घटक है, जो **विकेंद्रीकृत योजना, प्रगति रिपोर्टिंग** और **लेखांकन** में **पारदर्शिता को बढ़ावा** देता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- RGSA निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण देकर **क्षमता निर्माण पर** ज़ोर देता है तथा **पंचायत उद्यम सुइट (PES)** अनुप्रयोगों के माध्यम से **ई-गवर्नेंस को बढ़ावा** देता है।
- **RGSA ग्राम पंचायत विकास योजनाओं (GPDP)** के निर्माण का समर्थन करता है ताकि **PRI स्थानीय विकास और सतत् विकास लक्ष्यों के लिये योजना** बना सकें। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

171.

**उत्तर: Cउत्तर:**

**व्याख्या:**

- वर्ष 1992 के 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के माध्यम से भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय स्वशासन निकायों के रूप में PRI को औपचारिक रूप दिया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
- **ग्राम सभा,** जिसमें गाँव के सभी पंजीकृत मतदाता शामिल होते हैं, **पंचायती राज संस्थाओं की आधारभूत इकाई है** तथा **निर्णय लेने में भाग लेती है।**
- 73वें संशोधन में **लैंगिक प्रतिनिधित्व को बढ़ावा देने के लिये** पंचायती राज संस्थाओं (PRI) में महिलाओं के लिये **न्यूनतम एक तिहाई सीटें आरक्षित करने का प्रावधान** है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - **अनुच्छेद 243G** के तहत पंचायती राज संस्थाओं को **आर्थिक विकास** और **सामाजिक न्याय** के लिये योजनाएँ बनाने और उन्हें क्रियान्वित करने का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है।
- 73वें संशोधन अधिनियम के माध्यम से **राज्य निर्वाचन आयोग** को स्वतंत्र रूप से पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचन कराने का अधिकार प्रदान किया गया। **अत: कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

172.

उत्तर: D

व्याख्या:

**दूध में अपमिश्रण:**

- **दूध में अपमिश्रण करने में प्राय:** दूध को पतला करने अथवा उसका रंग-रूप और मात्रा बढ़ाने के लिये **जल, स्टार्च या यूरिया** जैसे पदार्थ मिलाए जाते हैं।
- दूध में **स्टार्च की मिलावट गाढ़ापन बढ़ाने के लिये की जाती है और इसका पता आयोडीन घोल** डालकर लगाया जा सकता है, जिसके होने पर इसका रंग **नीला** हो जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **दूध में फॉर्मेलिन मिश्रित करने** का उद्देश्य इसकी शेल्फ लाइफ बढ़ाना होता है, लेकिन यह **मानव स्वास्थ्य के लिये खतरनाक है। अत: कथन 2 सही है।**
- **दूध में मेलामाइन** मिश्रण का उपयोग गुणवत्ता परीक्षणों में **प्रोटीन सामग्री की रीडिंग को अनुचित तरीके से बढ़ाने के लिये किया जाता है। अत: कथन 3 सही है।**

173.

उत्तर: D

व्याख्या:

- ONDC भारत में एक **मुक्त, अंतर-संचालन योग्य डिजिटल वाणिज्य मंच** स्थापित करने की सरकार समर्थित पहल है। **अत: कथन 1 सही है।**
- ONDC **विक्रेताओं** को एक ही प्लेटफॉर्म तक सीमित न रखते हुए, कई प्लेटफॉर्मों के माध्यम से **खरीदारों** तक पहुँचने में सक्षम बनाता है।
- **ONDC का उद्देश्य लघु व्यवसायों** और **विक्रेताओं** को व्यापक प्लेटफॉर्म के साथ-साथ **ई-कॉमर्स** में भाग लेने में सक्षम बनाकर **समान अवसर प्रदान** करना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह खुदरा, **खाद्य वितरण** और **गतिशीलता जैसे विविध क्षेत्रों को कवर करता है, तथा डिजिटल वाणिज्य के दायरे का विस्तार करता है।**
- ONDC एक **मुक्त नेटवर्क** है जो न केवल सरकारी बल्कि **निजी संस्थाओं** सहित विभिन्न हितधारकों की भागीदारी को प्रोत्साहित करता है।

174.

उत्तर: B

व्याख्या:

**विश्व व्यापार संगठन (WTO):**

- विश्व व्यापार संगठन एक अंतर्राष्ट्रीय संस्था है जिसका गठन राष्ट्रों के बीच वैश्विक व्यापार के नियमों को विनियमित करने के लिये किया गया है।
- इसका गठन 15 अप्रैल 1994 को 123 देशों द्वारा टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौते (GATT) के उरुग्वे दौर की वार्ता (1986-94) के बाद हस्ताक्षरित मारकेश समझौते के तहत किया गया था , जिसके परिणामस्वरूप 1995 में विश्व व्यापार संगठन का जन्म हुआ। **अत: कथन 1 सही है।**
- WTO ने GATT का स्थान लिया, जिसने 1948 से विश्व व्यापार को विनियमित किया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- GATT के विपरीत, जो मुख्य रूप से वस्तुओं के व्यापार पर केंद्रित था, **WTO वस्तुओं, सेवाओं और बौद्धिक संपदा के व्यापार को शामिल करता है,** जिसमें सृजन, डिजाइन और आविष्कार शामिल हैं। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

175.

उत्तर: C

व्याख्या:

**सिंधु जल संधि:**

- **यह भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ष 1960 में विश्व बैंक के तत्वावधान** में हस्ताक्षरित एक जल-साझाकरण समझौता है, जिसके तहत सिंधु नदी और इसकी 5 सहायक नदियों (सतलज, ब्यास, रावी, झेलम और चिनाब) के जल को देशों के बीच विभाजित किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- संधि भारत को 3 पूर्वी नदियों (व्यास, रावी, सतलुज) का अप्रतिबंधित उपयोग करने की अनुमति देती है और 3 पश्चिमी नदियों (चिनाब, सिंधु, झेलम) को पाकिस्तान को आवंटित करती है, जिसमें भारत को इन नदियों के जल का उपयोग घरेलू, गैर-उपभोग्य, कृषि और विशिष्ट परिस्थितियों में **पनबिजली उद्देश्यों के लिये करने की कुछ छूट दी गई है। अत: कथन 2 सही है।**
  - इस व्यवस्था के अनुसार, पाकिस्तान को सिंधु नदी प्रणाली से लगभग 80% जल आवंटित किया जाता है, जबकि भारत को लगभग 20% जल मिलता है।
- संधि ने दोनों देशों के प्रतिनिधियों के साथ एक **स्थायी सिंधु आयोग (PIC) की स्थापना को अनिवार्य बना दिया** , जिसे संधि के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिये वार्षिक बैठक करनी होती है। **अत: कथन 3 सही है।**

176.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (UPI):**

- **यह भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) द्वारा** मोबाइल फोन के माध्यम से अंतर-बैंक लेनदेन की सुविधा के लिये विकसित एक त्वरित वास्तविक समय भुगतान प्रणाली है । **अत: कथन 1 सही है।**
- 2023-24 में भारत के डिजिटल लेनदेन में UPI का हिस्सा 70% होगा।
- भारत सरकार भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर यूपीआई और रुपे कार्ड को बढ़ावा दे रही है।
- **भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI)** ने अपने नियमों में संशोधन करके **पूर्ण-KYC प्रीपेड भुगतान उपकरण (PPI) धारकों को** तृतीय-पक्ष UPI ऐप के माध्यम से एकीकृत भुगतान इंटरफ़ेस (UPI) लेनदेन करने की अनुमति दी है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

177.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पोल्ट्री उद्योग:**

- केंद्रीय **प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB)** 5,000 से अधिक पक्षियों वाली पोल्ट्री इकाइयों को प्रदूषणकारी उद्योगों के रूप में वर्गीकृत करता है, जो अनुपालन और नियामक सहमति के अधीन है। **अत: कथन 1 सही है।**
- मध्यम आकार के पोल्ट्री फार्म की स्थापना और संचालन के लिये राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या **जल अधिनियम, 1974** और **वायु अधिनियम, 1981 के तहत समिति से सहमति प्रमाण पत्र आवश्यक है, जिसकी अनुमति 15 वर्षों के लिये दी जाती है।**
- **पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960,** पशु कल्याण के महत्व को मान्यता देते हुए **मुर्गियों सहित** पशुओं को गहन रूप से बंद रखने पर रोक लगाता है । **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- **पोल्ट्री वेंचर कैपिटल फंड (PVCF)** राष्ट्रीय पशुधन मिशन के "उद्यमिता विकास और रोजगार सृजन" (EDEG) कार्यक्रम के तहत पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा एक पहल है। **अत: कथन 3 सही है।**

178.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना:**

- यह निकोबार द्वीप समूह का सबसे दक्षिणी और सबसे बड़ा द्वीप है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पूर्वी भाग में मुख्य रूप से उष्णकटिबंधीय वर्षावन का एक विरल आबाद क्षेत्र है। **अत: कथन 2 सही है।**
- द्वीप पर **इंदिरा प्वाइंट , भारत का सबसे दक्षिणी बिंदु, इंडोनेशियाई द्वीपसमूह के सबसे बड़े द्वीप सुमात्रा के उत्तरी सिरे पर सबंग से 90 समुद्री मील (<170 किमी) की दूरी पर स्थित है । अत: कथन 3 सही है।**


दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME




दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

179.

उत्तर: A

व्याख्या:

भू-इंजीनियरिंग:

- यह वैश्विक तापमान वृद्धि के प्रभावों का मुकाबला करने के लिये **पृथ्वी की जलवायु प्रणाली (विशेष रूप से, सौर विकिरण प्रबंधन) में परिवर्तन लाने** के उद्देश्य से **बड़े पैमाने पर किए जाने वाले हस्तक्षेपों को संदर्भित करता है।**
- इसमें मुख्य रूप से दो दृष्टिकोण शामिल हैं, अर्थात् **सौर विकिरण संशोधन (SRM) और कार्बन डाइऑक्साइड निष्कासन (CDR)।**
  - एसआरएम में सौर किरणों को पृथ्वी से दूर परावर्तित करने के लिये अंतरिक्ष में सामग्री तैनात करना शामिल है। यह विधि, हालाँकि अभी भी वैचारिक है, ज्वालामुखी विस्फोट जैसी प्राकृतिक घटनाओं से प्रेरणा लेती है।
  - **कार्बन डाइऑक्साइड निष्कासन (CDR)** उन प्रक्रियाओं को संदर्भित करता है जो जानबूझकर वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) को हटाते हैं और इसे भूवैज्ञानिक, स्थलीय या महासागरीय जलाशयों या उत्पादों **में दीर्घकालिक रूप से संग्रहीत करते हैं।**
- **अतः विकल्प A सही है।**

180.

उत्तर: B

व्याख्या:

- 24 अप्रैल को मनाया जाने वाला **राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 73 वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1992 का जश्न मनाता है**, जिसने पंचायती राज संस्थाओं को संवैधानिक मान्यता प्रदान की। **अतः कथन I सही है।**
- पंचायती राज मंत्रालय द्वारा विशेष श्रेणी राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार-2025 उन **शीर्ष प्रदर्शन करने वाली पंचायतों को प्रोत्साहित करता है** जो सभी 17 एसडीजी को शामिल करते हुए सतत विकास लक्ष्यों (LSDG) के 9 स्थानीयकरण विषयों के साथ संरेखित होती हैं। **अतः कथन II सही है।**
- **अतः विकल्प B सही है क्योंकि कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं किंतु कथन-II कथन-I का सही व्याख्या *नहीं* है।**

181.

उत्तर: D

व्याख्या:

मूल संरचना सिद्धांत:

- ***केशवानंद भारती मामले***, 1973 में भारतीय न्यायपालिका द्वारा प्रस्तुत मूल संरचना सिद्धांत में कहा गया है कि संसद भारतीय संविधान की कुछ मौलिक विशेषताओं को, अनुच्छेद 368 में संशोधन के माध्यम से भी नहीं बदल सकती है।
- यद्यपि सिद्धांत के विशिष्ट तत्व विकसित हो सकते हैं, सामान्य रूप से मान्यता प्राप्त विशेषताओं में **संविधान की सर्वोच्चता**, कानून का शासन, संविधान की सर्वोच्चता, **संविधान का धर्मनिरपेक्ष चरित्र, संविधान का संघीय चरित्र, कल्याणकारी राज्य (सामाजिक-आर्थिक न्याय),** आदि शामिल हैं।
- यह सिद्धांत मनमाने संवैधानिक संशोधनों के खिलाफ़ सुरक्षा के रूप में कार्य करता है तथा आवश्यक मूल्यों को संरक्षित करता है। यह संविधान के मूल सिद्धांतों को किसी भी संभावित परिवर्तन से बचाकर संविधान की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करता है।
- **अतः विकल्प D सही है।**

182.

उत्तर: B

व्याख्या:

- **टीके संक्रमण की नकल** के अनुरूप कार्य करते हैं जिससे रोग उत्पन्न किये बिना प्रतिरक्षा प्रणाली को एंटीबॉडी उत्पन्न करने हेतु प्रेरित किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **सभी टीके आजीवन प्रतिरक्षा** प्रदान नहीं करते हैं; कुछ (जैसे कि **टेटनस वैक्सीन**) के संदर्भ में **समय-समय पर बूस्टर खुराक** की आवश्यकता होती है जबकि अन्य (जैसे कि **इन्फ्लूएंज़ा वैक्सीन) से प्रतिरक्षा समय** के साथ कम हो सकती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **mRNA टीके** द्वारा वायरस की आनुवंशिक सामग्री के एक छोटे टुकड़े का उपयोग करके कोशिकाओं को एक प्रोटीन उत्पन्न करने का निर्देश दिया जाता है जिससे प्रतिरक्षा प्रणाली सक्रिय होती है। **अतः कथन 3 सही है।**

183.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (CPEC):**

- **CPEC, चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI)** के तहत एक प्रमुख परियोजना है जिसका उद्देश्य चीन और पाकिस्तान के बीच संपर्क बढ़ाना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- चीन द्वारा **वर्ष 2013 में शुरू की गई** बेल्ट **एंड रोड इनिशिएटिव/पहल (BRI)** एक वैश्विक **बुनियादी ढाँचा** और **आर्थिक विकास रणनीति** है जिसका उद्देश्य **एशिया, यूरोप** और **अफ्रीका** में संपर्क और व्यापार को बढ़ावा देना है।
    - बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) के तहत **सिल्क रोड इकोनॉमिक बेल्ट (भूमि मार्ग)** और 21वीं सदी का समुद्री सिल्क रोड (समुद्री मार्ग) शामिल है।
    - BRI का उद्देश्य बुनियादी ढाँचे का निर्माण करना, निवेश को बढ़ावा देना और घनिष्ठ आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देना है लेकिन ऋण निर्भरता पैदा करने एवं चीन के भू-राजनीतिक प्रभाव का विस्तार करने के संदर्भ में इसकी आलोचना भी होती है।
- CPEC लगभग **3,000 किलोमीटर तक विस्तारित** है जिसके तहत **पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ग्वादर पोर्ट को राजमार्गों, रेलवे और पाइपलाइनों** के माध्यम से **चीन के झिंजियांग** से जोड़ा गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
- CPEC परियोजनाओं को **ऋण, निवेश एवं कुछ अनुदानों के मिश्रण के माध्यम से वित्तपोषित** किया जाता है। इसमें चीन की बैंकों से लिये जाने वाले वाणिज्यिक ऋण से **पाकिस्तान पर ऋण बोझ** को बढ़ावा मिला है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

184.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (FATF):**

- FATF की स्थापना **वर्ष 1989** में **पेरिस** में **G7 शिखर सम्मेलन** द्वारा **धन शोधन** अथवा **मनी लॉन्ड्रिंग** के बढ़ते मुद्दों का समाधान करने हेतु की गई थी। **अतः कथन 1 सही है।**
    - **G7 सात** प्रमुख उन्नत अर्थव्यवस्थाओं अर्थात **अमेरिका, ब्रिटेन, फ्राँस, जर्मनी, इटली, कनाडा** और **जापान** का समूह है जो संयुक्त रूप से वैश्विक आर्थिक और नीतिगत मुद्दों पर वार्त्ता और समन्वय स्थापित करते हैं।
- **वर्ष 2001** में हुए **9/11 हमलों** के बाद, **FATF** ने **आतंकवाद वित्तपोषण** की रोकथाम करने हेतु अपने अधिदेश का विस्तार किया। **अतः कथन 2 सही है।**
- FATF का मुख्यालय **पेरिस, फ्राँस** में **आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)** में स्थित है, हालाँकि यह एक प्रथक इकाई है।
- FATF अपने **एँटी-मनी लॉन्ड्रिंग (AML)** और **काउंटर-टेररिस्ट फाइनेंसिंग (CTF)** व्यवस्थाओं में रणनीतिक कमियों के कारण वर्द्धित निगरानी के तहत अधिकार क्षेत्रों के लिये एक **ग्रे सूची** अनुरक्षित करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

185.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- **अप्रैल 1955** में **इंडोनेशिया के बांडुंग** में आयोजित प्रथम **एशिया-अफ्रीका शिखर सम्मेलन** का उद्देश्य **उपनिवेशवाद** और साम्राज्यवाद के खिलाफ **अफ्रीकी और एशियाई देशों के बीच एकजुटता को बढ़ावा देना** था। **अतः कथन 1 सही है।**
- **बांडुंग सम्मेलन** में **29 देशों** ने भाग लिया, जिनमें **भारत, चीन** और **मिस्र** जैसे देश शामिल थे, जहाँ विश्व की आधी से अधिक जनसंख्या का निवास है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- वर्ष 1955 के **बांडुंग सम्मेलन** में **शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व** और **गुटनिरपेक्षता** को बढ़ावा देते हुए **बांडुंग** के **दस सिद्धांतों** को अंगीकार किया गया। **अतः कथन 2 सही है।**
- **बांडुंग सम्मेलन** ने **स्वतंत्रता** और **सहयोग** के लिये आंदोलनों को प्रेरित किया, लेकिन इससे प्रत्यक्ष रूप से **अफ्रीकी संघ का गठन** नहीं हुआ , जिसे बाद में **वर्ष 1963** में **अफ्रीकी एकता संगठन ( OAU )** के रूप में स्थापित किया गया। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

186.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**संयुक्त राष्ट्र चार्टर ( UN चार्टर ):**

- **संयुक्त राष्ट्र चार्टर** पर 26 जून, 1945 को **सैन फ्राँसिस्को** में **अंतर्राष्ट्रीय संगठन पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन** के समापन पर **50 संस्थापक सदस्य राज्यों** द्वारा हस्ताक्षर किये गए थे।
- **चार्टर** के तहत **छह प्रमुख अंग** स्थापित किये गए: **महासभा, सुरक्षा परिषद, आर्थिक और सामाजिक परिषद, ट्रस्टीशिप परिषद, अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय** और **सचिवालय। अतः कथन 1 सही है।**
- चार्टर के **अनुच्छेद 2( 4 )** के अंतर्गत **आत्मरक्षा ( अनुच्छेद 51 )** या **सुरक्षा परिषद** ( न कि **महासभा द्वारा** ) **अधिकृत** किये जाने के अतिरिक्त **बल प्रयोग** को प्रतिबंधित किया गया। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **अनुच्छेद** 4 के तहत, महासभा में **नए सदस्य देशों को शामिल किया जाता है,** लेकिन केवल सुरक्षा परिषद की **अनुशंसा** पर, जिसके पास वीटो शक्ति होती है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

187.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**सिंधु जल संधि ( IWT ):**

- इस संधि पर वर्ष 1960 में हस्ताक्षर किये गए थे, जिसके तहत भारत को **पूर्वी नदियाँ ( रावी, व्यास, सतलुज )** और पाकिस्तान को **पश्चिमी नदियाँ ( सिंधु, झेलम, चिनाब )** सौंपी गईं, साथ ही भारत को पश्चिमी नदियों पर **सीमित गैर-उपभोग्य उपयोग ( जैसे जल विद्युत )** की अनुमति दी गई। **अतः कथन 1 सही है।**
- सिंधु जल संधि भारत को **पश्चिमी नदियों** पर **रन-ऑफ-द-रिवर जलविद्युत परियोजनाएँ विकसित करने** की अनुमति देती है, जिसमें **पाकिस्तान के जल प्रवाह पर न्यूनतम प्रभाव सुनिश्चित करने** के लिये कुछ डिज़ाइन संबंधी प्रतिबंध हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
    - **रन-ऑफ-द-रिवर ( ROR ) जलविद्युत परियोजनाएँ जल विद्युत उत्पादन** का एक प्रकार है, जहाँ नदी के प्राकृतिक प्रवाह और ऊँचाई में गिरावट का उपयोग बहुत कम या बिना जल भंडारण के विद्युत् उत्पन्न करने के लिये किया जाता है।
- **स्थायी सिंधु आयोग ( PIC )** प्रारंभिक विवादों को संभालता है, लेकिन अनसुलझे मुद्दे **अनुच्छेद IX** के तहत **विश्व बैंक द्वारा नियुक्त तटस्थ विशेषज्ञ** या **मध्यस्थता न्यायालय** के समक्ष पहुँच जाते हैं।
- IWT में कोई **निकास खंड नहीं** है, और **संशोधनों के लिये अनुच्छेद XII( 3 ) के अनुसार विधिवत अनुसमर्थित संधि के माध्यम से आपसी सहमति की आवश्यकता** होती है। एकतरफा निलंबन को कानूनी रूप से मान्यता नहीं दी गई है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

188.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**इंडियाAI मिशन:**

- **इंडिया AI मिशन** को 7 मार्च, 2024 को मंजूरी दी गई थी, जिसका बजट **पाँच वर्षों में AI नवाचार** को बढ़ावा देने के लिये 10,371.92 करोड़ रुपए है।
- **इंडियाAI कंप्यूट क्षमता स्तंभ** का उद्देश्य **उन्नत ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट्स ( GPU )** से सुसज्जित एक मज़बूत **AI कंप्यूटिंग बुनियादी ढाँचे** का विकास करना है। **अतः कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 — SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 — SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

- इस मिशन को **डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन (DIC)** के तहत **इंडियाAI इंडिपेंडेंट बिजनेस डिवीजन (IBD)** द्वारा कार्यान्वित किया जाता है, जिसकी देखरेख **इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)** करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यद्यपि सुलभता के लिये **ओपन-सोर्स AI** को प्रोत्साहित किया जाता है, लेकिन **मिशन इसे अनिवार्य नहीं बनाता है,** तथा उपयोग के मामलों के आधार पर **ओपन-सोर्स और स्वामित्व मॉडल दोनों की अनुमति** देता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
- यह मिशन **सार्वजनिक-निजी भागीदारी** को बढ़ावा देता है और इसमें **इंडियाAI एप्लीकेशन डेवलपमेंट इनिशिएटिव** जैसी पहल शामिल हैं, जो **स्वास्थ्य सेवा** और **शासन** जैसे क्षेत्रों में **AI समाधान** के लिये केंद्र और राज्य सरकारों से **समस्या विवरण** प्राप्त करता है।

189.

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

**संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपातकालीन कोष:**

- **यूनिसेफ बच्चों के स्वास्थ्य** और **कल्याण** को बेहतर बनाने के लिये **टीकाकरण, स्वच्छ जल, स्वच्छता** और **पोषण** जैसे कार्यक्रमों को बढ़ावा देता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- **वैश्विक एकजुटता को बढ़ावा देने** और बच्चों को सहायता प्रदान करने के अपने काम के लिये इसे **वर्ष 1965 में नोबेल शांति पुरस्कार** मिला। **अत: कथन 2 सही है।**
- **यूनिसेफ अल्पकालिक आपातकालीन राहत** (जैसे, आपदाओं के दौरान) और **दीर्घकालिक विकास कार्यक्रम,** जैसे **शिक्षा** और **स्वास्थ्य पहल,** दोनों प्रदान करता है।
- यह पूरी तरह से **सरकारों, निजी क्षेत्र के भागीदारों, फाउंडेशनों** और **व्यक्तियों** के **स्वैच्छिक योगदान** पर निर्भर करता है, **संयुक्त राष्ट्र के बजट** से कोई फंडिंग नहीं मिलती। **अत: कथन 3 सही है।**

190.

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF):**

- IMF की स्थापना **वर्ष 1944** में **ब्रेटन वुड्स सम्मेलन** में **मौद्रिक सहयोग** , **विनिमय दर स्थिरता** और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के संतुलित विकास को सुनिश्चित करने के लिये की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- **IMF की सदस्यता** सभी देशों द्वारा प्राप्त की जा सकती है, न कि केवल उच्च आय वाली अर्थव्यवस्थाओं के द्वारा। कई **निम्न और मध्यम आय वाले देश IMF कार्यक्रमों** के सदस्य और प्रमुख लाभार्थी हैं।
- **विशेष आहरण अधिकार (SDR)** IMF द्वारा सदस्य देशों के आधिकारिक आरक्षित निधियों के पूरक के लिये निर्मित एक **अंतर्राष्ट्रीय आरक्षित संपत्ति है। अत: कथन 2 सही है।**

191.

**उत्तर:** B

**व्याख्या:**

**कस्तूरीरंगन समिति (2013):**

- **कस्तूरीरंगन समिति** (2013) ने अनुशंसा की थी कि **छह राज्यों (केरल, कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र, गुजरात और तमिलनाडु)** में विस्तृत **पश्चिमी घाट** के **37% भाग को पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र (ESA)** घोषित किया जाए।
- समिति ने सिफारिश की, **पारिस्थितिकी दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्रों** में अत्यधिक प्रदूषक उद्योगों/लाल उद्योगों पर प्रतिबंध लगाया जाए।
- समिति ने सिफारिश की, **पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील क्षेत्रों** में **खनन, उत्खनन** और **रेत खनन** पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिये।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- **कस्तूरीरंगन समिति** को पश्चिमी घाट में **जैवविविधता संरक्षण और सतत् एवं समावेशी विकास** में संतुलन स्थापित करने का कार्य सौंपा गया था।
- **सुब्रमण्यम समिति** का गठन **अगस्त 2014 में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** द्वारा अंगीकृत मौजूदा **पर्यावरण विधियों** और **प्रक्रियाओं की समीक्षा** के लिये किया गया था।
- **जल संसाधन मंत्रालय** द्वारा गठित **मिहिर शाह समिति** ने **राष्ट्रीय जल आयोग** की स्थापना की सिफारिश की थी।
- **अत: विकल्प B सही है।**

192.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

**AI एक्शन समिट, 2025:**

- **AI एक्शन समिट** एक **वैश्विक मंच** है जिसमें **विश्व के विभिन्न नेता, नीति निर्माता, प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ** और उद्योग प्रतिनिधि **AI विनियमन, नैतिकता** और समाज में इसकी भूमिका पर चर्चा करने हेतु शामिल होते हैं।
- **'लोगों और ग्रह के लिये समावेशी और सतत् कृत्रिम बुद्धिमत्ता'** पर एक संयुक्त वक्तव्य पर अमेरिका और **ब्रिटेन के अतिरिक्त भारत, चीन, यूरोपीय संघ** सहित **58 देशों** ने हस्ताक्षर किये। **अत: कथन 1 सही है।**
- **पेरिस शांति फोरम** में **शिक्षा, स्वास्थ्य** और **जलवायु कार्रवाई** जैसे विषयों पर आधारित **50 "AI फॉर गुड" परियोजनाएँ** प्रदर्शित की गईं।
- **फ्राँस** ने आगामी AI शिखर सम्मेलन की मेजबानी **भारत** द्वारा किये जाने की घोषणा की, जैसा कि शिखर सम्मेलन के परिणामों से पुष्टि हुई।
- **पब्लिक इंटरेस्ट AI प्लेटफॉर्म और इनक्यूबेटर** को **सार्वजनिक-निजी AI प्रयासों** को एक साथ लाने और डेटा, पारदर्शिता और वित्तपोषण में क्षमता निर्माण के माध्यम से एक **विश्वासनीय AI पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने** के लिये लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**

193.

उत्तर: A

**व्याख्या:**

**उभयलिंगी व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019:**

- अधिनियम में **ट्रांसजेंडर व्यक्ति को** ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया है जिसका लिंग जन्म के समय निर्धारित लिंग के अनुरूप नहीं होता है, इसमें 'इंटरसेक्स भिन्नता वाले व्यक्ति' और 'ट्रांसजेंडर व्यक्ति' जैसे शब्दों को स्पष्ट किया गया है ताकि सर्जरी या थेरेपी की परवाह किये बगैर ट्रांस मेल/पुरुष और फीमेल/महिलाओं को इसमें शामिल किया जा सके। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस अधिनियम के अनुसार **सरकार द्वारा वित्तपोषित** या **मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थानों** को बिना किसी भेदभाव के ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिये **समावेशी शिक्षा, खेल** और **मनोरंजक सुविधाएँ** प्रदान करनी होंगी। **अत: कथन 2 सही है।**
- इस अधिनियम के अनुसार **लिंग को पुरुष या महिला** में परिवर्तित करने के लिये संशोधित प्रमाण पत्र हेतु **सर्जरी का प्रमाण** आवश्यक है।
- इस अधिनियम के तहत ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिये सार्वजनिक क्षेत्र में रोज़गार के साथ शिक्षा में आरक्षण का प्रावधान किया गया है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

194.

उत्तर: D

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020:**

- NEP 2020 में उच्च शिक्षा (चिकित्सा और विधिक शिक्षा को छोड़कर) के लिये एकल व्यापक नियामक के रूप में **भारतीय उच्च शिक्षा आयोग (HECI)** की स्थापना का प्रस्ताव किया गया है जो **विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC)** और **अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (AICTE)** जैसी संस्थाओं का स्थान लेगा। **अत: कथन 1 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 — SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 — SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स — SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप — SCAN ME

- **NEP 2020 का लक्ष्य वर्ष 2030** तक स्कूली शिक्षा में **100% सकल नामांकन अनुपात (GER)** हासिल करना है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **NEP 2020 में कक्षा 6** से **व्यावसायिक शिक्षा को एकीकृत करने** पर बल दिया गया है जिसमें **व्यावहारिक शिक्षा** और **इंटर्नशिप** शामिल है ताकि **यह सुनिश्चित किया जा सके कि वर्ष 2025** तक कम से कम **50%** शिक्षार्थियों को **व्यावसायिक कौशल** का अनुभव हो। **अतः कथन 3 सही है।**

195.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** के तहत **केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB)** भारत में **वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI)** जारी करने वाली **नोडल एजेंसी** है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय **AQI में आठ प्रदूषक** शामिल हैं, अर्थात, **PM10, PM2.5, $NO_2$, $SO_2$, CO, $O_3$ (ओज़ोन), $NH_3$ (अमोनिया), और Pb (लेड)। अतः कथन 2 सही है।**
- AQI मुख्य रूप से **प्रदूषित वायु के संपर्क** में आने से होने वाले **अल्पकालिक स्वास्थ्य प्रभावों** (घंटों या दिनों के भीतर) पर ध्यान केंद्रित करता है, **न कि दीर्घकालिक प्रभावों पर। अतः कथन 3 सही नहीं है।**

196.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (PSLV):**

- **PSLV** को मुख्य रूप से **सूर्य-समकालिक ध्रुवीय कक्षाओं** में उपग्रहों को स्थापित करने के लिये डिज़ाइन किया गया है, जो **पृथ्वी अवलोकन उपग्रहों** के लिये आदर्श है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **सूर्य-समकालिक कक्षा (SSO)** एक विशेष प्रकार की **ध्रुवीय कक्षा** है, जिसमें उपग्रह **सूर्य के साथ समन्वय** में रहते हैं, तथा सूर्य के चारों ओर **पृथ्वी की परिक्रमा** के अनुरूप होते हैं।
- **PSLV** के **चार चरण** हैं, **पहले और तीसरे चरण में ठोस प्रणोदन** का उपयोग किया जाता है और **दूसरे और चौथे चरण में द्रव प्रणोदन** का उपयोग किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **PSLV का विकास भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO)** द्वारा किया गया।
- **PSLV-C11** ने **वर्ष 2008** में **भारत के चंद्रयान-1 चंद्र मिशन** को सफलतापूर्वक लॉन्च किया था। **अतः कथन 3 सही है।**

197.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मुद्रा स्फीति:**

- **उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (CPI)** समय के साथ **वस्तुओं और सेवाओं** की एक निश्चित टोकरी के लिये उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान की गई कीमतों में औसत परिवर्तन को मापता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **कोर मुद्रास्फीति** अंतर्निहित मुद्रास्फीति प्रवृत्तियों पर ध्यान केंद्रित करने के लिये **खाद्य और ऊर्जा** की कीमतों जैसी अस्थिर वस्तुओं को बाहर रखती है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- **मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण** में **केंद्रीय बैंक मौद्रिक नीति** को निर्देशित करने के लिये एक **लक्ष्य के रूप में** एक **विशिष्ट मुद्रास्फीति दर** निर्धारित करता है। **अतः कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

198.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**मौद्रिक नीति:**

- भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम, 1934 के तहत गठित MPC में छह सदस्य होते हैं: RBI के तीन (गवर्नर सहित) और केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त तीन बाहरी सदस्य।
- रेपो दर वह ब्याज दर है जिस पर RBI द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों के बदले वाणिज्यिक बैंकों को अल्पावधि ऋण प्रदान किया जाता है।
- **संशोधित RBI अधिनियम,** 1934 के अनुसार **भारतीय रिज़र्व बैंक की मौद्रिक नीति** आर्थिक विकास का समर्थन करते हुए **मूल्य स्थिरता (मुद्रास्फीति को नियंत्रित करना)** पर केंद्रित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **नकद आरक्षित अनुपात (CRR) किसी बैंक की कुल जमाराशि** का वह प्रतिशत है जिसे RBI के पास रखना होता है, **न कि बैंक के पास। अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- ओपन मार्केट ऑपरेशन (OMO) एक महत्त्वपूर्ण उपकरण है जिसके माध्यम से आरबीआई मुद्रा आपूर्ति बढ़ाने या घटाने के लिये **सरकारी प्रतिभूतियों को खरीदता या बेचता है । अतः कथन 3 सही है।**

199.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- **ग्लोबल साउथ** का आशय ऐसे देशों से है जो **गरीबी, असमानता, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव** और **वैश्विक संसाधनों तक सीमित पहुँच** जैसे आम मुद्दों का सामना करते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- **भारत ने स्वयं को ग्लोबल साउथ** के एक प्रमुख अधिवक्ता के रूप में स्थापित किया है तथा **G20, संयुक्त राष्ट्र** और **ब्रिक्स** जैसे मंचों पर **सतत् विकास, जलवायु न्याय** और **समतापूर्ण वैश्विक शासन** जैसे मुद्दों को उठाया है।
- **अफ्रीकी संघ** ( जिसमें **54 अफ्रीकी देश शामिल हैं** ) अपने **महाद्वीप के हितों का प्रतिनिधित्व** करता है जो विकास और शांति की स्थापना जैसी **ग्लोबल साउथ प्राथमिकताओं** के साथ संरेखित हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- कई **ग्लोबल साउथ देशों** को उपनिवेश बनाया गया था, यह शब्द केवल पूर्व उपनिवेशों तक सीमित नहीं है। इसमें **औपनिवेशिक इतिहास** से परे **साझा सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों वाले विविध राष्ट्र शामिल हैं ( उदाहरण के लिये, थाईलैंड** जैसे कुछ गैर-उपनिवेशित देश )। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

200.

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- **अनुच्छेद 155** के अनुसार, राज्यपाल की नियुक्ति **भारत के राष्ट्रपति** द्वारा की जाती है, तथा **अनुच्छेद 156** के अनुसार, राज्यपाल **राष्ट्रपति के प्रसादपर्यंत** पद धारण करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अनुच्छेद 161** के तहत राज्यपाल को राज्य के विधायी क्षेत्राधिकार के अंतर्गत विधियों के विरुद्ध किये गए अपराधों के दंड को **क्षमा, उसका प्रविलंबन, विराम अथवा परिहार करने की शक्ति** है। **अतः कथन 2 सही है।**
- राज्यपाल **अनुच्छेद 174** के तहत **राज्य विधानसभा** को भंग कर सकते है, लेकिन यह संवैधानिक तंत्र के अप्रभावी होने जैसी असाधारण परिस्थितियों के अतिरिक्त स्वतंत्र रूप से नहीं अपितु प्रायः **मंत्रिपरिषद के परामर्श पर किया जाता है। अतः कथन 3 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें
UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME
IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME
IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME
दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

201.

उत्तर: C

व्याख्या:

**संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC):**

- **UNSC में 15 सदस्य हैं: पाँच स्थाई सदस्य** (चीन, फ्राँस, रूस, यूनाइटेड किंगडम, संयुक्त राज्य अमेरिका) जिनके पास **वीटो पावर** है और **दस अस्थाई सदस्यों का दो वर्ष के कार्यकाल** के लिये चयन किया जाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- संयुक्त राष्ट्र चार्टर के **अनुच्छेद 24** के अंतर्गत **अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा** बनाए रखने का प्राथमिक **उत्तरयित्व संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद** का है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **UNSC की अध्यक्षता प्रत्येक माह** इसके **15 सदस्यों के बीच** उनके नामों के **अंग्रेज़ी वर्णानुक्रम** के आधार पर बदलती रहती है। **अतः कथन 3 सही है।**

202.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भारतीय संविधान के **अनुच्छेद 93** के अनुसार , **लोकसभा के उपाध्यक्ष** का चुनाव, सामान्यत: **अध्यक्ष के चुनाव** के बाद, **लोकसभा** द्वारा इसके सदस्यों में से किया जाता है।
- **अनुच्छेद 95(2)** के तहत, उपाध्यक्ष, **अध्यक्ष** की अनुपस्थिति में **लोकसभा** की अध्यक्षता करता है और अध्यक्षता के दौरान **अध्यक्ष की शक्तियों का प्रयोग करता है। अतः कथन 1 सही है।**
- **अनुच्छेद 93 में उपाध्यक्ष के चुनाव** का प्रावधान है। संविधान के अंतर्गत इस **पद पर सदैव किसी सदस्य का नियुक्त होना अनिवार्य नहीं है**। ऐसे कई उदाहरण हैं जब यह **पद लंबे समय तक रिक्त रहा** (जैसे, 17वीं लोकसभा के कुछ हिस्सों के दौरान)।
- उपाध्यक्ष को **लोकसभा में साधारण बहुमत** से पारित प्रस्ताव द्वारा **पद से हटाया** जा सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- **लोकसभा** के सदस्य के रूप में उपाध्यक्ष सभी मामलों पर सदस्य के रूप में मतदान कर सकता है। **हालाँकि, सदन की अध्यक्षता करते समय,** वे अध्यक्ष की तरह ही **केवल बराबर मत होने की स्थिति** में ही मतदान करते हैं। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

203.

उत्तर: C

व्याख्या:

- **संविधान सभा** की स्थापना **वर्ष** 1946 में **कैबिनेट मिशन योजना** के आधार पर की गई थी, जिसने **भारत के संविधान का मसौदा तैयार करने की रूपरेखा** तैयार की थी। **अतः कथन 1 सही है।**
- 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने के बाद, **संविधान सभा ने वर्ष 1952 में प्रथम आम चुनाव** तक **अनंतिम संसद** के रूप में कार्य किया।
- **13 दिसंबर, 1946** को जवाहरलाल नेहरू ने **संविधान सभा** में **संप्रभुता, लोकतंत्र** और न्याय जैसे **संविधान** के मार्गदर्शक सिद्धांतों को निर्धारित करने के लिये **उद्देश्य प्रस्ताव** पेश किया। **अतः कथन 2 सही है।**

204.

उत्तर: A

व्याख्या:

- **ब्रेटन वुड्स प्रणाली** की स्थापना वर्ष 1944 में ब्रेटन वुड्स, न्यू हैम्पशायर में एक सम्मेलन में की गई थी, जिसका उद्देश्य **द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अंतर्राष्ट्रीय मौद्रिक स्थिरता** और **आर्थिक सुधार** को बढ़ावा देना था। **अतः कथन 1 सही है।**
- **अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)** की स्थापना विनिमय दर स्थिरता की निगरानी और वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिये की गई थी, जबकि **विश्व बैंक** की स्थापना **पुनर्निर्माण और विकास** के लिये ऋण प्रदान करने के लिये की गई थी। **अतः कथन 2 सही है।**

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME

- यद्यपि **टैरिफ और व्यापार पर सामान्य समझौते (GATT)** पर लगभग उसी अवधि में बातचीत हुई थी और इसने **ब्रेटन वुड्स ढाँचे के लक्ष्यों** का समर्थन किया था, लेकिन यह आधिकारिक तौर पर **ब्रेटन वुड्स प्रणाली** का हिस्सा नहीं था, जो मुख्य रूप से IMF और विश्व बैंक जैसे मौद्रिक संस्थानों पर केंद्रित था। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

205.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**प्रस्तावना की स्थिति और संशोधनीयता:**

- **बेरुबारी यूनियन मामला, 1960:** बेरुबारी मामले के माध्यम से न्यायालय ने कहा कि 'प्रस्तावना निर्माताओं के दिमाग को खोलने की कुंजी है' लेकिन इसे संविधान का हिस्सा नहीं माना जा सकता। इसलिये यह न्यायालय में प्रवर्तनीय नहीं हो सकती है।
- **केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य मामला, 1973:** इस मामले में पहली बार 13 न्यायाधीशों की पीठ एक रिट याचिका पर सुनवाई करने के लिये बैठी थी। न्यायालय ने कहा कि:
  - संविधान की प्रस्तावना को अब संविधान का हिस्सा माना जाएगा।
  - इसने माना कि प्रस्तावना को **अनुच्छेद 368** के तहत संशोधित किया जा सकता है, इस शर्त के अधीन कि संविधान के 'मूल ढाँचे' में कोई संशोधन नहीं किया जाएगा। **अतः कथन 1 सही है।**
    - परिणामस्वरूप, प्रस्तावना को **42 वें संशोधन अधिनियम, 1976** द्वारा संशोधित किया गया और प्रस्तावना में **'समाजवादी', 'पंथनिरपेक्ष'** और **'अखंडता'** जैसे शब्द जोड़े गए। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
      - 'संप्रभु' और 'लोकतांत्रिक' के बीच 'समाजवादी' और 'पंथनिरपेक्ष' शब्द जोड़ दिये गए।
      - 'राष्ट्र की एकता' को बदलकर 'राष्ट्र की एकता और अखंडता' कर दिया गया।
  - इसके अतिरिक्त, न्यायालय ने कहा कि **प्रस्तावना सर्वोच्च शक्ति या किसी प्रतिबंध या निषेध का स्रोत नहीं है,** लेकिन यह संविधान के कानूनों और प्रावधानों की व्याख्या में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है।
- **एस.आर. बोम्मई बनाम भारत संघ मामला, 1994:** सर्वोच्च न्यायालय ने पुनः कहा कि प्रस्तावना संविधान का अभिन्न अंग है।

दृष्टि आईएएस के अन्य प्रोग्राम से जुड़ें

UPSC प्रिलिम्स सीरीज़ 2025 SCAN ME

IAS प्रिलिम्स सीसैट कोर्स 2025 SCAN ME

IAS करेंट अफेयर्स मॉड्यूल कोर्स SCAN ME

दृष्टि लर्निंग ऐप SCAN ME